२० इग्यारमां व्रत की ढाल ११४
२१ बारमां व्रत की ढाल १२१
२२ ६६ अति चार की ढाल १३८

॥ श्री जयाचार्य्य कृत ॥

२३ पडिमा धारी श्रावक की ढाल ... १४२

॥ गुलाबचन्द कृत ॥

२४ तीन मनोरथ की ३ ढाल १५३
२५ दश विध श्रावक आराधनां की १३ ढाल ... १६२

॥ स्वामी श्री भीखणजी कृत ॥

२६ श्रावक गुणां की ढाल २०४

॥ गुलाबचन्द कृत ॥

२७ जिन आणां धर्म स्तवनम् २०७
२८ जिन मार्ग ओलखना स्तवनम् ... २१०
२९ असंयम जीव तव्य वर्जनीय ढाल ... २१४
३० दया धर्म वर्णन् ढाल २१७
३१ कलश २१९

---

* श्री *

॥ मङ्गला चरणम् ॥

॥ दोहा ॥

प्रणमूं श्रीअरिहन्त नित, द्वादश गुण संयुक्त ॥
दुष्ट कर्म अरू प्रते, हणिया वरवा मुक्ति ॥ १ ॥
कारज सिद्ध सकल करी, थये सिद्ध भगवन्त ॥
अष्ट गुणे युत ते नमूं, पाया सुक्ख अनन्त ॥ २ ॥
आचारज वन्दू सदा, गुण षट्तीस सु आर्य्य ॥
उपदेशक जिन धर्मनां, सारण वारण कार्य्य ॥ ३ ॥
श्रुत ज्ञान द्वादशांग को, पढ़ै पढ़ावे सार ॥
पंचवीस गुणधर सदा, उपाध्याय अणगार ॥ ४ ॥
फुन प्रणमूं सब साधुजन, साधे शिव-मग तेह ॥
सप्त बीस गुण शोभता, पञ्चाचार पालेह ॥ ५ ॥
सुमरूं श्रीभिक्षू गुरू, प्रबल बुद्धि भण्डार ॥
प्रगटे पंचम अरक में, कियो बहोत उपकार ॥ ६ ॥
दया धर्म प्रभुजी कह्यो, आगम मांहि विचार ॥
भिक्षू तास भलीपरें, उलखायो तन्तसार ॥ ७ ॥
तसु अष्टम पट शोभता, कालू गणी गुणगेह ॥
तन मनसे सेयां थकां, पाप विघ्न मेटेह ॥ ८ ॥
विनय मूल जिन धर्म है, तेहनां दोय प्रकार ॥
श्रमण पंच महाव्रत मयी, श्रावक द्वादश धार ॥ ९ ॥

जिन आज्ञा है व्रत मे, अव्रत आज्ञां बार ॥
न्याय दृष्टि करि देखिये, पक्षपात सब टार ॥ १० ॥
तीन गुप्ति पांचूं सुमति, पंच महाव्रत मान ॥
पालै ते प्रभु पंथमें, अन्य घनेरा जान ॥ ११ ॥
संवरनें वलि निर्जरा, एहिज तेरो पंथ ॥
चालै तुज कहि चालमें, श्रावकनें निग्रन्थ ॥ १२ ॥
सरल भाव हृदयें धरी, सांभलिए जिन वान ॥
गुलाब कहै व्रत आदरो, भाख्यो श्रीवर्द्धमान ॥ १३ ॥

श्री

॥ श्री जैन धर्मो जयति ॥

॥ श्रीसुगुरुभ्यो नमः ॥

अथ श्रावक धर्म विचारः

श्रावक धर्म क्या है जिसको प्रायः सब ही सम्यग्दृष्टि जीव जाने हुए हैं। लेकिन बहुत से अज्ञानी जीव भ्रमवश-मदान्ध होके श्रावक के खाने खिलाने आदि संसारी कर्तव्यको भी श्रावक धर्म समझे हुए हैं कहते हैं श्रावक धर्म अलग है और श्रमण धर्म अलग है परन्तु मिथ्यात्व मोहनीय की प्रबलोदय से यह नहीं जानते कि परस्पर खाना खिलाना तो संसारी व्यवहार इन्द्रिय पोषण है, वो "आस्रव है" यदि श्रावक धर्म अलग है तो संसारी कर्तव्य सी या जिनाज्ञासे ऐसा विचारणा अवश्य ही चाहिये, संसारी कर्तव्यमें जिनाज्ञा कदापि नहीं है, जिस कार्य में जिनाज्ञा है वो ही कार्य निरवद्य और धार्मिक है

उसी कर्तव्यसे अशुभ कर्म निर्जरते हैं और पुन्य बन्ध होता है, जिस कार्यमे जिनाज्ञा नहीं है उस कार्य मे एकान्त पाप कर्म का बन्ध है और किंचित् मात्र भी धर्म नही है, तो बुद्धिमान् जन सहजमे समझ सकते हैं कि श्रावक के खाने खिलाने मे जिनाज्ञा नहीं है तो यह श्रावक धर्म नही है, अव्रत है। सम्यग्दर्शन पाके हिन्सा, झूठ, चोरी, मैथुन परिग्रहादि आस्रव द्वारोंमे जितना २ प्रवर्तता है वो श्रावक धर्म नही है "अव्रतास्रव है" और अव्रतास्रव द्वारा पाप कर्मका बन्ध भगवाननें कहा है अव्रतके सेनें सेवानें भले जानने मे पाप है।

श्रीतीर्थंङ्करों नें दोय प्रकारके धर्म प्ररूपे हैं श्रमण धर्म १ श्रमणोपाशक धर्म। श्रमण धर्म तो पञ्च महाव्रत रूप और श्रमणोपाशक धर्म द्वादश व्रत रूप है। साधूके सर्व प्रकारे सावद्य कर्म करनें करानें अनुमोदनें का मन, वचन कायासे त्याग है इस से साधूका शरीर अधिकरण नहीं है उनके किसी प्रकारका पाप कर्म करनें करानें अनुमोदनेंका आगार नही है तब ही सर्व व्रती संजती कहाते हैं।

श्रावक सर्व व्रती नहीं है "देशव्रती है" सावद्य के त्याग हैं वो देशव्रत संवर है, जीवा जीवादि नव तत्वों को यथार्थ समझना शुद्धदेव शुद्धगुरु शुद्धधर्म की परीक्षा करके जिन वचनों की (आस्था) प्रतीति रखके श्रीजिन प्रणीत तत्वोंका शुद्ध श्रद्धान बिना चारित्र नही होता चारित्र के बिना मोक्ष नहीं होता।

अनादि कालसें जीव पाप कर्मोपार्जन करके चतुर्गति संसाररूप अटवीमें परिभ्रमण कर रहा है अपने स्वभाव को भूलके परभावमें लिप्त हो रहा है मोह वश अपणी पवित्र आत्माको भव सागरमें डुबो-रहा है इसका मुख्य कारण "मिथ्यात्व" ही है, मिथ्यात्व से ही जीव ज्ञानावरणीयादि अशुभ कर्मा-ष्टक के पुंजके पुञ्ज संग्रह करके नरक निगोदादि दुःखोंके भोगी होते हैं।

अठारे प्रकार के पाप कर्मोंमें मिथ्यादर्शन सल्यही मुख्य है, इसलिये सद्गुरू का कहना है हे देवानुप्रिय जहांतक बनें वहां तक "सम्यग्दर्शन" पानेका उद्योग ही करना उचित है, मिथ्यामयी निद्रामें सोते हुए बहुत समय व्यतीत हुआ, क्या

अभी तक इस निद्रामें सोते ही रहोगे देखो इस निद्रानें तुम्हारा आत्मगुण दबाया है तुम कैसे हो और अब किस तरह हो रहे हो, यदि अब सुसंग प्राप्तकर भी नहीं जागोगे तो फिर कब जागोगे, यह मनुष्य जन्म आर्यक्षेत्र उत्तमकुल दीर्घायु पूर्णेन्द्री सद्गुरु संयोग पाना महा मुश्किल है ।

सद्गुरु संयोग से ही सब बातें जानी जाती है सम्यग्दर्शन सूर्योदयसे ही मिथ्यामयी महान्धकार दूर होता है, श्रीजिनराज देवनें ज्ञान १ दर्शन २ चारित्र ३ तप ४ ही मुक्ति मार्ग कहे है, इस लिये पूर्वोक्त चातुर्मार्गको साधना करो, अपने आत्महित पथको छोड़कर अपने सरल और विनयी राह को त्यागकर जगत्पूज्य ऋषीमार्गको भूलकर, तुम किस मार्गको भटकते जारहे हो, यह तुम्हारा मार्ग नहीं है, कुमार्गको छोड़कर सुमार्ग में आना ही परमप्रिय और मोक्षदाई है, ज्ञानवृद्ध संजमी प्राचीन ऋषिगण जिस मार्ग चले है और कह गये हैं उसी मार्गपर चलनेसे आत्मशक्ति प्रगट होगी और अनन्त सुखोंके भोगी होंगे, अन्यथा आत्मशक्ति लुप्त होनेका ही

उपाय है, जरा ज्ञान नेत्र खोलके देखो संसार बढ़ने का मार्ग कैसा है।

प्रवृत्ति

संसारी कर्तव्योंकी प्रवृति मार्गको छोड़कर निवृत्ति मार्गका अवलम्बन करो प्रवृत्ति मार्गसे जन्म जरा मरणादि दुःखोंका समूह बढ़ता है यदि तुम सदा सर्वदा अचल अटल रहना चाहते हो तो अपने जिन प्रणीत निवृत्ति मार्गको ग्रहण करो अजरामर होनेका एक यही उपाय है, प्रवृत्ति और निवृत्ति मार्ग क्या है पहले इसको समझो, प्रवृत्ति मार्ग है जिनाज्ञा बाहर संसारी कामों में प्रवर्त्तना, गृहस्थाश्रमी अज्ञानी जीव और हिन्सा धर्मी कुगुरुओं का कहना है, अर्थ बलसे बलवान् होनेकी चेष्टा करो, अर्थ हीन होके किसी विषय मे भी सफलता नही प्राप्त कर सकोगे, वाणिज्य में प्रवृत्त हो, अर्थ संग्रह के लिये. गिरिश्रृङ्ग मरूभूमि समुद्रोल्लङ्घनादि घने जङ्गलों में विना विचारे चले जाओ, चाहे जमीन खोद भूगर्भमें प्रवेश कर रत्न संग्रह करो, समुद्रके भीतर गोता लगाकर मोती निकाल ल्यावो, यही क्यों जिस तरह बनसके जिस तरह अर्थ संग्रह करो,

रुपया बड़ी चीज है किसी प्रकार रुपया तुम्हारे पास होजाय फिर संसार मे तुम्हारे लिये कोई चीज भी दुःप्राप्य नहीं रहेगी, इससे जिसतरह बनें उसी तरह धन धान्यादिक का संग्रह करो, और "निवृत्ति" मार्ग है इनसे [निवर्त्तना] छोड़ना, चतुर्दश-पूर्वधर गणधरोंने ज्यो वचन श्रीजिनेश्वर महाराजसे सुनके शास्त्र रचे हैं उन शास्त्रोंके वाक्य है [धर्मो मंगल मुक्किट्टं अहिंसा संजमो तवो] 'अहिंसा परमो धर्मः और उत्कृष्ट मङ्गलं ऋषिगण बारम्बार कह रहे हैं' अर्थ ही अनर्थ का मूल है, यह बात सदैव ध्यानमें रखना यदि अमर होना चाहो तो निर्लोभ हो, धनको लालसा छोड़ दो, वचन निर्वद्य और सत्य कहो, अदत्त ग्रहणको त्यागो, ब्रह्मचर्य्य धारो, संजमी हो, तपस्वी हो।

अब न्यायाश्रयी और तत्वज्ञ पुरुष विचार सकते हैं प्रवृत्ति और निवृत्ति में कितना फरक है, शुद्ध नीतिसे विचारकर देखो तो साफ साफ मालूम होता है प्रवृत्ति मार्गसे निवृत्ति मार्ग एकदम विरुद्ध है, संसारका रास्ता और धर्मका रास्ता अलग २ है, ज्ञान दर्शन चारित्रादि शिव मार्ग हैं, ज्यो जीव समदृष्टि होगा वह एकाएक कुकर्म करने से डरेगा यथाशक्ति

यम नियम अङ्गीकार करेगा, पापके कामोंमे पाप, और धर्मके काममें धर्म समझना ही सम्यग्दर्शन है, जहां तक सम्यग्दर्शनका बल है, तहां तक नरक निगोद तिर्यंच मनुष्य गतिका आयु बंध नहीं होता, यदि होय तो देवायु हो, यही क्यों देव गतिमे से भी केवल वैमानिक देवायु ही बांध सकता है, कहिये कितना बड़ा महात्म्य सम्यक्तका है, सिर्फ यही नहीं सम्यग्दर्शन पानेसे बहुत से गुण उत्पन्न होते हैं, सम्यग्दर्शनी जीव चारित्र मोहनीय क्षयोपसमानुसार व्रत धारणकर देश व्रती या सर्व व्रती गुणस्थान प्राप्त करते हैं सम्यग्दर्शनीके संवर पदार्थ अकर्त्तापणा जो जीवका खास गुण है वो प्रगट होता है।

मिथ्यात्वी जीव अनेक तरह के कष्ट सहन कर तप जप शील सन्तोषादि सुकार्य्य करता है लेकिन संवर पदार्थ की प्राप्ति उन्हे नहीं होती निर्जरा धर्मी ही है, सूत्रोंमें कहा है बाल अज्ञानीका मास मास क्षमणतप सम्यग्दृष्टि के व्रत पच्चक्खाण के फलके षोड़सांश नहीं आता, सोलवें ही क्या, हजारवें लाखवें करोड़ वें यावत् संख्यात असंख्यातवें भाग भी

नहीं पासकता, सम्यक्त्वी के संवर भी निर्जरा दोनू धर्म है एक वक्त सम्यक्त्व पाजाने से अनन्त संसारीका प्रति ससारी होता है, इस लिये कहना है सम्यक्त्व का पाना ही दुर्लभ है शास्त्रोंमें कहा है, चत्तारि परमङ्गाणि दुल्लहाणीह जंतुणो माणुसत्तं। सुयीसद्धा संजमंमीय वीरियं ॥ १ ॥

अर्थात्—मनुष्य भव १ श्रुत कहिये सिद्धान्त श्रवण २ सत्य श्रद्धान ३ संजममें बल पराक्रम ४ यह च्यार परम अङ्ग जीवको अति दुर्लभ हैं।

तथा कहा है—"सद्धा परम दुल्लहा" याने सुद्ध सरधना महा दुर्लभ है, श्री वीतराग प्रभुने केवल ज्ञान केवल दर्शनसे लोकाऽलोक के भाव देखा, वैसाही कहा है उनके वचन सुनके यथार्थ श्रद्धाकरना और आस्था प्रतीति रखना उसीका नाम सम्यक्त है, सम्यग्दृष्टि के जिन वचन ही अर्थ परमार्थ है, जिन प्रणीत धर्म से उनकी हाड और हाड़ों की मींजी रंगी हुई है वह समदर्शी देवताओं के डिगाए भी नहीं डिग सकते, सम्यग्दर्शन में ही सदा अचल और अटल है, स्वामी भीखनजी ने भी ढालमें कहा है,—"दिढ़ समकित धर थोड़ला" याने दृढ़ सम्यक्त्व धारी बहुत

थोड़े हैं. स्वामी भीखनजी कौन थे कब हुए और कैसी प्ररूपणां करी यदि इन सब बातोंको यथार्थ जानना है, तो भिक्षु चरित्र वाचने से मालूम हो जायगा, स्वामी भीखनजी इस भरत क्षेत्र पंचम कालमें मानूं जिनराज वत् हो गये हैं।

जैसा रागद्वेष रहित निर्मल मार्ग श्रीवीतराग प्रभुका है क्यो श्रमण माहणका आदेश और उपदेश मतइण् मतहणों है, वोही आदेश और उपदेश स्वामी भीखनजी का है, साधू और श्रावक धर्म श्रीवीर-प्रभुने सूत्रोंमें कहा है, वैसाही कथन स्वामीजी का है, लेकिन वहुतसे लोग कहते हैं भीखनजीने दयाधर्म को उठादिया और गुरूसे लड़ झगड़ के अलग हो अपना मजहव अलग जमालिया इत्यादि अनेकानेक बातें मनमाने सो भोले भाले लोगोंको बहकाने के लिये या अपनी उन्नति के लिये कह रहे हैं मगर न्यायवादी पुरुषको जरा सोच विचार लेना परमा-वश्यक है देखो श्रीभगवानने तो कहा है पृथ्वी आदि षट् कायोंके जीवोंको न मारना, न मराना, न अपने शरीरसे किसी प्राणीको कष्ट देना; भय नहीं उप-जाना, वो ही अभय दान है परन्तु एकेन्द्रियको मार-

कर पंचेन्द्रियको साता उपजाने मे धर्म नहीं कहा है असंजतीका जीवितव्य और बाल मरण, वांछणे में एकान्त पाप ही कहा है। धर्माथं हिंसा करने में दोष नहीं यह वचन अन्यतीर्थियों के है श्रीआचाराङ्ग सूत्रमें खुलासा कहा है, ऐसी अनेक बातें स्वामी भीखनजीने कही है—न्यायाश्रयी पुरुष पक्षपात छोड़कर स्वामी कृत ग्रंथ चोपाई बोल थोकड़ा ढाल स्तवन वगैरह पढ़ेंगे तो साफ मालूम हो जायगा कि स्वामी की प्ररूपणा और भगवानकी प्ररूपणामे फरक नहीं है। मोक्षाभिलाषी जीवोंको तवही कहते हैं कि हे प्रियवरों यह मनुष्य जन्म, आर्य क्षेत्र, उत्तम कुल, पाया है तो शुद्ध संजम पालने वाले मुनिराजों से सूत्र सिद्धान्त श्रवण करो, जिन वीर प्रभुको सर्वदर्शी सर्वज्ञ मान रहे हो तो उन्होका कथन जो जिनागम हैं सो सुनो, केवल सुनके ही न रहो सत्य सरधो और यथा शक्ति व्रत धारण करो, अव्रत घटावो, तब इस जीवका भला होगा, भ्रष्टाचारियों की संगतसे पक्ष पातमें पड़के शुद्ध आचार पालने वालोंकि निन्दक मत बनो, शुद्ध पंचमहाव्रत पालने वाले, ४२ दोष टालकर आहार पानीके लेने वाले, पंचेन्द्रीकि विषयों की जीतने वाले जतीलोगोंकि उपासक बनो तब सब

बातें जो सूत्रोंमें कही है मालूम होगी।

देखो अपने पूज्य वा पूर्व ऋषियोंने क्या क्या वाक्य कहे हैं, अहिन्सा सत्य, अदत्ता दानानि वर्जन, ब्रह्मचर्य्य, निर्लोभतादि ही शिव मार्गकी साधना कही है। देखो विजय देव सूरीने क्या आत्महितो-पदेश कहा है।

चेतोरे चेतो प्राणियां, मति राचोरे रमणीरे संगके सेवोरे जिनवाणी ॥ ए आंकड़ी ॥

सुरतरुनीपरें दोहिलोरे, लाधो नर अवतार। अहलो जनम किम हारिये, कांई कीज्योरे मनमांहि विचार के ॥ चेतो रे० ॥ १ ॥ पहली तो समकित सेविये रे, जेछे धरमनो मूल। संजम समकित बाहिरो, जिन भाख्यो रे तुस खंडवा तुल्य के ॥ चेतो रे० ॥ २ ॥ अरिहन्त देव आराधज्यो रे, गुरु गिरवा शुद्ध साध। धर्म जिनेश्वर भाषियो, ए समकितरे सुरतरु समलाध के ॥ चेतोरे० ॥ ३ ॥ तहत करीने शरधज्योरे, जे भाख्यो जगनाथ। पांचोही आस्रव परिहरो, जिममिलियेरे शिव पुरनो साथके ॥ चेतोरे० ॥ ४ ॥ जीव वंछे सर्व जीवणोंरे, मरण न वंछे कोय। आपसमूं कर लेखवो, त्रस थावररे हणज्यो

मत कोयकी ॥ चेतोरे० ॥ ५ ॥ अपजश अकीर्ति बुधा भवेरे, पर भव दुःख अनेक। कूड़ कहतां पामिये, कांई आणोरे, मन माहि विवेक की ॥ चेतोरे० ॥ ६ ॥ चोरीलेवे कोई पर तिणोरे तिणथी लागेछे पाप। तो धन कंचन किम चोरिये तेहथी बाधेरे भव भवमें संताप की चेतोरे० ॥ ७ ॥ महिला संगे टूहव्यारे, नव लख सन्नी उपजन्त अणेक सुखरे कारणे किम कीजेरे हिंसा मतिवन्त की ॥ चेतोरे० ॥ ८ ॥ पुत्र कलत्र घर हाटनीरे, ममता मत कीजो फोक जेह परिग्रह मांहि छै, ते तो छाड़ीरे गया बहुला लोक की ॥ चेतोरे० ॥ ९ ॥ अल्प दिवसनों पाहुणोंरे, सहुको दूख संसार। एक दिन ऊठी जावणों, कुणजाणेरे किणही अवतार की ॥ चेतोरे० ॥ १० ॥ व्याधि जरा ज्यां लग नही रे, तहां लग धर्म संभाल। धारा सजल घन वरसतां, कुण समरथरे बांधेवा पालकी चेतोरे० ॥ ११ ॥ अंजलीनां जल नी परें रे, अण अण छीजे छे आव। जावेते नहिं वाहुडे, जरा वालेरे जोबन में घाव की ॥ चेतोरे० ॥ १२ ॥ मात पिता बन्धव बहुरे, पुत्र कलत्र परिवार। स्वारथ लग सहुको सगा, कोई पर भवरे, नहिं राखण हारकी ॥ चेतोरे० ॥ १३ ॥ क्रोधमान माया तजोरे,

लोभ न करजो लिगार। समता रस भूरी रहा, वली दोहिलोरे मानव भवतारकी ॥ चेतोरे० ॥ १४ ॥ आरम्भ छोड़ी आतमारे, पीवो संजम रस पूर। शिव रमणी वेगावरो, इस भाखेर विजय देव सूरकी ॥ चेतोरे० ॥ १५ ॥ इति ॥

प्रियवरों इस ढालका अर्थ समझो, न्याय दृष्टि से देखो, विशुद्ध बुद्धिसे विचारो, विजय देव सूरीने क्या कहा है, पंचास्रव द्वार सेने सेवाने में एकान्त पाप कहा है, किंचित् भी आस्रव द्वार सेने सेवाने में धर्मका लेश नहीं हैं, सम्यक्त्वका सेवनाही मुख्य कहा है, शुद्धदेव गुरु धर्मकी साधना ही सम्यक्त्व और शिव मार्ग है।

कई लोग कहते हैं जिस प्रतिमा की पूजा जल, चन्दन, पुष्पादि अष्ट द्रव्योंसे करना यह श्रावक धर्म है, द्रोपद राजाकी पुत्री द्रौपदीने पूजा करी है, तथा देवलोकोंमें देवता पूजन करते है, जिसका उत्तर यह है, देवता श्रावक नहीं है देवता तो मिथ्यात्वी व सम्यक्त्वी दोनूही प्रकार के हैं, मिथ्यात्वी है उनमें पहला गुणस्थान है सम्यक्त्वी है, उनमें चतुर्थ गुणस्थान है, लेकिन पञ्चम गुणस्थान जो श्रावक पद

है वह किसी भी देवतामें नहीं है, तो प्रतिमा पूजना श्रावक धर्म कहां रहा 'ग्रामोनास्तितर्हिंसीमां विवादः क्वः ग्राम गांव, नहीं है वहां सीमाकी लड़ाई क्यों ग्राम बिना सीमा नहीं होती, तथा द्रौपदीने प्रतिमा की पूजन करी उस वक्त उसमें सम्यक्त्व थी ऐसा सूत्रमें भी नहीं कहा है और उस वक्त सम्यक्त्वका होना भी संभव नही है क्योंकि द्रौपदीने पूर्व भवमें पांच भरतार वरने का नियाणा किया था ऐसा तीव्र रसका निधान पूर्ण हुए बिना सम्यक्त्व कैसे फरस सकती है, तथा आचार्य गन्धहस्ती ने उघनिर्युक्ति कामें द्रौपदीके एक पुत्र होनेके बाद सम्यक्त्वकी स्पर्शना कही है और स्वयंवरा मण्डपमे आते वक्त द्रौपदीने पूजन करी ऐसा अधिकार श्रीज्ञाता सूत्रमें कहा है तो उस वक्त द्रौपदीके काम भोगकी तीव्राभिलाषा स्पष्ट दीखती है, इसलिये उस वक्त समकित का होना असंभव है। आनन्दादि दश श्रावकोंका वर्णन श्रीवीर प्रभुने उपासक दसा सूत्रमें कहा है, तहां कहीं भी प्रतिमा पूजनेका अधिकार कहा नहीं, श्रावक धर्म द्वादश व्रत रूप है उनका वर्णन विस्तार पूर्वक कहा है, ज्यो व्रत है वो श्रावक धर्म है अव्रत है वह अधर्म है, देवलोकोमें जो

देवता जिन प्रतिमा पूजते हैं। वो उपजते ही राज्याभिषेक समय शस्त्र प्रतिमा पूतली आदि ३२ बत्तीस प्रकार की बातें को पूजन करते हैं उनकी मर्यादा वही है हितकारी सुखकारी विघ्न निवर्तक और फल सहित उनकी इस भवमें पुन्यानुसार पूर्व पश्चात् है, संसारी मंगल है, अगर धार्मिक कार्य हो तो केवल समदृष्टि ही को पूजना चाहिये मिथ्यात्वी तो धर्म अधर्म समझते नहीं लेकिन देवलोक की मर्यादा राज बैठने की वक्त जो है सो सब उनकों करनी पड़ती ही है मिथ्यात्वी हो वा सम्यक्त्वी हो, भव्य हो या अभव्य हो सब ही करते हैं पर द्रव्य पूजा करने में जिनाज्ञा कैसे हो सकती है, जो जिनाज्ञा बहिष्कृत है वो सावद्य है, और सावद्य कार्य से एकान्त पाप कर्म का ही बन्ध है, श्रावक की सामायक पोषह मे सावद्य जोगका त्याग है इसलिये द्रव्य पूजा नही करता, भाव पूजा जो वन्दना जयणा युक्त गुणगाना नमस्कार करना सिद्धान्त सुनना स्वाध्यायादि करना इत्यादि निरवद्य कार्यकी जिनाज्ञा है वे सब कार्य सामायक पोषह मे करता कराता और अनुमोदता है और वैसे ही कार्य से अशुभ कर्म निर्जरता है, तथा सूरियाभदेव जब प्रथम देव

लोकसे अपने परिवार सहित भगवत् श्रीमहावीरस्वामी के पास आया तब भगवन्तसे पूछा मैं आपको वंदना करूं तब प्रभुने कहा यह तुम्हारा पुराना आचार है १ जीत आचार है २ यह तुम्हारा कार्य्य है ३ यह तुम्हे करने योग्य है ५ मेरी आज्ञा है ६ ऐसा कहा और नाटक करने के लिये पूछा तो आदर नहीं दिया मौन रक्खी और मनमें भला नहीं जाना ऐसा खुलासा पाठ श्रीरायप्रसेणी सूत्र में है, तो न्याय बादी और निरपक्षीको विचारना चाहिये कि साक्षात् त्रैलोक्य नाथ भगवन्त श्रीमहावीरस्वामीने अपने मुख आगे ही नाटक करने की आज्ञा नहीं दी और भला भी नहीं जाना तो स्थापना निक्षेपा के आगे नाचना कूदना ताल मंजीरे आदि बजाना तथा एकेन्द्री जीवोंको विनाश करने की आज्ञा कैसे हो सकती है, जब श्रीबीर प्रभुने जिस कार्य्यको अच्छा ही नहीं जाना तो उनके साधू साध्वी श्रावक श्राविका अच्छा कैसे जान सकते हैं सम्यग्दृष्टि जीव जबतक सर्व्वब्रती नहीं हुआ है जब तक संसार मे अनेक कर्तव्य करता है परन्तु धर्म तो वैसे ही कार्य्य में समझेगा जिस कार्य्य में जिनाज्ञा है, जिनाज्ञा बाहर के कार्य्य में सम्यग्दृष्टि तो कदापि धर्म नहीं

समझ सकता। देखो पार्श्वचन्द्र सूरीने क्या कहा है—

ढाल पार्श्वचन्द्र सूरी कृत।

दुलहो नर भव पामणों जीवनें, दुलहो श्रावक कुल अवतारो, गुणवन्त गुरूनों संग छै दोहिलो ते पामीने मत हारो रे प्राणी जीवदया व्रत पालो ॥ १ ॥ आस्रव प्रति पक्ष संवर बोल्यो, तेहनो रहस्य विचारो, आरम्भ आस्रव संजम सम्वर, इमजाणी जीव म मारोरे ॥ प्राणी जी० ॥ २ ॥ जीव सहू ते जीवणूं वन्छै, मरणु न वन्छै कोई आपण दुःख छै जिम छै परने, हिये विमासी जोईरे ॥ प्राणी जी० ॥ ३ ॥ अङ्ग उपाङ्ग शस्त्र धारा अणीसूं, नख चख छेदे कोई, जेहवी वेदना मनुष्यने होवै तेहवी एकेन्द्रीने होईरे ॥ प्राणी जी० ॥ ४ ॥ जो जरा पुरुषनें बलवन्ततरुणो, देवै मुष्टि प्रहारो। जे दुःख वेदै तेहवो एकेन्द्रिने, लीधां हाथ मझारोरे ॥ प्राणी जी० ॥ ५ ॥ समकित बिन गज भव सुमलारी, दया चोखे चित पाली ; प्रति संसार कियो तिण ठामें, मेघ कुँवर हुओ दुखटालीरे ॥ प्राणी जी० ॥ ६ ॥ अभय दान दाना मांहि मोटो, बलेदान सुपात्रें दाख्यो। आगम

सांभलने जिनमत जोवो, सूनदया धर्म भाख्योरे ॥ प्राणी जी० ॥ ७ ॥ लोह शिला ज्यो तिरै महोदधि, कदा पश्चिम ऊगे भानू ॥ सहज अग्नि पण शीतल होवै, तोहो हिंसामें धर्मम जाणूरे ॥ प्राणी जी० ॥८॥ रवि आंथमियां दिवस विमासे, अहिमुख अमृत जोवे ॥ विषखायां बले जीवणूं वाञ्छे तो हिन्सामें धर्म होवैरे ॥ प्राणी जी ॥ ६ ॥ अग्नि सीचीनें कमल बधारै, चोर धोवा नें काटो आणें ॥ ज्यों कुगुरु प्रसंगे मूरख मानव, जीवहणे धर्म जाणें ॥ प्राणी जी० ॥ १० ॥ आगम वेद पुराण कुरान में कह्यो दया धर्म सारो ॥ वलि जिनजीरा वचन सांचा जाणूं तो, छक्काय जीवांनें मत मारोरे ॥ प्राणी जी० ॥ ११ ॥ अर्थ अनर्थ धर्म जाणीनें, जीवहणे मन्द बुद्धि ॥ पिण धर्म काजे छक्कायहणें त्यारी, सरधा घणीके औंधीरे ॥ प्राणी जी० ॥ १२ ॥ सूईरेनांकि सीधड़ोपोवे, ते किम आंधो पैसे ॥ हिंसा मांहि धर्म प्ररूपे, ते सालो साल न वैसैरे ॥ प्राणी जी० ॥ १३ ॥ पिता बिना पुत्र उत्पनो, मा बिन बेटो जायो ॥ यों हिंसामे धर्म प्ररूपे, यो मुनै अचरिज आयोरे ॥ प्राणी जी० ॥१४॥ पार्श्वचन्द्र सूरी-भणे इण परें आणासहित करुणां पाले ते नर दुर्गति ना दुःखटाले ज्ञान कला उजवालेरे प्राणी जी० ॥१५॥ इति

अथ ढाल दूजी चाल तेहीज ।

चैत्य मन्दिर मांहि वृक्ष ज जायो, अनन्त जीवानूं वासो ॥ लोह कुहाड़ी ले आपण छेदे, कांई करो दुर्गति वासोरे मुनिवर हिंसा धर्म कांई भाखो ॥ १ ॥ सांच कहै तो ते नहिं मानै, कूड़ कहै ते कीजे ॥ असत्य भाषीनें होणाचारी, ते गुरु कर आघालीजेरे ॥ मुनि ॥ २ ॥ चारित्र पाली मुक्ति पहुंता, ते मारग नहिं थापो । मूढ़ मती होई जीव विराधो, न्याय- करो एहवो पापोरे ॥ मुनि० ॥ ३ ॥ धर्म उथापो नें हिंसा थापो, छक्काय रा प्राण लुटावो । धर्म तणूं छांटो नहिं मांहि, अहलो जन्म गुमावोरे ॥ मुनि० ॥ ४ ॥ बनमे बावरी बाबर मांडे, लोकामे हुवै पुकारो । भगवन्त आगलि बावर मांड्यो लाखां कोड़ांगो संहारोरे ॥ मुनि० ॥ ५ ॥ उणानें चाम चाहिजे नें मांस खाईजे पेटरे कारण खावै । वै जीव वीराधिनें मन पछतावै दुणाने न्याव न आवैरे ॥ मुनि० ॥ ६ ॥ थे चाम न भीटो मांस न खावो कांई तुम जीव हणावो । थे भगवन्त माथै दूषण दोछो न्याय तुमे दुर्गति जावोरे ॥ मुनि० ॥ ७ ॥ खाजा लाडू सेव सुहाली भर भर थाल्यां लावो वै त्यागी थे भोग लगावो कांई तुमें दुर्गति जावोरे ॥ मुनि०

॥ ८ ॥ कई श्रावक राते अन्न न खावै तुमे देवने कांई चढ़ावो। मारग छोड़ कुमारग चाल्या एकरणीसें दुःखपावोरे ॥ मुनि० ॥ ९ ॥ भगवन्त बचन नीं प्रतीति नहीं छै तिणथी फैन करावो। देव लोक थी तो उरें जाणीजे निश्चै निगोदमें जावोरे ॥ मुनि० ॥ १० ॥ देवरे कारण छकाय हणावो; गुरुरे कारण खावो। धर्मरै कारण हँस हँस लावो थे किणरे नांव छुड़ावोरे ॥ मुनि ॥ ११ ॥ प्रीति पुराणीं थासूँ पहली छूंती तिणसूं थाने चितराऊं। मैं म्हारो मन निर्मल कीधो जिनम ारग गुण गाऊंरे ॥ मुनि० ॥ १२ ॥ भावकरीनें भगवन्त पूजो द्रव्यै दूर करावो। सुखे समाधे मोक्ष पधारो बहुला सुख जिम पावोरे ॥, मुनि० ॥ १३ ॥ साधू तो छक्कायनां पियर थे कहि कहि कांई हणावो। अरज हमारी सांची मानूं फेर चौरासी में नहि आवोरे ॥ मुनि० ॥ १४ ॥ पार्श्वचंद्र कहै चारित्र लेई आरम्भ थी मनटालो। वीर वचन थे सांचा परूपो सूधो संजम पालोरे ॥ मुनिवर हिंसा धरम काई भाखो ॥ १५ ॥ इति।

अब विवेकी जीवों को पक्ष पात रहित होकर विचारना चाहिये कि केवल स्वामी भीखनजीने ही

द्रव्य पूजाको सावद्य नहीं कहा है स्वामी भीखनजीके हुए पहले जो आचार्य और जती हुये उनमें से बहुत लोंने कहा है, देखो महानिशीथ सूत्रके पंचम अध्ययन में कमल प्रभाचार्यने कहा है जिनालय सर्व सावद्य है मुझे आचरणे योग्य और प्ररूपणा योग्य नहीं है तथा श्रीभगवन्त महावीर स्वामी निर्वाण हुए ९८० वर्ष पीछे श्रीदेवर्द्धिगणी सूत्र लिखे उनके ५५ वर्ष पीछे हरिभद्र सूरी स्वर्ग हुए जिन्होंने महानिशीथ सूत्रका उद्धार किया और चैत्यवास खण्डन किया अभय देव सूरीके गुरु जिनेश्वर सूरी तथा बुद्धिसागर सूरी सं० १०८४ में दुर्लभ देवकी सभामें चैत्य-वासियोंसे विवाद कर जय प्राप्त हुये उनके प्रशिष्य जिनवल्लभ सूरीने जिनागमका पक्ष ले ४० काव्यका संघपट्ट ग्रन्थ बनाया उन्होंने चैत्यवासियोंका तथा शिथिलाचारियोंका भेषधारियोंका कैसा खण्डन किया है वो संघपट्ट ग्रन्थ वाचनेसे स्पष्ट मालूम हो सक्ता है जिन प्रतिमा यात्राके लिये संघपट्ट को २१ वीं गाथामें कहा है कि—

काव्य २१ वां संघपट्टक ग्रन्थका ।

आकृष्टं मुग्ध मीनान् बड़िश पिशितव द्विंबमादर्श्य जनं । तन्नाम्नारम्यरूपानपवरकमठान् स्वेष्ट सिद्धै

विधाय ॥ यात्रास्नात्राद्युपायैर्नमसितक निशाजागराद्यै श्छलैश्च । श्रद्धालुर्नाम जैनै श्छलितइव शठै र्वंच्यते हा जनोऽयम् ॥ २१ ॥

भावार्थ ।

अर्थात् जैसे मच्छीगर मच्छी पकड़ते समय लोहेके कांटे पर मांस लगाके मच्छियों को ललचाके जालमें पकड़ते हैं वेसे ही द्रव्य लिंगी भेषधारी स्व स्वार्थके लिये मूर्ख लोगों को जिन विम्ब दिखाके और यात्रा स्नात्रका महाफल वताके श्रद्धालु जैनियों को छल र हेहैं याने मोक्षमार्ग से विमुख कर भवसागर में डवोते हैं ।

जिन वल्लभ सूरी नें मूलकाव्य में ऐसा कहा है उनके पाट श्रीजिनदत्तशूरि दादाजी हुए उन्होंने भी सिथिलाचारी द्रव्य लिङ्गी तथा चेत्य वासियोंका खण्डन किया है उनके पाट जिन पतिशूरि हुए उन्होंने संघपटक ग्रंथ ४४ काव्योंकी टीका करीव तीन हजार श्लोक प्रमाण करी ये सव अधिकार पुस्तक संघ पट्टक छपी हुई के प्रस्तावना में कहा है. तथा अर्थ करने वालोंने अपनी श्रद्धानुसार कई जगहें विपरीत अर्थ किया है परन्तु मूल काव्य २१ वांमे तो जिन वल्लभ शूरीने जो कहा वो ऊपर लिखा ही है, तथा द्वादसांग रूप श्रीजिनवचन गणधर रचित हैं उन्होंमें जगहे जगहें पञ्चमहाव्रतमयी या द्वादसव्रतमयी धर्म कहा है जीव हिंसाका फल महा दुःख दायी ही कहा है प्रथम अङ्ग श्रीआचारङ्ग सूत्रमें देवल या प्रतिमा के लिये पृथ्वी काय हणे उसे मन्द बुद्धी कहा है परन्तु कई आचार्योंने ग्रन्थोंमें मूल सूत्रोसे विपरीतार्थ कर अशुद्ध प्ररूपणा करी तथा सिथिला चारी कर रहे हैं कहते हैं साधूको तो कल्पता नहीं लेकिन श्रावक का धर्म है, जल चन्दन अक्षत पुष्प धूप दीप फल नैवेद्य आदि द्रव्योंसे जिन प्रतिमाको पूजना द्रव्य खर्चकर मन्दिर बनवाना सारङ्ग तबले आदि वजित्रों द्वारा गाना, नृत्य करना, तीर्थं करोकी भक्ती हैं इससे महा

पुन्योपार्जन होता है और मुक्ति मार्ग है, ऐसो प्ररूपना करते हैं परन्तु बुद्धिमान मोक्षाभिलाषियों को निरपक्ष होके विचारना चाहिये तीर्थंकर देव निरारम्भी थे या आरम्भी थे ? सर्वज्ञ पुरुष सावद्य के त्यागी थे या भोगी ? सचित द्रव्यका संघट्टा करते थे या नही, अचित वस्तु भी उनके लिये कोई गृहस्थ किसी वक्त करता तो उसे लेते थे या नहीं ऐसा विचारना तो वाजिब है, यदि वो श्रीवीतराग प्रभु सचित वस्तुका संघट्टा नही करते कराते थे तथा करने में महा दोष समझते थे और अपने शिष्य साधू साध्वियोंको निर्दोष आचार पलाते थे ऐसा ही प्ररूपते थे तो फिर उन्ही पुरुषोंकी ध्यानारूढ़ प्रतिमा बनाके उसे जिन समान समझके जिस जिस वस्तुओं के वो त्यागी थे उन्ही वस्तुओंका स्पर्श कराना और भक्ति समझ उनके आगे चढ़ाना ज्ञान है या अज्ञान ? तथा हिंसा करके धर्म समझना समकित है या मिथ्यात्व ? सावद्य जोग हैं या निरवद्य जोग ? अगर द्रव्यपूजा करना निरवद्य जोग हैं तो साधू मुनिराज क्यों नही करते तथा श्रावक सामायक पोषहमें क्यों नही करते ? लेकिन करें कैसे सावद्य जोग है जिनाज्ञा बाहर हैं, जब करना नहीं तो कराना और करते हुएको अनुमोदने में धर्म कैसे हो सक्ता है जिनवल्लभ शूरिने मूल काव्यमें कहा सो ऊपर कहा ही है, पार्श्वचन्द्र शूरिकृत ढालमें और कमल प्रभाचार्यने महानिशीथ सूत्रमें क्या कहा है अथवा लूंकाजी आदि अनेकोंने द्रव्य पूजामें धर्म नही कहा है, तब कोई ऐसा कहै कि तुम जिस आचार्य और जातियों को मानते ही नही हो तो फिर उनका कथन की साक्षी क्यों देते हो जिसका उत्तर यह है कि जो वचन एकादश अङ्गसे मिलते हुए हैं वोह सब हमको मानने योग्य है और मानते हैं केवल हमें ही क्या सब सम्यग्दृष्टि ही एकादश अङ्गके अनुकूल वचन ज्यो हैं उन्हे सत्य मानते हैं और जो एकादश अङ्गसे प्रतिकूल वचन है वोह असत्य मानते हैं किन्तु सत्य को सत्य समझने से वक्ताकी सर्व वक्तृता सत्य मानना ऐसा कदापि सिद्ध नहीं हो

सक्ता, देखो श्रीभगवती सूत्रमें कहा है सोमल ब्राह्मण भगवत श्रीमहावीर स्वामी को पूछा सरसव भक्ष है या अभक्ष, तब भगवन्तने उस ही के शास्त्रका प्रमाण देके फरमाया है कि सोमल तुम्हारा ब्राह्मण संबन्धी शास्त्र में सरसवके दो भेद कहे हैं मित्रसरसव १ धान्य सरसव २ इत्यादि विस्तार पूर्वक अधिकार है, तो भगवतने ही अन्य मतीके शास्त्रकी साक्षी देके समझाया तो उनके साधू साध्वी श्रावक श्राविका अगर किसी वक्त अन्य शास्त्रकी या आचार्जोंके बनाये हुए ग्रन्थोंको साक्षा देके युक्ति पूर्वक दृष्टान्तों उदाहरण देके उसको दृढ़ प्रत्यक्ष करा देवें तो क्या दोषकी बात है ज्यो सत्य बात है वोह तो सत्य ही रहेगी जी चाहे सो कहो मिथ्यात्वी या सम्यक्त्वी लेकिन सत्य वार्ताको सत्य ही समझी जायगी न्यायवादी उसे शास्त्रानुकूल ही कहेंगे, जिनोक्त शास्त्रोंमें भी जगह जगह अहिंसा धर्म ही कहा है, धर्म हेतु जीवहण्यां दोष नहीं यह वचन तो अनार्य लोगोंका है आचारङ्ग सूत्रमें खुलासा पाठ है, तथा देवल प्रतिमाके लिये पृथ्वी आदि हणे उसे मन्द बुद्धि श्रीदशमां अंगमें कहा है मगर प्रतिमापूजते जीवों की हिंसा का दोष नहीं ऐसा वाक्य गणधर कृत शास्त्रों में कहीं भी नहीं है, इसीलिये जैन धर्मानुरागियोंसे नम्रताके साथ ऊपर कही और कह रहे हैं हे देवानुप्रिया निरपक्षी होके विचारो श्रीजिन आज्ञा वाहरका कर्त्तव्य एकान्त सावद्य ही है उसमें जिन प्रणीत धर्मका लेश न समझो, प्रथमागमें भगवतने यही कहा है मेरी आज्ञा में मेरा धर्म है इसीलिये कहना है धर्माधर्म को यथार्थ समझकर जिन वचनोंकी आस्था प्रतीत रखना उसी का नाम दृढ़ समकित है, समकित धारी जबतक सर्व व्रती नहीं हुआ है तबतक खाना पीना पहरना ओढ़ना स्नान करना कामभोगसेना द्रव्य संग्रह करना मट्टी गोवर दधि दोब अक्षत तथा कुलदेवी देवताओंको पूजना संसारिक मंगल करना विवाह समय या अन्य समय जिन प्रतिमा को पूजना आदि स्व पर अर्थ अनेक जिन आज्ञा

बाहर का कर्त्तव्य करता कराता है लेकिन जिनाज्ञा बहिष्कृत कर्त्तव्य में धर्म कदापि नहीं समझता, क्षायक या क्षयोपशम समकित धारी तो अनेक सावद्य कार्य करता कराता है व्योपार वाणिज्य संग्राम दगाठगा पुत्र पौत्रादि का विवाह और कुलकम करता है परन्तु जिन आज्ञा बाहर का कार्य में धर्म नहीं, वैसे ही देवलोक में देवता जिन प्रतिमादि ३२ प्रकार के थाने पूजते हैं वो उनकी स्वर्ग स्थिती है सब ही को करना होता है अहस्थ लाय से द्रव्य निकालके ल्यावे उसको पूर्व पच्छा थान पूवे पश्चात् हितकारी, सुखकारी, मोक्षदायी और फलदायक शास्त्रों में कहा है, वैसाही प्रतिमा पूजने से जानना चाहिये, क्योंकि दोनू जगह एकसा पाठ है परन्तु जिसके मोहकर्मका प्रबलोदय है उनको शास्त्र शस्त्रवत् परणमें है वो विपरीत अर्थ करके हिंसामें या जिनाज्ञा बाहर धर्म प्ररूपते हैं, और जिन वन्दन समय या चारित्र लेने से पेचा पच्छा है तो समझना चाहिये ए पर भवके लिये हैं; न्यायाश्रयी और जिन आज्ञा में धर्म समझने वाले जिनधर्मी तो जिनाज्ञा बाहर धर्म कदापि नहीं समझ सकते, उनको तो जिन वचन ही अर्थ और परम अर्थ है उनकी जिन प्ररूपित धर्म ही से हाड़ की मींगी रङ्गरत्ता है ऐसे दृढ़ समकित धारी जीव बहुत थोडे हत्ते हैं सोही स्वामी भीखनजीने ढालमें कहा है।

॥ ढाल स्वामी भीखनजी कृत ॥

दृढ़ समकित धर थोड़ला, समकित बिन शिव-दूर। भवियण। भव्यजीवां तुमे सांभलो, पामे बिरला शूर ॥ भवियण ॥ दृढ़ समकित धर थोड़ला ॥ ए आंकड़ी ॥ १ ॥ समकित समकित कर रह्या, मर्म न जाणे कोय ॥ भ० ॥ जिण घट समकित परगमै, ते घट बिरला होय ॥ भ० दृढ़० ॥ २ ॥ तिण घट

समकित रूपियो, उगयो सूरज सार ॥ भ० ॥ जिण घट हुवो चांदणों, दूरगयो अन्धकार ॥ भ० ॥ दृढ़ समकित धर घोड़ला ॥ ३ ॥

भावार्थ ।

कहते हैं कि दृढ़ समकित धारी जीव थोड़े हैं सम्यक्त्व विनां शिव कहिये मोक्ष वहुत दूर है इसलिये भव्यजनों तुम सुनो सम्यक्त्व कोई विरला शूरवीर ही पाते हैं, जगतमें समकित समकित सवही कह रहे हैं लेकिन मर्म नहीं जानते, जिस पुरुष के हृदय में सम्यक्त्व परगमी और जिसके हृदय में सम्यक्त्व परितः सर्वतः रमरह्या है ऐसे कोई विरले हलुकर्मी है, जिनके हृदयमें सम्यक्त्व रूप सूर्योदय हुआ है उनके मिथ्यात्व मयी अन्धकार दूर होके अलौकिक प्रकाश हो रहा है लेकिन ऐसे वहुत थोड़े हैं उदाहरण देके कहते हैं जैसे सुनो—

॥ ढाल ॥

सरसर कमल न नीपजै, बन वन अगर न होय ॥ भ० ॥ घर घर सम्पति न पामीये, जन जन पण्डित न होय ॥ भ० ॥ दृढ़ ॥ ४ ॥ गिरिवर गिरिवर गज नहीं, पोल २ नहीं प्रासाद ॥ भ० ॥ कुसुम कुसुम परिमल नहीं, फल फल मधुर न स्वाद ॥ भ० दृढ़ ॥ ५ ॥ सवहि खान हीरा नहीं चन्दन नहीं सब बाग ॥ भ० ॥ रत्न रासि जिहां तिहां नहीं, मणिधर नहीं सब नाग ॥ भ० ॥ ६ ॥ सबहि पुरुष शूरा नहीं, सगला नहीं ब्रह्म-चार ॥ भ० ॥ नारी नहीं सर्व सु-लक्षणी, बिरला गुण भण्डार

॥ भ० दृढ़० ॥ ७ ॥ सगला गिर सुवरण में नहीं, नहिं कस्तूरी ठामों ठाम ॥ भ० ॥ सबही सीप मोती नहीं, केशर नहीं गामो गाम ॥ भ० दृढ़० ॥ ८ ॥ सबने लब्धि न ऊपजे, सघला मुक्ति न जाय॥ भ० ॥ सघला सिंह न केशरी, साधु किहां २ जमात ॥भ० दृढ़० ॥ ६ ॥ तीर्थंकर चक्रवर्त्तनी, पदवी बड़ी पिछाण ॥ भ० ॥ सघला जीव पामें नहीं, तिम पण समकित जाण ॥ भ० ॥ दृढ़ समकित घर थोड़ला ॥ १० ॥

भावार्थ।

सरोवर द्रह तलावादि सब ही में कमल सहश्रदल तथा सामान्य कमल नहीं होते ॥ १ ॥ सब वनोपवन बगीचोंमें अगर वृक्ष कृष्णागरादि महा सुगन्धी वृक्ष नहीं होते ॥ २ ॥ सब ही गृहस्थों के घरमें सम्पत्ति कहिये ऋद्धि नहीं होती ॥ ३ ॥ सब ही मनुष्य पण्डित याने सत्यासत्य जानने वाले नहीं होते ॥ ४ ॥ सब ही पर्वतों में हाथी नहीं होते ॥ ५ ॥ दरवाजे २ ऊपर महलायत नहीं होती ॥ ६ ॥ सर्व जातिके पुष्प सुगन्धित नहीं होते ॥ ८ ॥ सम्पूर्ण जातिके फल मधुर नहीं होते ॥ ६ ॥ सबही खानोंमें हीरकादि बहु मूल्य उत्तम रत्न नहीं होते ॥ १० ॥ सब वनोंपवनमें चन्दनका वृक्ष नहीं मिलता ॥ ११ ॥ बहुमूल्य रत्नोंकी राशि सर्वत्र नहीं होती ॥ १२ ॥ सर्व सर्प मणिधर नहीं होय ॥ १३ ॥ सब ही पुरुष शूरवीर याने सर्व कुशल नहीं हो सकते ॥ १४ ॥ सब स्त्री पुरुष ब्रह्मचर्य धारी नहीं होते ॥ १५ ॥ सर्व स्त्रियां सुलक्षणी नहीं होती ॥ १६ ॥ सब ही गुणवान नहीं होते गुणी बिरले ही होते हैं ॥ १७ ॥ सर्व पर्वत सुवर्णमय नहीं ॥ १८ ॥ जगह जगह कस्तूरी नहीं होती

॥ १६ ॥ सब ही सीपोंमें मोती नहीं ॥ २० ॥ ग्राम ग्राममें केशर नहीं ॥ २१ ॥ सब ही तपस्वी लब्धि धारक नहीं होते ॥ २२ ॥ सब प्राणी मोक्ष नहीं जाते ॥ २३ ॥ केशरी सिंह सब ही नही होते ॥ २४ ॥ मण्डल और जमातों में सब साधू नहीं होसकते ॥ २५ ॥ तीर्थङ्कर चक्रवर्त्त की पदवी सब जीव नही पासकते ॥ २६ ॥

ऐसे ही सब जीवोंको सम्यक्त्व मयी महा अमोल्य रत्नकी प्राप्ति नहीं हो सकती सम्यक्त्व का पाणा तो महा मुश्किल है।

॥ ढाल ॥

नवोंही पदारथ मांहिलो ऊंधो, सरधे ज्यो एक ॥ भ० ॥ तोहि मिथ्यात्वी मूल गो, भूला भरम अनेक ॥ भ० दृढ़ ॥ ११ ॥

भावार्थ।

जीव चेतनां लक्षण १, अजीव अचेतनां लक्षण २, पुन्य शुभ कर्म ३, पाप अशुभ कर्म ४, आस्त्रव पुण्य पापका कर्त्ता ५, सम्वर अशुभ कर्मोंका रोकता ६, निर्जरा अशुभ कर्म को विखेर कर आत्म प्रदेशों को उज्वल करना ७, बन्ध शुभ अशुभ कर्मका बन्ध ८, मोक्ष शुभाशुभ कर्मोंसे सर्वतः छुटकारा ९, इन नव पदार्थों में ८ को यथार्थ सरधै और १ एक पदार्थको शङ्का सहित सरधै तो भी मिथ्यात्व ही है, अनेक जीव भ्रमसे भूल रहे हैं, मिथ्यात्वी १० पूर्व से किञ्चित् कम तक पढ़ जाते हैं, लेकिन सम्यक्त्व नही स्पर्शते मिथ्यात्वी ही हैं।

॥ ढाल ॥

दशों ही मिथ्यात्व माहिलो, बाकी रहै कदा एक ॥ भ० ॥ तोही गुणठाणों पहलो कह्यो, समझो आण विवेक ॥ भ० दृढ़ ॥ १२ ॥

भावार्थ ।

जीवको अजीव सरधै तो मिथ्यात्व १, अजीवको जीव सरधै तो मिथ्यात्व २, धर्म को अधर्म सरधै तो मिथ्यात्व ३, अधर्म को धर्म सरधै तो मिथ्यात्व ४, साधूको असाधू सरधै तो मिथ्यात्व ५, असाधू को साधू सरधै तो मिथ्यात्व ६, मार्ग को कुमार्ग सरधे तो मिथ्यात्व ७, कुमार्गको को मार्ग सरधै तो मिथ्यात्व ८, मुक्ति को अमुक्ति समझे तो मिथ्यात्व ६, अमुक्ति को मुक्ति सरधे तो मिथ्यात्व १०, यह दश प्रकार के मिथ्यात्व श्रीठाणाङ्ग सूत्रके दशमें ठाणेमें कह हैं, उनमें से नव बोलों को सत्य और एक को असत्य सरधै तो भी प्रथम गुणस्थानो ही है इसलिये हे भव्यजनो विवेक को हृदय में ल्याके समझो ।

॥ ढाल ॥

नवतत्व ओलख्यां विनां, पहरै साधुरो भेष ॥भ०॥ समझ पड़े नहिं तेहनें, भारी हुवै विशेष ॥ भ० हट॰ ॥ १३ ॥ लोधी टेक छोड़े नहीं, कूड़ो करै पखपात ॥ भ० ॥ कुगुरांरा भरमाविया, बहुला बूड़ाजात ॥ भ० हठ० ॥ १४ ॥

भावार्थ ।

नव तत्व को जाने विना कई मनुष्य साधू का वेश पहर कर साधू बनजाते हैं लेकिन उनको साधू के आचार किरा शास्त्र वचनों की समझ नहीं पड़ती सिर्फ भेषधारी द्रव्य साधू हैं रजोहरण चद्दर पात्रादि साधूका भेष अनन्त बार ग्रहण किया और गौतम स्वामी जैसी क्रिया मिथ्यात्व पणेमें करनेसे ग्रैवेक कल्पातीततक अनन्तीवार जीव जा पहुंचा परन्तु कुछ भी मोक्ष फलितार्थ न हुआ ।

मोहवश मिथ्यात्व के रागमें जिस खोटे पक्षको पकड़ लिया फिर उसको न छोडना इस का कारण कुगुरु सेवना ही है जैसे नीति शास्त्रमें भी कहा है यतः ।

मतिर्दोलायते सत्यं सतामपि शतोभिरत्यादिक जो कहा है कि यह १०० सो आदमी जिस बातको कहे उस वक्त सत्पुरुषों की मति याने बुद्धि दोलायमान याने चञ्चल चपल बुद्धि से समुद्र में भ्रमण की तरह भ्रममें पडकर संसार समुद्रमें बहुत डुबती हैं इससे तिरणेका मार्ग केवल शिव मार्ग है सो कहते हैं कि—

॥ ढाल ॥

दान शील तप भावना शिवपुर मारग च्यार ॥ भ० ॥ दान सुपात्र जान्यां बिना नहीं सरै गरज लिगार ॥ भ० दृढ० ॥ १५ ॥

भावार्थ ।

सुपात्र दान १ ब्रह्मचर्य २ उपवासादि तप ३ और निर्मल याने शुद्ध भावना ४ यह चार शिव कहिये मोक्षके मार्ग हैं, इसमें जो पहले सुपात्र दान कहा है, उसको यथार्थ समझे बिना अर्थात् पहले तो सुपात्र का जानना, सुपात्र किसे कहते हैं, कि जो प्राणी मात्र को किसी तरह बाधा न उपजावै, उन हीं सुपात्रों को दान कैसा किस तरह, किस भावसे देना, और देनेसे क्या फल प्राप्ती होती है इत्यादि सब बातोको समझे बिना कुछ भी प्राप्त नहीं होता, इसलिये कहा है—

॥ ढाल ॥

नव तत्व सूधा धारियां, छुटे दर्शों हो मिथ्यात्व ॥ भ० ॥ समकित आवे इणविधे, मानूं सूत्रनी बात ॥ भ० दृढ० ॥ १६ ॥

भावार्थ।

इसलिये कहना है प्रियवरो नवतत्व की शुद्ध याने यथार्थ धारणा होनेसे जो दश प्रकार के मिथ्यात्व हैं उनको त्याग करना, मिथ्यात्व के त्यागेसे ही सम्यग्दर्शनका लाभ होता है ऐसा सूत्रों में कहा है सो वचन मानूं सोही कहा है।

॥ ढाल ॥

देव गुरू मिश्रमानें नही, मिश्र न मानें जिन धर्म ॥ भ० ॥ यां तीनानें जाणौ निर्मला, मिल्यो तिणारो भ्रम ॥ भ० दृढ० ॥ १७ ॥

भावार्थ।

देव १ गरु २ धर्म ३ यह तीनों शुद्ध अर्थात् निर्मल गुण संयुक्त हो, देव श्री अरिहन्त संपूर्ण ज्ञान दर्शन चारित्रादि गुण सहित, गुरू निर्ग्रंथ शुद्ध साधू पंच महाव्रत धारी, धर्म शुद्ध जिनाज्ञामय अहिंसा संजम तपादिक, ये जो तीनों हैं सो सदा सर्वदा निर्मल है, गुण अवगुण सहित मिश्र नहीं है सावद्य निरवद्य मिलके मिश्र नहीं है, कदापि मिश्र नही होसक्ता सो कहा है।

॥ ढाल ॥

समकित आयां नीपजै, साध श्रावक नों धर्म ॥ भ० ॥ शिव रमणी वेगा वरो, टूटै आठोंही कर्म ॥ भ० दृढ० ॥ १८ ॥ समकित विन शुद्ध पालियो, अज्ञान पणों आचार ॥ भ० ॥ नवग्रैवेक ऊंचो गयो नही सरी गरज लिगार ॥ भ० दृढ० ॥ १९ ॥

भावार्थ ।

सम्यक्त्वके पाने से साधू श्रावक का धर्म होता है इसलिये सम्यक्त्व १ चारित्र २ दोनूं धर्म होनेसे मुक्ति मयी जो स्त्री है वो प्राप्त होती है, और अष्ट कर्म क्षय होते हैं सम्यक्त्व विना संजमकी शुद्ध क्रिया पालन कर जीव नवग्रैवेयक स्वर्ग तक गया परन्तु कुछ गरज नहीं सरी, मिथ्यात्वी ही रहा ।

॥ ढाल ॥

पाखंडियारी संगत करै, जिण लोपी जिनवर आण ॥ भ० ॥ समकित जाय शङ्का पड्यां, नन्दन मणियारा जिम जाण ॥ भ० दृढ० ॥ २० ॥

भावार्थ ।

समकित पाके दृढ़ता रखना अति दुर्लभ है वाहर क्रिया पालने वाले वेषधारी द्रव्य लिङ्गी मानूं इस समकित मयी रत्नके लूटेरे हैं, उन पाखंडियों की संगत से सम्यक्त्व रूप अमूल्य ऋद्धिका विनाश होता है पाखण्डियों की संगत करने की आज्ञा नहीं है, जो समदृष्टि पाखंडियों का संग परिचय करता है वह जिनेश्वर की आज्ञा को लोपते हैं उसका परिणाम खराब है जिन वचनो में शङ्का कॅखा उत्पन्न होती है और समकिन पाना दुर्लभ हो जाता है, जैसे नन्दन मणियार पाखंडियो की संगति करके समकित खोयकर तिर्यंच गति पाई उसका अधिकार श्रीज्ञाता सूत्र १३ मा अध्ययनमें विस्तार पूर्वक हैं, इसी अवसर्पणी के चतुर्थ कालमे मगधदेशान्तर्गत राजगृही नाम नगर था। वहा श्रेणिक नाम का महाप्रतापी और न्याय शील नरपति था उस नगर में एक धनाढ्य सेठ नन्दन मणिहार था एकदा उस राजगृही नगरीके निकट ईशान कूणमें गुणशील नामा बाग था वहां भगवन्त श्री महावीर स्वामी पधारे तब नगरीके बहुत लोग वन्दना नमस्कार करने व्याख्यान सुनने गये नन्दन सेठ भी गया

और यथा योग्य जगह देख बैठा भगवन्तकी बानी सुनने लगा भगवन्तने लोकालोकके भाव प्रकाशे संसार को अनित्य और असार कहा साधु श्रावक धर्म बताया तब नन्दन सेठ सुनके अत्यन्त हर्षित हुआ प्रतिबोध पाया और श्रीभगवानसे द्वादश विधि श्रावक धर्म अङ्गीकार किया वन्दना नमस्कार करके अपने घर आया प्रिय धर्मी और दृढ़ धर्मी हुआ सामायक पोषह प्रतिक्रमणादि श्रावक धर्म करता रहा भगवन्त विहार कर जन पद (देशों) में विचरे पीछेमें श्रावक नन्दननें पाखंडी होनाचारियों की संगत से सम्यक्त्व के पर्यवों को हीनकर मिथ्यात्व के पर्यव बढ़ाये जिन वचनों में शङ्का कंखा उत्पन्न हुई एकदा जेष्ठ मासमें तेल उपवास कर पोषधशाला मे पोषध करता था रात्रीके समय धर्म जागरण करते करते अत्यन्त पाणी की पिपासालगी तब विचारने लगा धन्य हे उन पुरुषों को जिन्होंने कुवा बावड़ी तलाव कराये और कराते हैं वोही जीव मनुष्य जन्म सफल कर रहे हैं तो मैं भी प्रात काल सूर्योदय होने से पोषध पार कर राजा श्रेणिक के पास बहुमूल्य भेटणा लेकर जाऊं और राजा की इजातत ले नगर बाहर ईशान कूणमें विवाह गिर पर्वतके पास नन्दापुष्करणी बनाऊं ऐसा विचार कर सूर्योदय होने से पोषह पार बहुमूल्य भेटणा लेकर गया और राजा श्रेणिकसे जमीन की परवानगी ले अपना इच्छा माफिक बड़ाभारी बाग बनाया बागके मध्य भागमें नन्दा पुष्करणी बनाई और उसके चारों तर्फ विशाल मकानात बनाके बहुतलोगोंके आराम केलिये औषधालय १, भोजनालय २ मजनशालालय ३, दान-शाला ४, बनवाके अनेकों को साता उपजाने लगे और अनेक वैद्य पुत्रों को उपस्थित किया लाखों रुपयोंका खर्च लोगोंके आरामकेलिये करता रहा बहुत लोग नन्दन की प्रशंसा करने लगे और कहने लगे मनुष्य जन्म सफल तो नन्दन सेठका है ऐसा सुनके नन्दन भी बहुत राजी होता रहा, एकदा समय नन्दन मणिहार के शरीरमें १६ प्रकारके रोग उत्पन्न हुए. अत्यन्त वेदना से पीड़ित हुआ अनेक वैद्य आये

बहुत औषधियां करी किन्तु रोग न गया मरण समय काल कर अपनी बनाई हुई नन्दा पुष्करणी में मीडकपणे उत्पन्न हुआ मनुष्य जन्म खोके तिर्यंच गति पाई. बगीचे में लोग आवे तब नन्दनकी प्रशंसा करे कहैं मनुष्य जन्म सफल नन्दनने किया है ऐसा लोगोंके मुखसे सुनके मीडक सोचने लगा नन्दन कौन था ये क्या बात है ऐसा विचारने और ईहाया देनेमे मींडक को जाति स्मरण ज्ञान हुआ तब अपना पिछला भव देखा देख कर विचारने लगा अहो इति आश्चर्य कर्मगति विचित्र हैं मैं कौन था और अब कैसा हूं मैं था एक बड़ा-भारी प्रभाविक पुरुष और द्वादश व्रतधारी श्रावक लेकिन पाखण्डियों की संगति में समकित और देशव्रत गमाकर अब मींडक हुआ हूं तो अब द्वादश व्रत अङ्गीकार कर तपस्या करके कर्म काट आत्म कल्याण करूं, ऐसा विचार के व्रत धारण कर तपस्या करने लगा बेले २ पारणां करने लगा अनेक कष्ट सहन कर कालक्षेप करता रहा, एकदा राजगृही नगरीके बाहर गुणशील नामा बागमें श्रमण भगवन्त श्रीमहावीर स्वामी पधारे पर्षदा बन्दने गई उस समय पुष्करणी के नजीक लोगोंसे भगवदागमन की खबर सुनके मीडक अत्यन्त खुश हुआ पुष्करणी से निकल भगवन्त को वन्दनें जाते रास्ते में राजाश्रेणिक के घोड़ेके पैरके नीचे आगया, जब जाने आनेको असमर्थ हुआ तब एकान्त होकर शुभ भावना भाने लगा भगवन्त को नमस्कार कर विचारने लगा हे प्रभो आप सर्वदर्शी हो, मुझे आपका शरण है और मुझे आपकी साक्षीसे यावत् जीवित पर्यंत च्यारों प्रकारके आहार भोगने का त्याग है, ऐसा कहके अपने पाप कर्मोंकी निन्दा करता हुआ च्यारगति चौरासी लक्ष जीवा योनिको खमाता हुआ काल समय मरण पाके प्रथम देवलोक में दर्दुर नामा विमान में ४ पल्यकी स्थिति में उत्पन्न हुआ, देव संबंधी आयुष्य और भवक्षय कर महा विदेह क्षेत्रमें धनाढ्य के घर जन्म ले बाल भाव निवृत कर दीक्षा अवसरसे दीक्षा ले तप कर केवल ज्ञान पाकर सकल कर्मक्षय

कर मुक्ति जावेगा, ये अधिकार विस्तार पूर्वक छट्ठाअङ्ग श्रीज्ञाता सूत्रमें हैं।

अब न्यायाश्रयी और मोक्षाभिलाषी जीवोंको विचार करना चाहिये नन्दन मणिहार की समकित कैसे गई ? सूत्रमें खुलासा पाठ है पाखण्डी हीनाचारियों की संगति से सम्यक्त्व के पर्यायहीन हुए और मिथ्यात्वके पर्याय बढ़े, यदि संसारी जीवोंको साता उपजानें से जिनप्ररूपित धर्म होय तो समकित कैसे जा सकती है और नन्दन तिर्यंचगतिका बन्धन क्यों करता "किन्तु नहीं नहीं कदापि नही" जिन आज्ञा बाहरका कर्तव्य से कदापि धर्म नही होता, आपस में खाना खिलाना साता उपजानादि कार्य संसारी व्यवहार हैं मोक्ष मार्ग नहीं है, श्री सुयगडांग के अध्ययन चौथा उद्देशा में कहा है सातादियां साता होय ऐसी प्ररूपणां वाला आर्य मार्ग से अलग; समाधि से विमुख. जिन धर्मकी निन्दा करण हार, थोड़े सुखके लिए बहुत सुखों का हारने वाला, असत्य पक्षी, अमोक्ष का कारण, और लोह वणिक की तरह बहुत पश्चात्ताप करेगा, तथा कहा है दान की प्रशंसा करना प्राणी जीवों का वध याने प्राण घात को वांछने वाला है और मनां करने से अन्तराय है, इस लिये शुद्ध साधू तो वर्तमान समय होना न कहैं, और जैसा धर्म जिनेश्वर देवोंने कहा हैं उसीका उपदेश और आदेश दे ज्ञान दर्शन चारित्रादि जो मुक्ति मार्ग अध्ययन श्रीउत्तराध्ययन में कहा है वैसा ही कहै तथा जिनाज्ञा बाहर कदापि धर्म नहीं समझे उसही का नाम दृढ़ सम्यक्त्व है।

॥ ढाल ॥

काम देव श्रावक जिसा, श्रावक दृढ़ही बखान ॥भ॥ देव डिगाया नहीं डिग्या, निःशंक रह्या दृढजाण ॥ भ ॥ दृढ ॥ २१ हाडमज्जा रंगी जेहनी, रुचिया प्रवचन सार ॥ भ ॥ अरिहन्त वचन अंगी करै, धन्य

त्यांरो अवतार ॥ भ ॥ दृढ ॥ २२ ॥ ज्ञानदर्शन चारित तप बिना, धर्म न जाणू लिगार ॥ भ ॥ तुम सांभल नर नारियां, मनमे कीज्यो विचार ॥ भ ॥ दृढ ॥ २३ ॥

॥ भावार्थ ॥

कामदेव और अरणिक आदि दश श्रावक भगवन्त श्री महावीर स्वामी के प्रिय धर्मी औ दृढ धर्मी हुए हैं जिनका अधिकार श्री उपासक दशा सूत्र मे है उनको अनेक कष्ट हुए हैं देवताओं ने परीक्षा निमित्त उपसर्ग दे के धर्म छुड़ाने के प्रयत्न किये हैं तथा किसी को स्त्रीने उपसर्ग दिया है परन्तु जो निःस्नेही दृढ धर्मी श्रावक थे वो धर्म से चले नहीं तथा मोह अनुकम्पा नहीं की जिनकी प्रशंसा स्वयं भगवानने की है, और जो बचाने के लिये खडे हुए और देव गुरु समान माता को मारने वाले को पकडने लगे उनका पोषह भंग हुआ ऐसा उपासक दशा में कहा है, इसी लिये कहना है।

हे महानुभावों पक्षपात छोड कर विचारो स्वामी भीखनजी ने कैसा मुक्ति मार्ग कहा है जो जिनेश्वर देव ने कहा वही या और कोई दूसरा? यदि वही कहा है तो हीनाचार्यों के कहने से स्वामी के निन्दक मत बनो, अगर जो अपनी आत्मोन्नति करना चाहते हो तो एक बार स्वामी कृत ग्रन्थ ढाल स्तवन पढ़ो उनका भावार्थ समझो, पंच आस्रव द्वार और अठारह पापस्थानक सेने सेवाने और अनुमोदने में भगवत ने एकान्त पाप ही कहा गया है हिन्सा करनेमे कदापि धर्म नहीं होता, जैसा अपने को कष्ट होय वैसा दूसरे जीवों को भी होता है चलते हिलते ही जीव नही हैं संसार में भगवत ने ६ प्रकारके जीव बताये हैं--पृथ्वी १ पाणी २ अग्नि ३ वायु ४ वनस्पति ५ त्रस ६ जिसमें पृथ्व्यादि पांचो कायों का विनाश कर सिफ त्रस जीवों को साता देने में धर्म कैसे हो सकता है यदि कोई कहै हमारे परिणाम तो साता

देने के हैं वो अच्छे ही हैं तो वह उनकी भूल है अज्ञान है ज्ञानी पुरुष तो छहूं काया को मारने में एकान्त पाप कहा है जीव मारने से पुन्य बंध नही कहा है ऐसा ज्ञान होना चाहिये उक्तं च० "पढमंनाणं तवो दया" याने पहले ज्ञान और पीछे दया कही है, तात्पर्य यह है के पहले जीव अजीव पुन्य पापादि नवों पदार्थों का जानपना चाहिये, जैसा असंख्य प्रदेसी जोव त्रस मे है वैसा हो स्थावर में है जैसे कोई मनुष्य किसी मनुष्य पर तलवार लेकर गला काटते समय विचार करै के मेरा परिणाम तो मारने का नहीं है सिर्फ तलवार की परीक्षा करने का है तो क्या उसको मनुष्य मारने का पाप नहीं लगेगा, वैसे ही कोई कहै हमारे परिणाम तो एकेन्द्री जीवोंको मारने का नहीं है सिर्फ त्रस जिवों को साता देनेका है, तो क्या ज्ञानी पुरुष उसे अच्छा समझ सकते हैं नहीं नहीं कदापि नहीं शास्त्र में तो कहा है "यह नाणीणसारं जै ण हिन्सही किंचिर्" ज्ञान पाने का सार तो यही है ज्यो किंचित मात्र भी किसी जीवों की हिन्सा न करै और न धर्म समझें, जिस कर्त्तव्य में जिन आज्ञा है वोही कर्त्तव्य करने कराने और अनुमोदने में धर्म है बाकी सब संसारी व्यवहार है, धर्म पुन्य नहीं ऐसो ही प्ररूपन स्वामी भीखनजी ने की है।

॥ ढाल स्वामी भीखनजी कृत ॥

॥ दोहा ॥ आज्ञा श्री अरिहन्तनी, निर्वद्य दान मे जाण ॥ सावद्य दानमें स्थापने मूरख मांड़ी ताण ॥ १ ॥ मिश्र धर्म प्ररूपनें, नहीं सूत्र नो न्याय ॥ लोकांने गेरै फन्द मे, कूड़ा जोज लगाय॥ २ ॥ अव्रत आस्रव म कह्यो, श्रीजिन मुख से आप ॥ सेयां सेवायां भलो जाणियां, तीनूं करणां पाप ॥ ३ ॥

व्रत धर्म श्रीजिनकह्यो, अव्रत अधर्म जाण ॥ मिश्र मूल दीसे नहीं, करै अज्ञानी ताण ॥ ४ ॥

भावार्थ ।

प्रिय पाठकों ज्ञान नेत्रों द्वारा देखो श्री अरिहन्त महाराज की आज्ञा निर्वद्य दान में है, सावद्य दानमें आज्ञा नहीं है, और जिहां श्री अरिहन्तों की आज्ञा है वहां ही धर्म है, लेकिन मूर्ख लोक लोकोंसे मिलती प्ररूपना करके सावद्य दान को स्थापते हैं याने सावद्य दान देने दिलाने में जिन प्ररूपित धर्म समझ रहे हैं कहते हैं जीवों की हिन्सा हुई तथा आज्ञा बाहर कार्य किया वो पाप है, और साता उपजाई वोह धर्म है, इस रीत से दोनूं मिलके मिश्र हुआ, इस तरह उपदेश देके भोले लोकों को फन्द में गेरते हैं अनेक द्रष्टान्त देते हैं लेकिन यह नहीं सोचते के दान लेने वाला अव्रती है या सर्व व्रती? यदि अव्रती है और उसे वा लिया हुआ दान भोग नें से अव्रत पुष्ट होगी या व्रत अगर अव्रत सेवा है तो अव्रत सेवाने वाले को धर्म कैसे होगा, श्री जिनराज ने तो अव्रत आस्रव कहा है, अव्रत द्वारा पापका बन्ध कहा है, अव्रत सेयां सेवायां भलो जाणियां एकान्त पाप है, तीर्थंकरों ने व्रत धर्म कहा है और अव्रत को अधर्म कहा है, किन्तु व्रत अव्रत दोनूं मिलके मिश्र नहीं कहा है, जिस को व्रत अव्रत का ज्ञान नही है वो मूर्ख लोक पक्ष में पडके व्यर्थ ताण याने जिद्द करते हैं, देखो भगवान ने अठारह पाप कहा है सो किञ्चित् सेने सेवाने से और भला जाणने में धर्म नहीं हैं ।

॥ ढाल ॥

जिन भाख्या पाप अठार, सेयां नहीं धर्म लिगार, शंकामत आणज्यो ए ॥ सांचो करि जाणज्यो ए ॥ १ ॥ जो थोड़ो घणों करै पाप, तिणथी होय

सन्ताप, मिश्र नहीं जिन कह्यो ए ॥ समदृष्टि सरधियो ए ॥ २ ॥ कोई कहै अज्ञानी एम, श्रावक पोषां नहो केम, भाजन रतनां तणों ए ॥ नफो अति घणों ए ॥ ३ ॥ तिणरो नहीं जाणै न्याय, त्यानें किम आंणौजे ठाय, वेश्रो घालियो ए झगड़ो झालियो ए ॥ ४ ॥ इव सुणज्यो चतुर सुजाण, श्रावक रतनां री खाण, व्रतां करि जाणज्यो ए ॥ उलटो मत ताणज्यो ए ॥ ५ ॥

भावार्थ ।

प्राणातिपात १ (जीवहिन्सा) मृषावाद २ (झूंठ बोलना) अदत्ता दान ३ (चोरी करना) मैथुन ४ (कुशोल सेना) परिग्रह ५ (द्रव्य रखना) क्रोध ६ (क्रोध करना) मान ७ (अभिमान, दर्प करना) माया ८ (कपटाई करना, धूर्त्तता) लोभ ६ (धनकी लालसा इच्छा, राग १० स्नेह करना) द्वेष ११ (परायेका बुरा चिन्तना) कलह १२ (लड़ना, झगड़ना) अभ्याख्यान १३ (झूंठ वार्ता कहना) पिसुन १४ (चुगली करना) पर परिवाद १५ (पराये की निन्दा करना) रति अरति १६ (मनसा माफक वस्तु पै खुश होना और अनिच्छित वस्तु पै नाराज होना) माया मृषावाद १७ (कपट सहित झूंठ बोलना) मिथ्या दर्शन शल्य १८ (मिथ्या शरधना) यह अठारह पाप कहे हैं जिने सेवने से किञ्चित् मात्र धर्म नहीं है यह सत्य जानना चाहिये इसमें जरा भी शंका नहीं रखना इन अठारों पापों में से थोड़ा या वहुत पाप करै वो संताप दायक है यदि थोडा करै थोड़ा दुःख दायक है और वहुत करै वहुत दुःख दायक है, किन्तु यह नहीं हो सकता के वहोत करे वो पाप, और थोड़ा करै वो धर्म, जिनेश्वर ने यह नही कहा अगर थोड़ा पाप करने से

ज्यादा धर्म हो तो थोड़ा पाप कर लेना चाहिये या पाप और धर्म दोनूं मिलकर मिश्र होता है कदापि मिश्र नही ऐसा शरधना सम्यक द्रष्टिके लक्षण है, कई अज्ञानी कहते हैं श्रावक को च्यारूं आहारों से पोषना चाहिये क्योंकि श्रावक व्रतमयी रत्नों की खान है, याने भाजन है उसे खिलाने से बहोत नफा है, श्रावक भोजन करके व्रत पच्चखान करेगा तो जिमाने वालेको भी उसका हिस्सा आवेगा इसलिये श्रावक को खिलाना धर्म है ऐसी कहते हैं, किन्तु यह नहीं विचारते श्रावक आहार किया सो व्रत या अव्रत है यदि अव्रत ऐसा है तो सेवाने वालों को धर्म कैसे होगा, वोह व्रत सेता है सो रत्न है या अव्रत सेता है सो रत्न है। उस के पास व्रत मयी रतन है या अव्रत मयी ऐसा विचारना आवश्यक है अब द्रष्टान्त कहते हैं।

॥ ढाल ॥

कोई रूंख बागमे होय, आम्ब धत्तूरो दोय, फल नहीं सारखा ए॥ कोज्यो पारखा ए ॥ ६ ॥ आम्बा सूं लिव ल्याय, सींचे धत्तूरो आय, आशा मन अति घणी ए॥ आम्ब लेवण तणी ए ॥ ७ ॥ आम्ब गयो कुमलाय, धत्तूरो रह्यो दिढ़ाय, आवी नें जोवे जरें ए ॥ नयणां नीर भरे ए ॥ ८ ॥ इण द्रष्टान्ते जाण, श्रावक व्रत अम्ब समान, अव्रत अलगी रही ए ॥ धत्तूरा सम कही ए ॥ ९ ॥ सेवावे अव्रत कोय, व्रतां स्हामों जोय, ते भूला भरम मे ए ॥ हिन्सा धर्म मे ए ॥ १० ॥ अव्रत से बंधे

कर्म, तिणमें नहीं निश्चै धर्म, तीनूं करण सारखा ए ॥ बिरला पारखी ए ॥ ११ ॥ खाधां बन्धे कर्म, खवायां मिश्र धर्म, ए झूंठ चलावियो ए ॥ मूरख मन भावियो ए ॥ १२ ॥ मिश्र नहीं साख्यात, ते किम सरधीजे बात, अकल नहीं मूढ में ए ॥ पड़िया रूढ में ए ॥ १३ ॥ पोते नहीं बुद्धि प्रकाश, वलि लाग्यो कुगुरां री पाश, निर्णय नहीं करै ए ॥ ते भव सागर परै ए ॥ १४ ॥

भावार्थ।

जैसे किसी बागमें आम्ब और धत्तूरे दोनूं तरह के दरखत हैं किन्तु उनके फल एकसा नहीं हैं, कोई मूर्ख मानव धत्तूरे को आम्ब का दरखत समझ कर पानी देने लगा, और आशा करने लगा ऋतु समय मुझे यह वृक्ष वहोत मिष्ट आम्ब देगा ऐसा खयाल से हमेशा धत्तूरे को पानी आम्ब का वृक्ष समझ कर देता रहा तब आम्ब वृक्ष सूख गया और धत्तूरा प्रफुल्लित हो गया, कितनेक समय बाद धत्तूरा के समीप आके आम्र देखने लगा तो एक भी नही मिला तो अत्यन्त दुःखित होके रोने लगा, इस दृष्टान्त करके बुद्धिमानो को समझना चाहिये आम्ब समान व्रत और धत्तूरा समान अव्रत है, तब व्रतकी आशा से अव्रत सेने सेवाने से व्रत मयी आम्र फल कैसे होगा अव्रत सेवाने से तो अव्रत रूप धत्तूरा फल की प्राप्ती होगी, अव्रत सेने सेवाने में तो अशुभ कर्मका ही बन्ध होगा, श्रावक के त्याग है वो व्रत हैं, जिस सावद्य कार्य का त्याग नहीं हो वो अव्रत है परं दोनूं मिलके मिश्र ऐसा नहीं हो सकता अव्रतका सेना वो प्रथम करण, सेवाना वो दूसरा करण, सेते हुए को अच्छा समझना ए तीसरा करण है, जिस कर्त्तव्य से पापकर्म प्रथम करण से लगता

है तो द्वितीय और तृतीय करणसे धर्म ए कैसे हो सकता है खाने वालो को पाप, और खिलाने वालों को धर्म, ऐसी मिथ्या प्ररूपणें वाला मूर्ख और अजान लोगों को अच्छे लग रहे हैं, उन निर्बुद्धियों को स्वयं तो बुद्धिमयी प्रकाश नहीं, और कुगुरुवों के मिथ्या शरधा मयी जालमे फँसके भव भ्रमण रूप कुआ याने कूपमें पड़ रहे हैं।

॥ ढाल ॥

साधू संगति पाय, सुणो ऐक चित्त लगाय, पक्षपात परिहरे ए, ज्यों खबर बेगी परै ए ॥ १५ ॥ आनन्द आदिदेजाण, श्रावक दशूं बखाण ते पड़िमा आदरी ए, चरचा पाधरी ए ॥ १६ ॥ जे जे किया छै त्याग, आणीमन बैराग, तेकरणी निरमली ए, करीने पूरेरली ए ॥ १७ ॥ बाकी रह्यो आगार, अव्रत में आख्यो आहार, अपणी जाति मे ए, समझो दूण बातमे ए ॥ १८ ॥ अव्रत मे दे दातार, ते किम उतरे भवपार, मार्ग नहीं मोखरो ए, छान्दो दूण लोकरो ए ॥ १९ ॥ दाता अन्न शुद्ध थाय, पात्र अव्रत मे ल्याय, ते किम तारसी ए, किम पार उतारसी ए ॥२०॥ उपासक उवाई अङ्ग, वलि सुयगड़ाङ्ग, सूत्र थी उद्धरी ए, अव्रत अलगी करी ए ॥ २१ ॥ जूनों गूढ मिथ्यात त्यांरे किम बैसे ए बात, कर्म घणा सही ए, समझ पड़े नहीं ए ॥ २२ ॥

भावार्थ।

इसी लिये कहना है निर्लोभी निर्ग्रंथ साधुवोंकी संगति पाके दान का अधिकार पक्षपात को छोड़ कर सुनिये तव सुपात्र और कुपात्र दानका फल मालूम हो जायगा, देखो आनन्दादि दश श्रावक प्रतिमा याने प्रतिज्ञा करी वो धर्म है और जो आगार रख्खो वो अधर्म है, साधूवत गौचरी करके आहार पानी अपनी जाति में से लाके भोगते थे वो अव्रत में हैं, वैराग्य भावसे जो त्याग करते थे वो व्रत सवर था, तो दातार उन्हे अव्रत सेवाता था या व्रत ? यदि अव्रत सेवाता था तो अव्रत सेवाने में धर्म कैसे होवेगा, और वो कार्य उन्हे संसार मयी समुद्र से पार कैसे उतार सकता है, उपासगदसा उवाई सूत्र और सुयगड़ा अङ्गमें व्रत अव्रत का निर्णय खुलासा कहा है लेकिन दीर्घ कर्मी जीव तब भी समझते नहीं हैं।

॥ ढाल ॥

आगम नी दे साख, श्री वीर गया छे भाख, भवियण निर्णय करे ए, भव सायर तिरे ए ॥ २३ ॥ देई सुपात्र दान, न करे मन अभिमान, ते संसार प्रति करे ए, शिवरमणी वरे ए ॥ २४ ॥ दानसूं तिरिया अनन्त, ते भाख गया भगवन्त, ते दान न जाणियो ए, न्याय न छाणियो ए ॥ २५ ॥ साधु सुपात्र सोय, दाता सूझतो होय, असणादिक शुद्ध दियो ए, ते लाभ मोटो लियो ए ॥ २६ ॥ साधु सुपात्र सोय, दाता सूझतो होय, असणादिक शुद्ध नहीं ए, वैरायां नफो नहीं ए ॥ २७ ॥ कोई मिलै मोटा अणगार,

दाता अशुद्ध विचार, असणादिक शुद्ध सही ए, वैरायां नफो नहीं ए ॥ २८ ॥ मिलै कुपात्र कोय, दाता अन्न शुद्ध होय, पड़िलाभ्यां तिरे नही ए, सूत्रमें इम कहीये ॥ २९ ॥ आयुं मन विवेक, तीनामें शुद्ध नही एक, प्रतिलाभ्यां मैं धर्म नहीं ए, श्रीजिन मुखसे कही ए ॥ ३० ॥ दाता अन्न पात्र विचार, तीनूं अशुद्ध निहार, तो धर्म न भाषे जती ए, झूंठ जाणो मती ए ॥३१॥ इति ॥

भावार्थ ।

जिन भाषितागम याने शास्त्रों में जगह जगह श्रीवीरप्रभुने कहा है सुपात्रों को निरदूषण दान देना यही शिव मार्ग है, वाकी लौकिक दान देना मुक्ति मार्ग नहीं है, लज्यादान भयदान, वगैरह दश प्रकारके दानका अधिकार श्रीठाणांग सूत्रमें है, जिसमें अभय दान और धर्म दान यह दोनूं ही संसार समुद्र से तिरणे का उपाय है इन्होंका निर्णय भव्य जीवों को करणा चाहिये, एकेन्द्री को भय और पंचेन्द्री का पोषण करने में कदापि धर्म नहीं हो सकता षट्कायों की विराधना करे वो सुपात्र नहीं है, जीव हिन्सा करे झूंठ बोलै चोरी करै मैथुन सेवै और परिग्रह रक्खे वो तो कुपात्र ही हैं, सुपात्र तो वही है, जो एकेन्द्री आदि सब जीवों को न मारे, झूंठ न बोलै, चोरी न करै मैथुन न सेवै, परिग्रह न रक्खे, ऐसे सुपात्र को ही उचित और निर्दोष दान देने में धर्म है, जैन शास्त्रोंमें ऐसा ही अधिकार है ऐसे दान से ही धर्म है, सुपात्र दान देके अभिमान न करै तब ही प्रति ससार होता है, श्रीविपाक सूत्र में सुबाहु कुमार आदि दश जणोंने शुद्ध साधू निग्रंथ निरलोभी महात्माओं को दान देके प्रति संसार किया है और महा पुन्योपार्जन किया है, यही क्यों सुपात्र दानसे अनन्त जीव

संसार समुद्र से तिरे हैं, पात्र शुद्ध साधू मुनिराज, दातार शुद्ध निर्दूषण देनेवाला, और वित्त शुद्ध अशणादि च्यारू आहार, साधू के निमित्त न किया हुवा तथा सचित्तादिक से अलग, इन तीनोंका योग मिलने से लाभ होता है, इन तीनू में से अगर एक भी अशुद्ध है तो कुछ फायदा नहीं होता न्यायाश्रयी को ज्ञान दृष्टि से देखना परमावश्यक है, जो समदृष्टि जिन आज्ञा बाहर धर्म नही समझते वो कभी जिन आज्ञा बाहर के दान में कदापि धम नहीं समझ सकते ।

महानुभावों ! क्रोधादि च्यारू कषायों का अनुदय समय पक्षपात रहित होके खयाल करो हिन्सादि पंच आस्रव द्वार सेने सेवाने और अच्छा समझ ने में जिन प्रणीत धर्मका तो लेश मात्रभी नहीं है, हीनाचारी और निन्दकों के कहने से शुद्ध संयम पालनेवाले संयतियों की निन्दा मत करो, सब जीवों से मैत्री भाव रखना ही परम धर्म है क्रोध करना, लड़ना, झगड़ना, असत्य आल देना और धर्मात्माओं से ईर्षा आदि कार्यों से तो महापाप कर्म का बन्ध होता है. क्षमा शील संतोषादि ही करना धर्म कार्य है, अपने से व्रत न पले और पालने वालों से द्वेष रखे भगवत ने श्रीआचाराग सूत्र में द्विगुणा मूर्ख कहा है, इसलिये नम्रता पूर्वक ऊपर कहा और कहते हैं अगर तुम्हे इस संसार समुद्र से तैरना हैं जो अनादि कालसे जीव अष्ट कर्म वर्गणा से लिप्त है उनसे अलग होके स्वसत्ता प्रगट करनी है तो ईर्षा और द्वेष को छोड़ कर एकबार स्वामी भीखनजी कृत ग्रन्थ पढ़ो, जिस वीर प्रभु को भगवन्त सर्वज्ञ मान रहे हो और उनके वचनों की पूर्ण आस्था है तो उन के वचन जो अङ्ग उपाङ्ग सूत्र है वो शुद्ध साधुवों के पास सुनो, टीका कारों ने या चूर्णा कारों ने टवा करने वालों ने जो अर्थ सूत्रसे मिलते किये हैं उन्हे सत्य समझो परन्तु किसी जगह सूत्र विपरीतार्थ किया है उन ही अर्थ को सत्य समझकर हीणाचारकी पुष्टी मत करो, जैन मजहब का सारान्श जिन आज्ञा

धर्म है, जिहा जिन आज्ञा नही वहां निश्चय अधर्म है, उस कर्त्तव्य से एकान्त पाप कर्म का ही बन्ध है, सूत्रों में जगह जगह दोय धर्म कहे हैं श्रमण धर्म और श्रमणोंपासक धर्म, श्रमण धर्म तो पंच महाव्रत मयो, श्रमणो पासक धर्म द्वादश व्रतमयी किन्तु ऐसा कही भी नहीं कहा के श्रमण धम तो पंचमहाव्रत मयी है और श्रमणो पासक धर्म व्रत अव्रत मयो है, जैसा श्रमणोपासक धर्म द्वादश व्रत रूप जिनेश्वर ने कहा है वैसा ही श्रमणोपासक धर्म श्री भिक्षु स्वामी ने कहा इसलिये कहना है यथा शक्ति द्वादशव्रतों को आराधना निर्दूषणपणें करो, और श्रमण धर्म की आराधना करने की इच्छा रक्खो तब श्रावक कहलावोगे केवल नाम मात्र श्रावक कहलाणे से और हिंसा में धर्म समझने से श्रावक पद जो पंचम गुणस्थान हैं उसकी प्राप्ती कभी नहीं होगी।

आपका हितेच्छू और गुणवानोंका दास।

श्रावक जौहरी गुलाबचन्द लूणियां

जयपुर

॥ अथ द्वादशविध श्रावक धर्मः ॥

स्वामी श्रीभीखनजी कृत

द्वादश व्रतों को ढालें।

॥ दोहा ॥

पांच अणुव्रत परिवड़ा, तीन गुणव्रत सार ॥
शिखा व्रत च्यारौं चतुर, तेहनूं करो विचार ॥ १ ॥
पहिला में हिन्सातजे, दूजे झूठ परिहार ॥ तीजे

अदत्त चौथे मिथुन, पंचमें तजै धन सार ॥ २ ॥
पहिलो गुण व्रत दिशितणूं, दूजै भोग पचखाण,
तीजै अनरथ परिहरै ॥ ए तीन गुण व्रत जाण ॥३॥
सामायक पहिलो सिखा, दूजो संवर जाण ॥ तीजो
पोषध कहिजिये, चौथो साधुने दान ॥ ४ ॥ यां
बारह वरतांतणो, कहियै छै विस्तार ॥ भाव धरी
भवियण सुणो, मन में, आंण बिचार ॥ ५ ॥

भावार्थ।

श्रावक के बारह व्रत है, जिनमें पांच अणुव्रत, तीन गुण व्रत, च्यार शिक्षा व्रत हैं, यह पांच अणुव्रत याने सूक्ष्म व्रत है जिस जिस भांगे से त्याग करै वो आगार सहित है, इसलिये अणुव्रत, तात्पर्य देशतः श्रावक के, और साधू के सर्वतः याने आगार रहित है इससे पंच महाव्रत कहे हैं, मन वचन काया के तीनयोग और करणां कराणां और अनुमोदना ए तीन करण है, इनके परस्पर भांगे बनाने से ४६ भांगे होते हैं, जिसमें जैसे जैसे भांगै त्याग करै वह देशव्रत है आगार रक्खै वह अव्रत हैं, इस्में अणुक्त कहतां छोटे व्रत हैं, वोह पांच प्रकार के हैं अहिंसा १, अमिथ्या २, अदत्त ग्रहणनिवर्तन ३, ब्रह्मचर्य ४, अपरिग्रह ५, यह पांच अणुव्रत कहे हैं,,।

दिशिमर्यादा १, भोग उपभोग परिहार २, अनर्थदण्ड निवृत्ती ३, ए तीनूं पंच अणुव्रतों को गुणदायक है इसी व्रत्त कहे है।

सामायक १, कालमर्यादा सहित पंचास्रवत्याग सो संवर हैं २, पोषध अहोरात्रिप्रमाण पचःस्रवकेत्याग ३, और चौथा अतिथि संविभागव्रत ४ वो शुद्धसाधू निर्ग्रंथको शुद्धदान १४ प्रकार का देनेसे होता है।

यह च्यार शिक्षाव्रत है सर्व मिलके १२ द्वादशव्रत हैं इनका विस्तार पूर्वक वर्णन बुद्धिवानजन विचारैं ।

॥ ढाल ॥

जिन भाष्या पाप अठार ॥ एचाल में ॥ श्रावक नां व्रत बार, पालै निर अतीचार, तेह दुरगति नहीं पड़ै ए, भवसायर तरै ए ॥ १ ॥

भावार्थ ।

उपरोक्त यह जो श्रावक के द्वादश व्रत हैं उनको अतीचार रहित पालने वाला जीव दुर्गति मे नही जाता और सायर अर्थात् संसार रूप समुद्र से तिरता है।

॥ ढाल ॥

पहिलो व्रत इम जाण, तिणमें हिंसा ना पच-खाण, हिंसा त्रस तणी ए, बीजी थावर भणी ए ॥ २ ॥

भावार्थ ।

सद्गुरू कहते हैं समदृष्टि जीवो! श्रावक का प्रथम व्रत यह है के हिन्सा करने का त्याग करै। वोह हिन्सा दोय प्रकार की है एक तो त्रस हिंसा, दूसरी स्थावर हिंसा, त्रस हिंसा च्यार प्रकार की है बेंद्री की १, तेइंद्री २, चउ इंद्री ३, पंचेंद्री ४, जीवोंको त्रिकरण, और तीन जोग से नाश करणा, और स्थावर हिंसा पांच प्रकार की पृथ्वी १ पाणी २ वायु ३ अग्नि ४ और वनस्पती ५ यह पांच प्रकार के जीवोंको त्रिकरण और ३ योग से प्राणनाश करणा, उपरोक्त दोनू प्रकारकी हिसाका जितनां जितनां त्याग करै वो प्रथम श्रावक व्रत है तब गृहस्थ बोला .—

॥ ढाल ॥

वसतां गृहस्थावास, हिंसा हुवै तास, आरम्भ बिन करैए, पेट किम भरै ए ॥ ३ ॥

भावार्थ।

मैं गृहस्थाश्रम मे रहता हूं हिन्सा हो रही है आरंभ विना उदर-पूरना किस तरह होय इसलिये—

॥ ढाल ॥

करूं त्रसतणा पचखाण, स्थावरनों परिमाण भेद त्रसतणाए, ज्ञानी कह्या घणा ए ॥ ४ ॥

भावार्थ।

त्रसजीवों को मारने का त्याग और स्थावर के प्रमाण उपरान्तका मारणेका त्याग करू किन्तु हे गुरु त्रस हिंसा के भी अनेक भेद ज्ञानी देवोंने कहे हैं एक अपराधीकी, दूसरी निर अपराधी की।

॥ ढाल ॥

कोई मूंनें घालै घात, म्हारो अपराधी साचात, खमता दोहिलोए, नहिं मूंने सोहिलो ए ॥ ५ ॥
सांतो दे ने लेजाय, अथवा लूटै आय, खून करै जरां ए, मूंस नहिं तरांए ॥ ६ ॥

भावार्थ।

सर्वथा प्रकार त्रस हिंसाका भी मुझ से त्याग होना मुश्किल है क्योंके कोई जीव मुझको मारनेको आया व मेरा अपराध किया वो मेरे से नही खमा जाता, क्षमना भी सहज नही है, अथवा मेरे पास द्रव्य है उसको कोई चोर मकान फोड़कर ले जाना चाहे या लूटना चाहे वा खून करे तो उसे मारने का मेरे त्याग नही कारण ऐसी दृढता नहीं।

॥ ढाल ॥

बिन अपराधी होय, तिणरी हिन्सा दोय, मारै जाणतां ए, वले अजाणतां ए ॥ ७ ॥

भावार्थ ।

निर अपराधी जीवकी हिन्सा भी दोय प्रकार की है एक तो जाण के दूसरी अणजाणते यदि अजाणके आगार रखके जाणते त्रस हिन्सा का योग करूं तोभी निर्वाह होना कठिन है।

॥ ढाल ॥

म्हारै धान जोखणरो काम, गाड़ी चढ़ जावूं गाम, खेती हल खड़ूं ए, सूड़ निनाण करूं ए ॥८॥ तिहां बहु जीव हणाय, किम पालूं मुनिराय, नहीं समझे इसो ए, गृहवासैं बस्यो ए ॥ ९ ॥ आकूटीने स्वाम, जीवमारणरो काम, व्रतछे जाणतां ए, नहीं अजाणतां ए ॥ १० ॥

मेरे धान कहता अनाज जोखण याने वजन करने का काम भी है उसमें ईली घुण आदि बहुत त्रस जीवोंकी हिन्सा हैं अथवा गाड़ी प्रमुख सवारी में बैठके देशान्तर व ग्रामान्तर जाना होता है तब भी त्रसहिंसा बहुतसी होती हैं और खेती के वखत हल चलाते वा सूड निनाणी अर्थात् धान्य सिवाय इतरघास प्रमुख को खोदने में कीड़ादि त्रस जीवोंकी हिन्साके होने का ठिकाना है इस वास्ते अजाण हिंसाका भी त्याग होना कठिन है क्योंके गृहवास में वसता हूं, चलाके मारने की इच्छा से भी अर्थात् निरअपराधी त्रस जीवोंके मारनेका त्याग करता हूं वो भी अजाण के नही है क्योंके ।

॥ ढाल ॥

म्हारे इसड़ी ईर्या नाहिं, चालूं अन्धारा मांहि
वस्तु ओऊं पूजूं नहीं ए, लेऊं मूकूं सही ए ॥११॥

भावार्थ ।

मैं ऐसा ईर्यासुमतिवान् नहीं हूं के अंधेरे में चलूं जिस समय देख देखके चलूं अथवा पूञ्ज पूञ्ज के वस्तुमात्र को मेलू उठाऊं तथा देते लेत वख्त वस्तु जिसको प्रति लेखना करूं ।

॥ ढाल ॥

थाप लाठीरा नेम, मोसूं चालै केम, चउपद हांकणा ए दो पद हटकणा ए ॥ १२ ॥ क्रमकरतां जीव मराय, जीव काया जुदा थाय, इणआ बुद्धि नहिंकरी ए, विणबुद्धे मरी ए ॥ १३ ॥

भावार्थ ।

थाप कहिये चाटा और लाटी यानें लकड़ी डंडा प्रमुखसे त्रसजीव को न मारणेका व्रत भी मुझ से नहीं निभ सकता कारण चतुष्पद ज्यांनवरों को हांकना वा द्विपद दास दासी प्रमुख पुत्र पौत्रादि कुटूम्बको शिक्षा का काम पड़े तो मारणे पीटने में हिंसा कदाचि हो जाय इसलिये नहीं निभ सकता तो अब ।

॥ ढाल ॥

इणवा बुद्धें होय, जीव न मारूं कोय, सउपयोग करीए, ऐसो विगत धरीए ॥१४॥ हिंसानां पचखाण, में कीधा परिमाण, जावज्जीव करीए, करण जोग धरीए ॥ १५ ॥

भावार्थ ।

मारने की बुद्धि करके निरअपराधि त्रसजीवको उपयोग सहित मारने का त्याग जावज्जीव पर्यन्त करता हूं वो तीन करण तीन जोग से ४९ भांग होते हैं जिस में जैसे २ भांगे से त्याग किया वो प्रथम अणुव्रत है, और जिस जिस भांगेका त्याग नही किया वहअव्रतास्त्रव है,

॥ ढाल ॥

धन्य जे ले वैराग, ज्यारे सर्व हिन्साराा त्याग, त्रस थावरतणीए, अनुकम्पा घणीए ॥ १६ ॥ हूं गृहस्थ मुनिराज, म्हांरे आरम्भसुं काज, अव्रत बहु घणीए त्रसथावरतणीए ॥ १७ ॥ धनधन साधु मुनिराय ते सुमति सुमतें थाय, जीवे जिहां भणीए, नही चूके अणीए ॥ १८ ॥

भावार्थ ।

धन्य है उन पुरुषों को जिनके ३ करण ३ जोग से हिंसा करने का त्याग है, त्रस और थावर जीवों की दया हैं, किसी जीव मात्र की विराधना नही करते हैं, उन महा ऋषियों का जन्म सफल है, हे मुनि-राज मैं गृस्थाश्रम में वसता हूं मेरे आरम्भ करने का काम पड़ता ही रहता है चलते फिरते बैठते उठते सोते खाते पीते ईत्यादि कार्यो में हिन्सा होने का ठिकाना है और त्रस थावरों के हिन्सा की अव्रत बहुत है, सर्व विरती तो साधू मुनिराज ही हैं वो पांच सुमति तीन गुप्ति पञ्च महाव्रत पाले हैं जावज्जीव पर्यंत शिव साधन से कुशाग्रामात्र भी नहीं चूकते, उन पुरुषों को धन्य है ।

॥ ढाल ॥

धृग धृग गृहस्थावास, म्हारै मोटो पड़ियो पाश

हिन्सा होवैं घणीए, तेह नही हित मो भणीए, ॥ १९ ॥ ज्ञानादि अंकुश ल्याय, मननें आणी ठाय। हिंसा टालस्यूंए, दया पालस्यूंए ॥ २० ॥ धन धन साधूशूर, ज्यां लफरा कीधा दूर। इस विध मो प्रतै ए, खातो नही खतैए ॥ २१ ॥

॥ इति प्रथम व्रत ढाल ॥

॥ भावार्थ ॥

धृक्कार है गृहवास को और मेरे को जो मैं ऐसे अनित्य गृहस्था-श्रम में बस रहा हूं और स्वार्थ के सगे स्वकुटुम्बियों को त्रस थावर जीवों की हिंसा मयी पाश में पड़िके पोष रहा हूं, यह कर्त्तव्य मुझे हितकारी नही है किन्तु दुःखदायी ही है, परन्तु ज्ञानादिक अँकुस से मनोमय हाथी को अपने ठिकाने पर लाऊंगा और जिस दिन मेरे सर्वथा प्रकारे हिंसा का त्याग होगा वही दिन मेरे परम लाभदायक होगा, अभी तो सिर्फ स्थावर और त्रस जीवों की हिन्सा का त्याग मर्यादा उपरान्त किया है वह मेरा देशव्रत है, आगार रक्खा है वह व्रत नहीं अव्रतास्रव है, पर जहां तक बने जहां तक हिंसा टालके दया पालूंगा, धन्य है उन साधू महात्मा शूरवीर पुरुषों को जो मोहमयी प्रवृत्ति पाशको तोड कर धर्म मार्ग में चल रहे हैं, इस प्रकार का हिसाब खाता मुझसे नही होता।

अथ दूजोव्रत

दोहा

दूजो व्रत श्रावक तणो, करै झूठ परिमाण, त्यागै माठो जाणने, पालै जिनवर आण ॥ १ ॥ झूठा बोला मानवी नहीं ज्यांरी परतीत, मनुष जमारो हारनै, नरकां होय फजीत ॥ २ ॥

॥ भावार्थ ॥

झूठ याने असत्य बोलने का प्रमाण उपरांत त्याग करे वो श्रावक का दूसरा व्रत है, और आगार रक्खे बोले बोलावे बोलते को भला जाणे वह अव्रताश्रव है उससे पाप कर्म का बंध होता है इसलिये असत्य भाषण को महा खराब और नीच कर्म समझ कर त्याग करे जिनेश्वर की आज्ञा प्रमाण सत्य बचन बोले, झूठ बोलने वाले मनुष्य कदाचित् सत्य भी कहै तोभी उनका वाक्य की प्रतीति नहीं होती ऐसे जीव वृथा मनुष्य जन्म खोते हैं और नरकों के दुःख सहन करते हैं, हे भव्यजनों इसीलिये सद्गुरु कहते हैं।

॥ ढाल ॥

जिन भाष्या पाप अठार एदेशी

झूठ तणा पचखाण, नाना मोटा जाण।
पचखे मोटकाए, कांइ एक छोटकाए ॥ १ ॥

॥ भावार्थ ॥

झूठ दोय प्रकार की है एक तो छोटी, याने किञ्चित् दूसरी मोटी अर्थात् जिसके बोलने से राजदंड करै और लोगों मे निन्दा हो ए द्विविध झूठ बोलने का त्याग करो।

॥ ढाल ॥

छोटो न बोलूं केम, म्हारे गृहवासे सूं प्रेम,
विणज सौदा करूं ए, मनमे लोभ धरूं ए ॥ २ ॥

॥ भावार्थ ॥

गृहस्थ कहता है हे महाराज आपने कहा वो तो ठीक है लेकिन मैं गृस्थाश्रम में हूं छोटे झूठ के त्याग नही निभ सकते वाणिज्यादिक में झूठ कहना ही पड़ता है कारण इसका लोभ है, लोभ के वास्ते झूंठ बोलना पड़ता है।

॥ ढाल ॥

मोटा पांच प्रकार, तेहनूं करूं परिहार, व्रत
करूं ऐसोए, मोसूं निभे जसोए ॥ ३ ॥

॥ भावार्थ ॥

मोटी झूठ पांच प्रकार की है उसका त्याग कर सकता हूं जैसा मुझसे निभे वैसा व्रत करना उचित है।

॥ ढाल ॥

किन्नाली ग्वाली जाण, तीजी भूमि पिछाण थापण
मोसो करीए, कूड़ो साख भरीए।

॥ भावार्थ ॥

मोटी झूठ पांच प्रकार की है किन्नाली अर्थात् कन्या के वास्ते १ ग्वाली याने गाय भैंस प्रमुख दूधवाले जानवरों के कारण २ तीसरी भूमि कहिए जमीन मकानात वगैरह के वास्ते ३ थापणमोसा याने किसी की अमानत चीज हजम करणा ४ कूड़ीसाक्षी वो है के मिथ्या गवाही देना ५।

॥ ढाल ॥

कन्यारा भेद अपार, करणो सूंम विचार, वरसां छोटकीए, तेहने कहिणो मोटकीए ॥ ५ ॥ गहली गुंगी होय, वले आंख नहिं होय, काणी मीमणीए, आंख्यां चीपणीए ॥ ६ ॥ काली कोडाली नारि, कांना न सुणै लिगार, टूंटी पांगलीए, बोलै तोतलीए ॥ ७ ॥ रोग घणू घटमांय, जीवारी आशा नहिं काय, वोलां ज्वरो तेजरोए, आवै एकान्तरोए ॥ ८ ॥ वले रोग छे रेन, जोव न पामे चैन, रक्त पित्त तणोए, दुर्गन्ध अति घणो ए ॥ ९ ॥ कूंवी डूंवी होय, वाटो बांकी जोय, छोटी वांफणीए, आंख्यां भांमणीए ॥ १० ॥ होणा वंशरी होय, तिणरी जात न जाणै कोय, आतो जावे जठेए; साख न भरै कठेए ॥ ११ ॥ रूपरोग ने खोड, वले वरसदे तोड़, अछतो नही भाखणोए, हुवै जिम दाखणोए ॥ १२ ॥ या बोलांरो स्वाम आय पड़ै कोई काम, घर मंडे जठेए, झूठ न बोलूं तठेए ॥ १३ ॥

॥ भावार्थ ॥

पाच प्रकार के झूठ ऊपर कहे हैं उनमें पहलो (कन्यालीक) सो कन्या के वास्ते मिथ्या बोलना वह अनेक प्रकार के हैं इसलिये जो सोगन करै वह विचार के करने से नियम का भंग नही होता, अनेक भेदों में से संक्षेप कहने हैं, जैसे छोटो ऊमर वाली को ज्यादह ऊमर की कहना, अथवा, गहली हो, गूंगी, आधो, कांणी मांजरी, आखें चोंपणी

हो, काली हो, कोडाली स्त्री. बहरी, टूंटी, पांगलो, तोतली बोलने वाली, महारोगणी जीवितासा विमुक्त. बेलान्तरो, तेजरो, वा एकान्तर ज्वरा-गमनवाली हो और महा रोग जिसका नाम खैन अर्थात् क्षयी सर्व धातु बलक्षय जिस से जीव क्षण भर भी आराम नहीं पा सके, फिर रक्तपित्त रोग, कुष्टादिक जिसमें अत्यन्त दुर्गन्ध हो, कुबरी ठिगनी, तिरछी झांकने वाली, वांकी देखने वाली, जिसके वांफनो गल छोटी हो गई हो; जिस से नेत्र डरावणे मालूम हो, अथवा नीच वंश की होय जिसकी जात कोई नहीं जानता हो वो जहां जावे वहां उसकी साख कोई भी नहीं भर सके, ऐसी अनेक तरह की कन्याओं के अर्थ मिथ्या याने बुरी को भली, वा भली को बुरी कहना तथा रूप रोग और खोट क्या हीनेन्द्री, और बूढी को छोटी कहना इत्यादिक असत्य का त्याग करना जैसा हो वैसा कहना, इत्यादिक बोलने में हे स्वामी किसी समय वा कोई कार्यवश से मिथ्या बोलने का ही प्रसंग आ पड़े जैसे विवाहादिक सम्बन्ध में झूठ बोलना पड़ता है, तो वहा कदापि त्याग करने वालों को झूठ नहीं बोलना, परन्तु

॥ ढाल ॥

हांसी मसकरी काज, म्हांरे सूंस नहीं मुनिराज पालता दोहिलोए, नही सूने सोहिलोए ॥१४॥ इत्यादिक परिमाण, मैं कीधा पचखाण, इमहिज पुरुष तणीए, कन्या ज्यों भाषणीए ॥ १५ ॥

॥ भावार्थ ॥

हास्य और मसकरी प्रसिद्ध है इनमें मेरे झूठ बोलने के सोगन नहीं है इसका प्रमाणोपरान्त जो सोगन किये हैं, वैसे ही पुरुष के वास्ते भी विचार लेनी कन्या की तरह से,

॥ ढाल ॥

इमही ग्वाली जाण, दूध तणों परिमाण, वैत न उचारणोए हुवे ज्यूं दाखणोए ॥ १६ ॥

॥ भावार्थ ॥

इसी तरह से गाय भैंस आदि के विषय में भी अनेक प्रकार का असत्य भाषण होता है जैसे व्यावत का कमी वेसी तथा दूध का वेसी कमी कहना यह गवालीक है, श्रावक को इसकी मर्यादा के उपरान्त त्याग करना, और जैसा हो वैसा कहना।

॥ ढाल ॥

भूमाली घरनें हाट, बोलै बाद नै घाट, धरती बावण तणोए, इत्यादिक घणोए ॥ १७ ॥

॥ भावार्थ ॥

भूम्मालीक अर्थात् पृथ्वी के शास्ते झूठ, मकान दुकान वगैरह के निमित्त जो असत्य भाषण और खेती वगैरह मे अनेक तरह से मिथ्या कहना ए भूमालीक है इसका प्रमाण उपरान्त त्याग करै वो श्रावक धर्म है।

॥ ढाल ॥

कोई धन सौंपे आय, हूं राखूं घरमांय, आयन मांगै जरांए, नटू नहीं तरांए ॥ १८ ॥ मांगै धणी ज्यो आय, बाप भाई नै माय, चोरो आय अड़ैए, राजा रोकै जरांए ॥ १९ ॥ जब झूठ बोलणरो नेम, राखूं व्रतसूं प्रेम, चोखो पालस्यूंए, दूषण टालस्यूंए ॥ २० ॥

मागे अनेरो आय, तो नटजाऊं मुनिराय, सूंस नहीं कियोए, लोभें चित्त दियोए ॥ २१ ॥

॥ भावार्थ ॥

चोथो झूठ थापण मोसा का त्याग याने अमानत में खयानत जैसे किसी ने धन त्याय के विश्वास कर सौंप दिया घर में मेल लिया जब उस मेलने वाले को जरूरत हुई मांगने लेने को आया उस वक्त नहीं नटणा, चो खुद मालिक मागे अथवा भाई मागने आवै, चाहे मा उसकी हो, या वहोरे उसके आ बैठें तब नटणे पर राज दरबार हो, राज रोक देवे, तब झूठ बोलने का नियम है, तो अपने व्रत को न छोडै, सच्चा हाल ज्यो हो सो कहै, शुद्ध व्रत पालन करे, सर्व दूषण को टाल कर मिथ्या न बोलै चो धर्म है।

॥ ढाल ॥

माख भरावे मोय, झूठ न बोलूं कोय, तै पिण मोटकी ए, नहीं छोटकी ए ॥२२॥ ज्योहूं बोलूं वाय, घर पैसारो जाय, भाषा टालणीए, पाछे बोलणी ए ॥ २३ ॥

॥ भावार्थ ॥

पांचवी मिथ्या कूडी साक्षी, याने झूठी गवाही देना, इस झूठ का भी मेरे त्याग है, साक्षी भी छोटी और बड़ी दो तरह की है, बड़ी तो चो है जिसके बोलने से राजा दंडे और लोक भडै, ऐसी झूठ के बोलने वाले को राज से दड हो और दुनिया में बदनाम हो, जिसके हाथ पैर नासिका छेद कर सजा पाने के बाद देश से निकालते हैं, छोटा वो के जो दूसरे का नुकसान तो उस झूठ मे है पर वो बदनामी और वह बड़ी सजा जिसमें न हो अथवा हास्य कुतुहल में बोले, इसलिये मोटी झूठ याने झूठी गवाही देना इसके त्याग, अथवा साक्षी देऊं जिसके

देने से दूसरे के घर का नाश होना हो तो इस से वैसी भाषा टाल कर बोलनी चाहिये झूठी गवाही नहीं देनी चाहिये ।

॥ ढाल ॥

करै झूठराभेद, त्यागो आण उमेद, मनोरथ जद फलै ए, झूठ छोटो टलै ए ॥ २४ ॥ करण जोग वालो एम, करै झूंठरा नेम, व्रत करै इसोए पोतै निभै जिसोए ॥ २५ ॥

॥ अर्थ ॥

इसलिये श्रावक को जितनी प्रकार से झूठ बोली जाती है उन्हें समझ कर चित्तकी उमंग से और उमेद से त्याग करना, और छोटी झूठ कौतूहलादि कारण बोली जाती है उसका त्याग करना, यह मनमें हमेशा रखता रहै, जिस समय सर्वथा झूठ बोलने का त्याग होगा वही दिन धन्य होगा. तात्पर्य ये है के दूसरा श्रावक व्रत करण योग युक्त असत्य बोलने का त्याग करै अपने से निभ सकै सो, कन्यालिक १ अर्थात् कन्या के निमित्त झूठ । ग्वालिक २ अर्थात् गाय आदिक निमित्त झूठ । भूमिक ३ अर्थात् जगा जमीन के निमित्त झूठ । थापण मोसा ४ अर्थात् अमानत मे खयानत । कूडी साख ५ अर्थात् झूठी साक्षी । यह पांच प्रकार की झूठ का त्याग करै वो श्रावक का दूसरा व्रत है धर्म है, त्याग नहीं वो अव्रत है आस्रव है जिस से पाप लगता है ।

॥ अथ तीजो व्रत लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥

तीजो व्रत श्रावकतणूं, करै अदत्तरा त्याग, मनमे समता आणिने, चोढै भाव वैराग ॥ १ ॥ इहलोके जश

अति घणूं, परलोकै सुख पाय, भाव सहित आराधियां जनम मरण मिटजाय ॥ २ ॥ चोरी करै ते मानवी, गया जमारो हार, मनुष्यतणूं भव खोयने, नरकां खावे मार ॥ ३ ॥

॥ भावार्थ ॥

तीसरा व्रत श्रावक का अदत्त का त्याग, याने बिना दिये कुछ भी न लेना, ऐसे तीसरे व्रत को मन में समभाव ल्याके वैराग्य मे भाव चढावै जिससे इस लोक में जश कीर्त्ति और परलोक में अत्यन्त सुखी होय, और भाव सहित आराधना करने से पुनः पुनर्जन्म मरण जीव अनादि काल से कर रहा है सो मिटने सकता है और चोरी करने से मनुष्य इस भव में दुःखी होके नरक में जाता है वहां महापीड और मार सहनी पडती है, इसलिये श्रावक को चोरी करने का त्याग करना अवश्य चाहिये, यथाशक्ति त्याग करना वो श्रावक का तीसरा (३) व्रत है।

॥ ढाल ॥ चालतेहोज ॥

तीजो व्रत छै एम, करै अदत्तरो नेम, न करै मोटकीए, वली छोटकीए ॥ १ ॥

॥ भावार्थ ॥

सद्गुरु कहते हैं अदत्त का त्याग करै वो तीसरा व्रत है, चोरी (२) दोय प्रकार की है एक बड़ी एक छोटी।

॥ ढाल ॥

म्हानो किम त्यागूं स्वाम, म्हारै घास ईंधणारो काम, खिण खिण किणने कहूं ए, किहां किहां आज्ञा

लिऊंए ॥ २ ॥ म्हानो त्यागी ते धन्य, पिण महारो नहीं मन्न, चित चोखो नहीए, कर्म घणा सहीए ॥३॥ साथो दे गांठडी छोड़. धाड़ो करि तालो तोड़. वस्तु मोटी अछैए, धणी जाण्या पछैए, ॥ ४ ॥ इसा अदत्तरा त्याग मैं पचख्या आण बैराग, ते पिण परतणीए, नहि घर भणीए ॥ ५ ॥

॥ भावार्थ ॥

तब गृहस्थ बोल्या हे मुनिराज छोटी चोरी जो हास्य कुतूहल मे या अनेक छोटी वस्तु मालिक के विना पूछे लेना इसके त्याग करने की मेरी सामर्थ्य नहीं, क्योंकि मेरे घास ईंधण कहिये काष्टादिक जलाने को चीजें, हरेक जगह से किञ्चित मालिक से विना पूछे लेने का काम पडता है तो वारम्वार किस किस से पूछता फिरूं, इसलिये इनके त्याग मुझ से नहीं निभ सकने, इसमें छोटी चोरी का त्याग करे वो धन्य है, लेकिन मेरा मन बहुल कर्मी होने से नहीं हो सकता और ज्यो वडी चोरी याने धाडा देना साधा ऐंडा भीत फोड़ माल काढ़ लेना या पडी हुई गठडो वगैरह को उठा लेना धणी होते तथा ताला तोडना इत्यादि चोरी करने का त्याग मैंने वैराग्य ल्याके किया है लेकिन पराये घरकी चोरी के त्याग है अपने घरकी नही ।

॥ ढाल ॥

म्हांरा कुटुंबादिकमें माल, मासे पड़े हवाल, भोड़ घणीसहीए घरमे धन नहीए ॥ ६ ॥ जब तालो ल्यूं तोड़, वलो गाठड़ो छोड़, मांतोदे चोरस्यूंए, खोस ल्यूं जोरसूंए ॥ ७ ॥ इतरा मूंने आगार, ते नरक तणांदातार, रमणी वसपड्योए, जंजीर जुड्योए ॥८॥

राजा लेवै डंड, होय लोकमें भण्ड। चोरी नही करुंए इसो व्रत धरुंए ॥ ९ ॥ इसो व्रत मुनिराय, मोने द्यो पचखाय। जीऊं जिहां भणीए व्रत, चोरी तणीए ॥१०॥

॥ भावार्थ ॥

गृहस्थ कहता है मैंने जो चोरी करने का त्याग मर्यादा उपरान्त किया उसमें भी मेरे यह आगार हैं के मेरे द्रव्य की तंगी होने से और द्रव्य के अभाव से दुखी होने पर मेरे कुटुम्बियों का माल भींत फोड़ ताला तोड़ या जबरदस्ती से लेऊं तो मेरे त्याग नही, ए मेरे जो आगार हैं नरकादि दुखोंके देने वाले हैं लेकिन स्त्रीवश होने से कैदी की तरह माहे जंजीर से जकड़ा हुआ हूं, चोरी के करने से राज तो डड लेवै और दुनिया में बदनामी हो इसलिये चोरी नही करनें का व्रत अगीकार करा दो. हे मुनिराज! यावत जीवन पर्यन्त जो व्रत लिया है उसको खंडित नही करुंगा।

चोरीकरम चण्डाल, तिणथी पड़ै हवाल, दुख नरकां तणाए, लहै अतिघणाए ॥ ११॥ चोरी ले पर माल, तिणमें पड़ै हवाल, नरक निगोद तणाए, दुःख होवै घणाए ॥ १२ ॥ परधन लेवै ताड़, देवै पैलारे दाह, ते नरकना पाहुणाए, जात लजावणाए, ॥ १३ ॥ इहलोकमें उदय हुवै पाप, तो दुःख भुगतै आपो आप, मार घणी पड़ैए, बिण आई मरैं ए ॥ १४ ॥ तिणरा काटै हाथनै पाव, वलि शूली देवै चढाय, नकटो बूचो करैए नले मार घणी पड़ैए ॥ १५ ॥मूंआ पछे चोररी काय, नाखै खाईरे मांय, तिहां कुत्ता खायनेंए, बिगाड़ै कायनैए ॥ १६ ॥

वले कागा चांच सू मार, तिणरा डैया काढ़े बार शरीर तिण तणूंए विपरीत दीखे घणूंए ॥ १७ ॥ तिणरा देखे मातनैं तात, मनमें घणां सिधात, इण चोरीकरी परतणीए, लजाया हम भणीए ॥ १८ ॥ लोकां करै चोररी वात, ते सुणीमातनै तात, । बोले रोवताए. नीचो जोवताए ॥ १६ ॥ चोरी सूं दुःख अनन्त, तिणरो कहतां नावे अन्त । चिहुं गति भटकावणूंए, ते पाप चोरी तणूंए ॥ २० ॥ इम सांभल नरनार, चोरी न करो लिगार । समता रस आखिनेए, त्यागो जाणिनेए ॥ २१ ॥

॥ भावार्थ ॥

सत गुरू कहते हैं हे भव्य जीवो चोरी महा चाण्डाल कर्म है ऐसे कामसे अनेक तरह के दुःख होते हैं, तथा नरकोंमें अनन्त दु ख सहने पड़ते हैं, पराया माल चुरानेसे उस मालके मालिक के हृदयको महा दाह लग जाता है, इसीसे निगोदादिकके पाने वाले होते हैं, मनुष्य जन्म व्यर्थ खोके जन्म लज्जित करते हैं, अत्यन्त पापके फलसे इसी भवमे दुख अपणे कर्मका भोगते हैं फिर हाथ पग काटे जाते हैं, राज शूली चढ़ा देता है, सिर छेद भी कर देते हैं, नाक कान काट लिये जाते हैं अनेक प्रकारकी विटंवना करी जाती है, मर जाने पर चोरके शरीरको खाईमें डाल देते हैं, तो वहां कुत्ते कव्वे आदि अनेक दुर्दशा करै हैं, उसकी ऐसो व्यवस्था माता पिता देखकर महा लज्जित होकर भागते हैं, सो भी सामने नही झांक सकते, नीची नजर ही रखते हैं, कहते हैं इसने हमारे कुलको कलंक लगाके लज्जित कर दिया है, सतगुरू कहते हैं अत्यन्त दुःखदाई चोरी कर्म है इसके पापसे चतुर्गती

संसारमें भ्रमण करना पड़ता है, ऐसा सुनके चोरी नही करणेका व्रत समता ल्याके धारण करो।

कोई आणी मन वैराग, सर्वथको दे त्याग। करथा जोगां करिए, मन समता धरिए॥ २२ ॥ कोई सोंस-करी दे भांग, तिणरा घणा निकलसी सांग। महा पापी मोटकोए, करम दियो धकोए ॥ २३ ॥ चोखा पाले जे सोंस, त्यांरी पूरीजे मनरी होंस। जासी देव-लोकमेए, कोई जासी मोच मे ए ॥ २४ ॥

कई जीव ऐसे विरक्ती वैराग्य मग्न होके तीन करण तीन योगसे मनमें समता भावसे सर्वथा प्रकार चोरी करणेका त्याग करते हैं वो धन्य हैं, केई भारी गर्मी जीव त्याग करके व्रत भंग कर देते हैं वो महा पापी होके कर्म भय तोफानके धक्कें में संसार समुद्रमें डूबते हैं, इस लिये हे भव्यजनो अपणे लिये व्रत पच्चख्खाणके आराधणेसे मनके मनोरथ सिद्ध होते हैं, वो सुव्रती जीव देवलोकमें या मोक्षमें जाते हैं।

॥ इति तृतीय व्रतम् ॥

॥ अथ चतुर्थ व्रतम् ॥

दोहा—मनुष्य तणो भव पायने, जे नर पाले शील। शिव रमणी बेगा वरे, करे मुक्तिमे लील ॥१॥ साधू त्यागे सर्वथा ग्रहचारी परनार। मांठी निजर जोवेनही, तिणरा खेवा पार ॥२॥ कैयक श्रावक एहवा, आणे मन बैराग। भोग जाणे विष सारिषा, घर नारी दे त्याग ॥ ३ ॥

मनुष्य भव पाके शीलपाले याने मैथुनका त्याग करे यह श्रावकका चोथा (४) व्रत है, उसके पालने से वो जीव मोक्ष स्त्रीको जल्दी वरके सिद्धक्षत्र में ज्ञान दर्शनादि गुणों मयी परमानन्द भोगते हैं, साधूके तो

सर्व प्रकार मैथुनके त्याग होते हैं, और श्रावकके परदारा के त्याग होना आवश्यक हैं, जो जीव परस्त्रीको खोटी नजरसे नही देखै तो उसके खेवापार याने परम सुख परमानन्द पदपावैं। कैयेक श्रावक ऐसे वैराग्य भाव पूर्ण होते हैं वो भोगोंको जहर (विषको) बराबर समझकर अपणी घरकी हजारो स्त्रियोसे मैथुन सेनेके त्यागी हैं, वो जीव महा वैरागी हैं वान्छित फल पाते हैं।

॥ढाल॥

(देशी तेहिज)

चोथो व्रत तुम जाण, अबंभ तणा पचखाण। देवांगना मनुष्यणीए, त्यागे तिर्य्यञ्चणीए ॥ १ ॥ वले पोतारी नार, तेहनूं करे विचार। तजे दिन रातरीए, परणी हाथरीए ॥ २ ॥ पञ्चियादिकना नेम, नर तो पालेएम। मोहथी परिहरैए, आत्मा बश करैए ॥ ३ ॥ कोई सरव थकी दे त्याग, आणी मन वैराग। विषयें उद्धरैए, मन समता धरैए ॥ ४ ॥

॥ भावार्थ ॥

सद्गुरु कहते हैं भव्यजनों! अब्रह्म का त्याग करे वो श्रावक का चौथा व्रत है इन्द्रियों के भोगों को जहर विष के समान जाण कर पर स्त्री का त्याग करै जिसमे देवांगना का मनुष्यणी का तिर्यंचणी प्रमुख का त्याग, और घरकी स्त्री का भी विचार करै दिन रात का नियम माफिक त्याग करे, जिसमें परस्त्री प्रमुख का तो श्रावक के त्याग होना अवश्य चाहिये, आत्मा को वश करके मैथुन सेना त्यागै सोही धर्म है, कई जीव वैराग्य के भाव से विषयों में लिप्त न होके घरस्त्री और परस्त्री का त्याग मनमें समता धरके करते हैं उन्हें धन्य है।

म्हारे घर नारी सूं नेह, तिण ने किम देऊं छेह। आत्म वश नही ए कर्म घणासही ए ॥ ५ ॥ करूं दिवस तणा पचखाण, रात तणा परमाण। संतोष आदरूं ए, विषय परिहरूं ए ॥ ६ ॥ पर नारी सूं प्रेम, मैं कीधो छै नेम। सुई डोरा करीए, ऐसी विगत धरीए ॥ ७ ॥ जे सेवे परनार, ते गया जमारो हार। नरकां माही पड़े ए, ढील नहीं करैए ॥ ८ ॥

॥ भावार्थ ॥

तब गृहस्थ बोला हे मुनिराज! आपने फरमाया वो सत्य है मैं भी ऐसा ही जानता हूं परन्तु घरकी स्त्री के स्नेह राग से फंसा हुआ हूं इससे त्याग नही हो सकता आत्मा वश न ह हो सकती, इसलिये दिन का तो त्याग करता हूं और रात का प्रमाणोपेत मैथुन का त्याग है और परस्त्री से सूई डोरावत् सेने का त्याग है। परस्त्री सेवन करने वाले मनुष्य जनम हार कर नरकों में जलदी ही जाते हैं।

चौथो व्रत घणो श्रीकार, सारां व्रतांरो शिरदार। व्रतांरो नायको ए, मुक्तिरो दायको ए ॥ ९ ॥ शील व्रत छै मोटो रत्न, तिणरा करिए यत्न। ते आतम उद्धरे ए, शिव रमणी वरे ए ॥ १० ॥ ए व्रत पालो निर्दोष, त्यांने नेडी मोक्ष। तिणमे शंका नहीं ए, श्रीजिन मुख सूं कही ए ॥ ११ ॥ च्यार जातरा देव, करे ब्रह्मचारी री सेव। वले शीश नमावता ए, वादे गुण गावता ए ॥ १२ ॥ जिण चौथो व्रत दियो भांग त्यारां घणा निकलसी सांग। ते नरकां मांही पड़े ए,

घणूं रड़ वड़े ए ॥१३॥ इह लोकेफिट फिट होय, पर-लोके दुर्गति जोय। तिण जन्म बिगाड़ियो ए, मानव भव हारियो ए ॥ १४ ॥

॥ भावार्थ ॥

चौथा व्रत अत्यन्त श्रेष्ठ और सर्व व्रतों में मुख्य है और मोक्ष का दायक है, इस शीलव्रत रत्न को जत्न कर अखंड रखने से आत्मोद्धार करके मुक्ति रमणी वरते हैं, इस व्रत को शुद्ध पालने वाले के मोक्ष नजदीक है श्री जिनेन्द्रों ने अपने मुख से फरमाया है।

॥ उक्तंच ॥

देव दानव गंधव्वा, जक्ख रक्खस किन्नरा।
बंभयारी नमंसंति, दुक्कडं जे करंतिते ॥ १ ॥

॥ भावार्थ ॥

देवता दानव गन्धर्व यक्ष राक्षस किन्नर आदि ब्रह्म व्रत पालने वाले को नमस्कार करते हैं कारण ये महा कठिन काम है इससे वे पुरुष पुरुषोत्तम हैं।

॥ भावार्थ ढालका ॥

भुवनपति वानव्यन्तर जोतषी वैमानिक ये चारों प्रकार के देवता ब्रह्मचारी की सेवा भक्ति करते हैं मस्तक नमाके गुण ग्राम करते हैं, और जो चौथा व्रत का भंग करते हैं उनको पुनर्जन्म मरणादिक साग बहुत करने पड़ते हैं, नरकों के दुःख सहने पड़ते हैं, इसलोक में दुनियां उनकी गर्हा करती है, और परलोक में महादुखी होना पड़ता है।

जातिवंत कुलवंत ते आतम नित्य दमन्त, ते व्रत पालसी ए। कुल उजवालसी ए ॥ १५ ॥ नाहि जाति-वन्त कुलवन्त, वलिरसगृद्धि अत्यन्त। ते विषयरो पासियो ए, बरत विनासियो ए ॥ १६ ॥ निरलज

लज्जा रहित, वलि विषय विकार सहित। तिण व्रत कापियो ए, ते मोटो पापियो ए ॥ १७ ॥ ब्रह्म व्रतरा भांजणहार, छुगल्यांरो, जमवार। ते न्यात लजावणाए, दुरगति ना पावणा ए ॥ १८ ॥ घणा लोकांरे मांय, ऊंचे स्वर बोल्यो नहि जाय। या खामी मोटी घणीए, व्रत भांजण तणीए ॥ १९ ॥ यो मोटो कियां अकाज, लज्जावन्तने आवे लाज। निरलज लाजे नहीं ए, सत्य घणी महीए ॥ २० ॥ दूण शील भांजणरो सोय, कहवत मिटे न कोय। या मोटी मइणीए, जीवे जिहां भणी ए ॥ २१ ॥ दूण पापी कियो अकाज, अजे न आवे लाज। तोही बोले गाजतोए, निरलज नहिं लाजतो ए ॥ २२ ॥ ब्रह्म व्रत तणों करे भंग, तिणरो कदे न कीजे संग। कुकर्म माहिं भिलियोए, करम कादे कलियोए ॥ २३ ॥

॥ भावार्थ ॥

ज्यो जातिवन्त कुलवन्त होते हैं वोही अपनी आत्मा को दमन कर ब्रह्मव्रत पालते हैं, और कुलको उज्वल याने उजला करते हैं, और ज्यो जातिवन्त कुलवन्त नहीं हैं वो रसगृद्ध याने आसक्त वसीभूत होके विषय रूप पासमें पड़के ब्रह्मव्रत का विनाश करते हैं, वो निर्लज्ज विकार सेवी व्रत को काटके महा पापी होता है ब्रह्मव्रत भंग करने वाले को धिकार है, ऐसे जाति लजावने वाले जीव दुर्गति के पाहुणे हैं, उनसे बहुत लोको में ऊंचे स्वर से नहीं बोला जाता है क्योंकि यह बड़ी भारी खोट है, कोई लज्जावान होय उनको शरमाना पड़ता है, किन्तु निर्लज्ज

तो निन्दा से भी नही लजाते हैं, लेकिन इस शीलव्रत भाजने का सल्य तो उनके जीमे खटकता ही है, चाहे जितना वडा आदमी क्यों न हो मगर लोगों में कहावत तो बनी ही रहती है, ए टोणा यावत् जीवन पर्यन्त रहता है, पांच आदमियों में अगर बोले तो कहते हैं के देखो इस पापी ने भारी अकाज किया लेकिन अब भी ऊंचा होके बोलता है, इसलिये ब्रह्म व्रत को भंग नही करना तथा करने वाले का संग भी नही करना चाहिये, सग करने से उसके कर्त्तव्य सामिल होके कर्ममयी कादे मे गलित होते हैं।

जे सेवे परनार, ते गया जमारो हार, लजावे न्यातने ए, पड्या मिथ्यातमेए ॥२४॥ परनारी मा बहन समान, त्यांसूं न करै मांठो ध्यान, चित चोखो कियो ए, ब्रह्मव्रत लियो ए, ॥ २५ ॥ कोई छोड़ शरमनैं लाज, त्यांसूंई करै अकाज, ते निर्लज नहिं लाजियो ए, डाको बाजियो ए ॥२६॥ करम जोग जाय भांज, पिण कीर्तिनें आवे लाज, कोई लाजै नहीं ए, बेशरमी सही ए ॥२७॥ कोई सिधावे मम मांहिं खोटो कियो अन्याय, पछतावो अति घणो ए, खोटा कर्तव्य तणूं ए ॥२८॥ जिणरो चोथा व्रत गयो भांग, तिणरो पूरो अभाग, ते नागो निरलजोए, तिण मे नहीं मजो ए॥२९॥ ब्रह्म व्रतनी नव बाड, जे पाले निर अतिचार, अडिग सैंठो घणूंए, मन जोगां तणूं ए ॥३०॥ जिण लोप दीधी नव वाड़, तिणरा हुवे बिगाड़, खुराबी होवै घणी ए, ब्रह्म भंग तणो ए ॥३१॥ व्रत भांग सेवे परनार, ते गया

जमारो हार, फिट फिट होवे घणूं ए, कुजश तिण तणूं ए ॥३२॥

ज्यो आदमी पराई स्त्री को सेते हैं वो मनुष्य व्यवहार कर अपणी जातिको लजाते हैं, मिथ्या मयी कूपमें पडते हैं, और ज्यो परस्त्री को माता भैण के समान समझ कर खोटी नजर नहीं ताकते उनने अपणे चित्तको स्वच्छकर ब्रह्मव्रत अंगीकार किया है, कोई ऐसे निर्लज्ज होते हैं सो मा, भैण से भी नहीं चूकते, वो बाजे डाकी दुनियां में कहलाते हैं, और कई एक ऐसे भी हैं, पूर्व संचित पापसे कभी ऐसा हो भी जाय तो जन समुदाय में लज्जित होते हैं मन में पछतावा करते हैं मैंने अनर्थ किया अन्याय किया है इस वास्ते जिसके चोथे व्रतका भंग होगया उसका तो पूरा अभाग्य है, वो कपड़े सहित भी नंगा निर्लज्ज है, इसमें कुछ मजा नही है इस वास्ते ब्रह्मव्रत को नव वाड सहित पालन करै और दृढ़ होकर अडिग रहै मनको चंचल न करै उनहीं की बलिहारी है जिसने नव वाड़ को लोपदी है उसका विगाड़ बहोत है ब्रह्मव्रत के भंग करने से, जो इस व्रत का भंग करके पराई स्त्री सेवन करते हैं वो मनुष्य जन्म व्यर्थ खोके संसार में निन्दित बहुत होते हैं उनका अपयश बहुत दुनियां में होता है।

॥ ढालतेहिज ॥

चोखे चित पाले शील, ते रहे मुक्ति मे लील, राखो नित्य आसता ए, पामै सुख सास्वता ए ॥ ३३ ॥ दिन दिन चढ़ते रङ्ग, पालो व्रत अभङ्ग। मन समता धरो ए, शिव रमणी वरो ए ॥ ३४ ॥ ब्रह्मव्रत ने श्री जगदीश, ओपमा कही बत्तीस। दशमां अंग मे कही ए, शूरा पाले सही ए ॥ ३५ ॥ करणा जोग सुजाण,

ब्योरा शुद्ध पिछाण। चोखे चित्त पालज्यो ए, दूषण टालज्यो ए ॥ २६ ॥

॥ भावार्थ ॥

सतगुरु कहते है इस शीलव्रतको चोखे चित्त पालने से मोक्ष में साश्वते आत्मिक सुखों में लील विलास सदा सर्वदा पाते हैं, इसलिये इसकी आस्था प्रतीति रखके दिन २ चढ़ते प्रणामों से मनमें समता ल्याके ए अवंभव्रत को पालन करो इस व्रतको श्री जगदीश्वर प्रभुने श्री दशमां अंग में बत्तीस ओपमा दी है, इस ब्रह्मव्रत को जो शूरवीर पुरुष होते हैं सो पालते हैं और वोही शिव मयी स्त्रीको वरते हैं इस लिये कहना है महानुभावों करण जोग ब्योरा शुद्ध विचारके लिया हुआ व्रत को अच्छी तरह निर्दोष पालन करो कोई प्रकार से किसी भी हालत में दोष मत लगावो।

अथ पंचमव्रत

॥ दोहा ॥

पांचमे व्रत त्यागे परिग्रह, ते परिग्रहो मूरछा जाण। तिणसूं निरन्तर जीवरे, पाप लागे छे आण ॥ १ ॥ ए मोटो पाप छे परिग्रहो, तिणथी गोता खाय। सांसो हुवे तो देखल्यो, तीन मनोरथ मांय ॥ २ ॥ ए अनर्थ ज्ञानी भाषियो, नरक ले जावे ताण। यती मार्गनूं भंजणो, निषिध कियो- इम जाण ॥ ३ ॥ खेत्तु वत्थु हिरण सुवर्ण तणो, धन धान वलि जाण। द्विपद नें चोपद तणो, कुम्भी धातु तणूं प्रमाण ॥ ४ ॥ खेत

उघाड़ी भूमिका, वत्थु हाट हवेली जाण। रूपा नें सोना तणूं करै शक्ति सारु पच्चखाण ॥ ५ ॥ सचित अचित मिश्र द्रव्य छै, यां सगलांरो करै प्रमाण। मूरछा ते अभिन्तर परिग्रहो, तिणसूं पाप लागै छै आण ॥ ७ ॥ बारला परिग्रहो नव जातिरो, ममता करि ग्रह्यो छै ताण। तिणसूं यानें परिग्रह कह्यो, तिणथी पाप लागै छै आण ॥ ८ ॥

॥ भावार्थ ॥

सतगुरू कहते है पञ्चम् व्रत में श्रावक परिग्रह को मर्याद करै, सचित अचित और मिश्र इन तीनूं जाति के द्रव्य पर मुरछा है सोही परिग्रह है जिसमें जीवके निरन्तर पाप लगता है, परिग्रह रखना ये मोटा पाप है इसमें चतुर्गति संसार मयी समुद्र में जीव अनादि कालसे गोता खा रहा है, श्रावकों के तीन मनोर्थ में परिग्रह को महा अनर्थ का मूल तथा अत्यन्त दुःखदाई कहा है, परिग्रह में लिप्त रहने वाला जीव नरक में जाते हैं, तथा यती मार्ग का ध्वंस करने वाला है, इस लिये परिग्रह की निषेधना ज्ञानियोंने करी है, सो परिग्रह नव प्रकारका है-खेत १ याने ऊघाडी भूमि, वत्थु २ याने ढकी भूमि मकान वगैरह, हिरण ३ याने चांदी आदि वस्तु, सुवर्ण ४ याने सोना, धन ५ याने रोकड रुपया आदि, धान ६ याने अनाज, कुम्भी धातु ७ याने तांवा पीतल कांसी लोहा आदि, द्विपद ८ याने दास दासी आदि. चौपद ९ याने गाय भैंस घोड़ा हाथी आदि, ये नव प्रकार का परिग्रह है सो वार्ज परिग्रह है और इनपर मूरछा रखवे सो अभिन्तर परिग्रह है, वार्ज अभिन्तर परिग्रह से जीव के पाप लगता है इस लिये श्रावक यथा शक्ति इनकी मर्याद करिके त्याग करें सो श्रावक का पञ्चम व्रत है, आगार रक्खा वो अव्रत है।

॥ ढाल देशी तेहिज ॥

परिग्रहनूं परिहार, श्रावक करे विचार, समता उर धरै ए, नव भेदे करै ए ॥१॥ खेतु वथु है एह. सोनो रूपो तेह, धन धान द्विपदा ए, कुम्भी धातु चौपदा ए, ॥२॥ ए नव विधि संख्या थाय, त्यांरी वंच्छा देवै मिटाय, तृष्णा परिहरै ए, मन समता धरै ए ॥३॥ ममता बुरी बलाय चिहूं गति मे भटकाय; घणो रड़ बड़ै ए, नहीं जक पड़ै ए ॥ ४ ॥ मनसूं करो विचार, ए नरक तणूं दातार, एहनें टालवो ए, व्रतनें पालवो ए ॥५॥ नव जातिरो परिग्रह ताहि, विचार करो मनमांहि, मूरछा परि हरो ए, मार्ग नहीं मुक्तरो ए ॥६॥ ए मोटो प्रतिबंध पाश, करै बोध बीजरो नाश, मार्ग छै कुगतिरो ए, नहीं छै मुक्तिरो ए ॥७॥ परिग्रह छै मोटो फंद, कर्म तणूं छै बध, नरक ले जावै सही ए, तिहां मार घणी कही ए ॥८॥ परिग्रह महा बिकराल, मोटो छै माया जाल, तिण में खूतां सही ए, धर्म पावै नहीं ए ॥९॥ कनक कामणी दोय त्यां सेयां दुर्गति होय, फन्द छै मोटको ए, त्यांसूं खावै धक्को ए ॥१०॥ कनक कामणी दोय पैल्लानैं पकड़ावै कोय, तिण फन्द मे नाख्यो सही ए, निकल सकै नहीं ए ॥११॥ परिग्रह दीधां कहै धर्म, ते भूला

अज्ञानी भर्म, कर्म घणा सही ए, समझ पड़े नहीं ए ॥१२॥ इण परिग्रह तणा दलाल, त्यां में पिण होसी हवाल, दुःख नरकां तणा ए, सहसी अति घणा ए ॥१३॥ ए राख्यां लागें छे कर्म रखायां पिण नहीं धर्म, तीन करण मोरखा ए, कीज्यो पारखा ए ॥१४॥ ए परिग्रहनां दातार त्यांरा सावद्य जोग व्यापार, मार्ग नहीं मोखरो ए, कांटो इण लोकरो ए ॥१५॥

॥ भावार्थ ॥

सत्गुरू कहते हैं हे भव्य जनों! खेतु वत्थु आदि ए नवू-ही जाति का परिग्रह महा दुःखदाई है बोध बीजका नाश करिके करन दु खोंको देनेवाला है इसमे ज्यादह मोटा प्रतिबंध पाश कोई नहीं है इसकी अभिलाषा से ही अशुभ कर्मका बंध होता है तो परिग्रह रखने से या रखावने से तो महा पाप लगता है इसलिये इसकी ममता मत करो ये बड़ा माया जाल फन्द है इसमें लिप्त रहने से धर्म नहीं किया जाता है कनक और कामनी ए दोनों ही लेनेसे और लेवाने से दुर्गति जाते हैं परन्तु कितनेक अविवेकी जन परिग्रह देनेमें धर्म समझते हैं सो उनकी भूल है अज्ञानवश भ्रममें पड़के पंचमा आस्रवद्वार जो परिग्रह है उसे लेने लेवाने में जिन कथित धर्म प्ररूपते हैं, किन्तु यह नहीं विचारते कि परिग्रह रखना सो आस्रव द्वार है जिससे अशुभ कर्म लगते हैं तो दूसरेको देके रखाने और अनु-मोदने में धर्म कहांसे होगा रखना सो पहिला करण है रखाना वो दूसरा करण है और रखते हुए को भला समझना वो तीसरा करण है यदि पहिला करण में पाप है तो दूसरा और तीसरा करण में धर्म कैसे हो सक्ता है, इस लिये बुद्धिवान जनोंको करण जोग की पहिचान करके यथा शक्ति परिग्रहका त्याग करना चाहिये आगार रक्खा सो

अव्रत सेना हैं और उसमें से किसी दूसरे को दिया सो अव्रत सेवाना हैं सावद्य जोग व्यापार हैं देना देवाना आदि यह सब संसार का मार्ग हैं परन्तु मुक्ति का मार्ग कदापि नही है।

॥ढालतेहिज॥

असणादिक च्यारूं आहार, श्रावकरे परिग्रह मझार, ते खावे खवावे सहीए, तिणमे धर्म नहीं ए ॥ १६ श्रावक ते मांहों मांहि, देवे लेवे छे ताहि, ते सघलोही परिग्रहो ए, इणमें शंका मत धरोए ॥१७॥ सचित अचित मिश्र द्रव्य, तिण में पागे पाछे सर्व, ए सघलो परिगरो ए, ते ममता मांहि खरोए ॥१८॥ सचित अचित सघला ही ताहि, ग्रहस्थरे परिग्रह मांहि, कह्यो उववाई उपांग में ए, वलि सुयगडाअंगमें ए ॥१९॥ त्यांरो श्रावक कियो प्रमाण, त्याग्यो ते व्रत पिछाण, बाकी अव्रत में राखियो ए सूतके साखियो ए ॥२०॥ परिग्रह दियो धर्म हेत, तिणरी आज्ञा देत कहि कहिने दिरावताए, एहवो धर्म करावता ए ॥२२॥ धनथी धर्म न थाय, तीन कालरे मांय, सांचो करि जाणिजोए, शंका मत आणिजो ए ॥२३॥ इण परिग्रह मांहि रक्त, त्यांनें आवे नहीं सम्यक्त, मूरछा तिणमें सहीए, समझ पड़े नहीं ए ॥२४॥ ज्यांरे परिग्रहासूं परतीत, तेतो होसी घणा फजीत, नरकां जावसीए, जोखां खावसीए ॥२५॥ इणथी बधे संसार,

जावै नरक निगोद मझार, घणो रडवडेए, जका नहीं पड़ैए ॥२६॥ सचित अचित द्रव्य ताहि, ग्रहस्थरे अव्रत मांहि, ज्यांरो त्याग कियो नहीं ए, त्यांरो पाप लागे सही ए ॥ २७ ॥ तीन करणा लागे पाप, तिणसूं दुःख भोगवै आप, त्यांनें त्याग्यां व्रत होसीए, जब होसी खुशीए, ॥२८॥ करण जोग वालीजे जाण, कीजे शुद्ध पचक्खाण, चोखेचित पालजीए, दूषण टालजीए ॥२९॥

॥ इति पञ्चम् व्रत ढाल ॥

॥ भावार्थ ॥

आहार पानी आदि च्यारूं प्रकार के आहार श्रावक के पास है सो परिग्रह में है उन्हें स्वयं खावे या खुवावे और भला जाने जिससे धर्म नहीं है तथा सचित अचित मिश्र द्रव्य जो ग्रहस्थी के पास है वो भी परिग्रहमें ही है मतलब जो जो आगार रक्खा है सो अव्रतमें है उववाई और सुयगड़ा अंग सूत्र मे खुलासा कहा है त्याग किया सो व्रत और जिस द्रव्य के त्याग नहीं किया सो अव्रत है, धर्म हेतु परिग्रह दिया दिवायां और देते हुए को अच्छा समझा सो आस्रव है जिससे पाप कर्म उपार्जन होता है क्योंके धन तो अनर्थ का ही मूल है धनसे तो धर्म होय तो फिर धन के त्याग क्यों करै, जितना वन सके उतना ही धनोपार्जन करे क्योंके जितना ज्यादह धन होगा उतनाहीं देके धर्म करेगा तो फिर धनवान तो विना तप संयम् किये ही धनके जरियेसे सीधे मोक्षमें चले जांयगे और निर्धन कदापि नही मोक्ष जायगा किन्तु नहीं २ तीन कालमें भी धनसे धर्म नहीं होता है परिग्रह के तो त्याग करने करावने और अनुमोदन में हीं धर्म है, परिग्रह में रक्त रहने वालेको सम्यकका लाभ नहीं होता है और सम्यक्त का अभाव मे मोक्ष कदापि नहीं जा सक्ता है, परिग्रह में तो संसार बधना

ही है तथा पाप कर्मोपार्जन करिके नरक निगोदादिमें जाके अनन्त दुःखोंके भोगी होता है ज्ञानी देवोंनें ऐसा ही शास्त्रों में कहा है इस लिये सतगुरू कहते हैं हे भव्यजनों! इस परिग्रह को महा दुःखदाई जान के करण जोगां से यथाशक्ति त्याग करो और अपने लिये हुए व्रतको अखंड पालन करो।

॥ अथ षष्टम् दिशि मर्याद व्रत ॥

॥ दोहा ॥

पांच अणू व्रत धारता, मोटो बांधी पाल। छोटारी अव्रत रही, ते पाप आवे दगचाल ॥१॥ तिण अव्रतनें मेटवा भणी, पहिलो गुणव्रत देख। दिशिमर्यादा मांडनें टाले पाप विशेष ॥२॥ मांहिली अव्रत मेटवा, दूजो गुण व्रतधार। द्रव्यादिक त्यागन करै, भोगादिक परिहार ॥३॥ जे द्रव्यादिक राखिया, जेहनी अव्रत जाण। अर्थ दण्ड छूटे नहीं, अनर्थ दण्ड पचक्खाण ॥४॥ छट्टो व्रत श्रावक तणूं करै दिशि तणूं प्रमाण। हिंसादिक त्या छज्ज दिशातणी, मनमें समता आंण ॥५॥

॥ भावार्थ ॥

उपरोक्त पांच अणू व्रत जोश्रावक अङ्गीकार किये हैं जिसमें बोहतसी अव्रत स्थूल पणें मेटदी है इन उपरान्त जो अव्रत रही है जिसमें पाप मयो पानी दगचाल आ रहा है इसलिये तीन गुन व्रत याने पञ्च अणू व्रतों को गुनदायक हैं इसलिये उनका वर्णन करते है, प्रथम गुनव्रत दिशि गमनका मर्याद, दूसरा गुनव्रत उपभोग परिभोगकी मर्याद, और तीसरा गुणव्रत अनर्थ दण्डका त्याग है, जिसमे पहिला गुणव्रत पूर्वादिदिशि मर्याद कहते हैं अर्थात् ऊंची नीची आदि दशों दिशाकी

मर्याद करके उपरांत हिन्सादि सावद्य कार्य करने का मन में समता लाके त्याग करें सो श्रावकका छट्ठा व्रत है,

॥ ढाल ॥,

डूणपुर कम्बल कोई न लेसी । फिर चाल्या पाछा परदेशी ॥एदेशी॥ ऊंची नीची दिशि कोस वे च्यार । तिण बाहिर सावद्य परिहार । तिछी दिशि पांचसय प्रमाण । इण विधि दिशितणों पचखाण ॥१॥ पृथिवी यादिक जीव न मारे, छोटाई झूंठतणूं परिहार । चोरी न करे मैथुन टाले । धनसूं ममता पाछो वाले ॥२॥ मांहि बैठा बाहिरलो लेवो देवो । तिणरा त्याग करे स्वमवो । बाहिरली वस्तु मांहि मंगावे नाहीं । मांहिली वस्तु बाहिर दे नाही ॥ ३ ॥ जघन्यतो एक आस्रव त्यागै कोई । उत्कृष्टा आस्रव त्यागै पांचूंई । एक करण तीन जोगसूं जाण । बारला आस्रवरा करे पचखाण ॥४॥ कोई दोय करण तीन जोगसे ताई । त्यागकरी अव्रत दे मिटाई । कोई तीन करण तीन जोगसूं जाण । पांचूं आस्रवरा करे पचखाण ॥५॥ बारला आस्रवनां कीधा त्याग । अव्रत छोड़ी छे आणि वैराग । क्षेत्र थकी सर्व क्षेत्रसें जाण ॥ काल थकी जावजीव पचखाण ॥६॥ कोई देवादिक तिणने नाखें बारे । तो पिण नही सेवे आस्रवद्वार । कोई

कष्ट पड़्यां राखेके आगार। पोतारी कचाई जाण तिंवारे ॥७॥ कोई मंत्री देवादिकनें बुलावे। तिण आगे आपरो काम करावे। ते पिण छट्टो वृत लियो तिणवार। इतनूं पहिलां राख्यो आग्यार ॥ ८ ॥ इत्यादि राखे आगार अनेक। आगार बिना करै नही एक। आगार राख्यां अव्रत पाप लागे। बिन आगार कियां वृत भागे ॥६॥ छट्टा बृतरो वहु विस्तारो। ते कहितां नही आवै पारो। ये संक्षेप कह्यो विस्तार। बुद्धिवन्त जाण लेसी अनुसार ॥१०॥ छट्टे वृत एहवा पचखाण। मांहि घणां द्रव्यादिक जाण। तेहनी अबृत टालण काज। सातमूं वृत कह्यो जिन राज ॥११॥ इति ॥

॥ भावार्थ ॥

छटा व्रत में श्रावक दशों दिशिका प्रमाण करें सो कहते हैं। ऊंची नीची दिशिका त्याग तो यथाशक्ति दो च्यार कोसादिक उपरन्त जाने का त्याग करैं, और तिरछी दिशा अर्थात् पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण तथा विदिशा का पांचसह या कम ज्यादह कोस यथाशक्ति रखके उपरान्त जाणे का त्याग करैं, कदा प्रमाण उपरान्त जाणे को काम पड़जाय तो वहां पृथिव्यादि षटकायों को मारने का छोटी बड़ी झूंठ बोलने का चोरी करने का मैथुन सेनेका और परिग्रह रखने का त्याग है, जो दिशि मैं जाने आने का आगार रक्खा है उस जगह भी बाहर की वस्तु मांहि नही मंगावें और माहि की वस्तु बाहर न भेजें यदि आगार रक्खें तो उसका प्रमाण करें यथाशक्ति, जघन्य एक आस्रव द्वार सेने का उत्कृष्ट पाचूं ही आस्रव द्वार सेने का त्याग करे, कितनेक

श्रावक ऐसे होते हैं सो एक करण तीन जोग से त्याग करते हैं कित-नेंक दोय करण तीन जोग से तथा दिशिका प्रमाण किया उसके बाहिर से वस्तु मंगाणे का वा उसके उपरान्त जाके आस्रव द्वार सेने का त्याग किया है उन्होंने वैराग्य से अव्रत छोडी है, ए त्याग क्षेत्र थकी सर्व क्षेत्र में कालथकी यावत जीवन पर्यन्त हैं अर्थात् छट्टा व्रत के त्याग किञ्चित काल के नहीं होसक्ते हैं, कदा ऐसे त्यागवाले को कोई देव-तादि बाहिर नांख दे तो फिर वहां पंच आस्रवद्वार नहीं सेना क्योंके उसने त्याग किया है, तथा किसीनें कष्ट पडणे से आगार रख लिया है या अपने मंत्री देवता को बुलाके अनेक काम करते कराते हैं तो ओ आगार पहिले रख लेना चाहिये अर्थात् त्याग करते समय जो आगार रक्खा है सो अपनी कचाई है जिसमें अव्रत का पाप लगता है परन्तु त्याग का भंग नहीं होता, इसलिये जो आगार नहीं रक्खा वो नही करें, और श्रावक अपना छट्टा व्रत का पालन निर्दोष करे जिससे यह लोक परलोक में सुखो हो, इस छट्टा व्रतके बहोत विस्तार हैं यहां सक्षेप मात्र कहा है इसमें बुद्धिवन्त विचार लें ।

॥ इति छट्ठा व्रत सम्पूर्णम् ॥

॥ अथ सातमां व्रत प्रारम्भ ॥

॥ दोहा ॥

सातमूं व्रत श्रावक तणूं, तिणमे उपभोग परि-भोगनां त्याग । गमती वस्तु त्यागै तेहनें, आवै छे बैराग ॥१॥ भोग आवै एक बारमें ते कहिए उपभोग । बारंबार भोग आवैं जीवनें, तिणनें कह्यो छे परिभोग ॥ ॥२॥ उपभोग परिभोगनो, अव्रत कही भगवान । त्यांरो

त्याग करै सतगुरु कने, ते सातमूं व्रत प्रधान ॥३॥
उपभोग परिभोग काम छे, ते भोग महा दुःख खान।
किम्पाक फलनौं दीधी ओपमा, भगवन्त श्री वर्द्धमान ॥४॥

॥ भावार्थ ॥

जो छट्ठाव्रतमें आगार रख्खा उसकी अव्रत मेटणे के लिये सातमां व्रत कहते हैं। सातमां व्रत में श्रावक उपभोग परिभोग के त्याग यथाशक्ति करें, जो वस्तु एक वक्त भोगने में काम आवै अर्थात् आहार पानी आदि जिसे उपभोग कहते हैं और जो वारंवार भोगने में आवें जैसे वस्त्र जेवर आदि उसे परिभोग कहते हैं, इन उपभोग परिभोगों को भगवन्तों नें किम्पाक फल समान कहा है सो भोगते समय अच्छे लगते हैं और पीछे महा दुःखों की खान हैं, इसलिये जितना जितना आगार रक्खें वो अव्रत हैं जिससे पाप कर्मोंपार्जन होते हैं आगार उपरान्त त्याग सतगुरु के पास किया वो सातमां व्रत है, उपभोगों परिभोगों के वहोत भेद हैं परन्तु इहां छव्वीस बोल करके वताते हैं।

॥ ढाल ॥

दुवापुर कम्बल कोई न लेसी फिर चाल्या पाछा परदेशी ॥ एदेशी ॥ अंगोछा १ दांतण २ फल ३ अभिङ्गन ४। उबटण पीठी ५ ने मज्जन ६। वस्त्र ७ विलेपन ८ पुष्प ९ आभरण १०। धूपखेवण ११ पीवण १२ ने भख्खन १३ ॥ १ ॥ उदन १४ सूप १५ विगय १६ साग १७ विमास। मद्धूर १८ जीमण १९। पाणी २० मुख वास २१। वाहन २२। सयन २३। पन्नी २४।

सचित २५ । द्रव्य २६ । संख्या करित्यागे एक चित्त ॥२॥ एछव्वीस बोलतणूं प्रमाण । धन्य त्यागी ते समता आण ॥ नाम लेई विवरो करलीजे । करण जोग घाली व्रत कीजे ॥ ३ ॥ ए छाड्स बोल भोगवियां संताप । भोगायां पिण लागै छे पाप ॥ अनुमोदियां धर्म किहां थी होय । तीनूं ही करण सरिषा जोय ॥ ४ ॥ मूर्ख रे दिल बात न बैसै । न्याय छोड़ि झगड़ा में पैसै ॥ सुगुरू छांडी कुगुरू से परिचा । भारी हुवे करै ऊंधी चरचा ॥५॥ व्रत अव्रत कहि जिन न्यारो । समझै नहीं तिणरे कर्म भारी ॥ मूढ मती नव तत्त्व न जाणै । लीधी टेक छोडे. नहीं ताणै ॥ ६ ॥ छव्वीस बोल तणूं आगार । तेतो अव्रत, आस्रव द्वार ॥ त्यांमे केई उप-भोग परिभोग । त्यांनें भोगवै ते तो सावद्य जोग ॥७॥ त्यांरो त्याग करै मन समता आण । शक्ति सारू करै पच्चखाण ॥ एक करण तीन जोगां से त्यागे । जब पोते भोगणरो पाप न लागै ॥८॥ दोय करण तीन जोगांसे पच्चखाण । तिण छः भांगारो पाप टाल्यो जाण ॥ तेतो पोते पिण भोगवै नही कांय । दूजा नें पिण भोगावे नही ताय ॥६॥ तीन करन तीन जोगां से त्यागे । तिणनें नव हीं भांगारो पाप न लागै । भोगवै नही भोगावे नाहीं । भोगवणा वाला नें सरावे नहीं ताही

॥१०॥ जे जे सेरी छूटी रही त्हाई। तिण से पाप कर्म लागी छे आई॥ जे सेरी रुकी संवर द्वार। तिणसि पाप न लागी लगार॥११॥ छूटी सेरी मे श्रावक खावै खुवावै। खाताने पिण छूटी सेरी में सरावै॥ रुकी सेरी में खावै खुवावै नांही। अनुमोदना पिण न करे काहीं ॥१२॥ श्रावकनें मांहो मांहि छकाय खुवावै बलि छकाय मारीनें जीमावै॥ ए अव्रत सावद्य जोग व्यापार। तिण मांहि धर्म नही छे लिगार ॥१३॥ श्रावक ने मांहो मांहि छकाय खुवावै बलि छकाय मारी ने जिमावै॥ तिण मांहि धर्म मिथ्यात्वी जाणैं। कर्म तणे वश ऊंधी ताणैं ॥१४॥ व्रत आंश्री श्रावकनें कह्यो छे धर्मी। अव्रत आंश्री कह्यो अधर्मी॥ तिणसूं श्रावक नें धर्माधर्मी जाणो। पन्नवणा भगवती से जोय पिछाणो ॥१५॥ श्रावक रो खाणो पाणूं नें गहणूं। मांहो मांहि लेणूं नें देणूं॥ ए तीनूं ही करण अव्रत में चाल्या। उववाई सुयगडा अंग मे चाल्या ॥१५॥ शब्द रूप रस गंध स्पर्श। राख्या छे तिणरी लग रही आशा॥ एह ही उपभोग परिभोग। तिणरा मिलै छै विधि संयोग ॥१७॥ राख्या छे तिणरी अव्रत जाणो। तिणरो समय समय पाप लागे छे आणो॥ त्यांनें त्याग्यां होसी

संबर सुखदाय। तिणसे अव्रतरो पाप मिटजाय ॥१८॥ उपभोग परिभोग भोगवै छै जाणि। तिणसूं पाप लागै छै आणि॥ भोगायां सें दूजै करण पाप। तिणसूं होसी बहोत संताप ॥१९॥ अनुमोदै तेसरावै आण। तिणसें पिण पाप लागै छै आण॥ श्रावकरा उपभोग परिभोग। ए तीनूं करणा छै सावद्य जोग ॥२०॥

॥ भावार्थ ॥

सातमां व्रत में छव्वीस बोलोंकी मर्यादा करिके उपभोग परिभोग के त्याग करे वो व्रत हैं आगार रक्खा सो अव्रत हैं, सो छव्वीस बोल कहते हैं। उलणिया विहं अर्थात् अंगोछादिकीं विधि १ दंतण विहं अर्थात् दंत पखालणे की २, फल विहं अर्थात् फल आम्र दाड़िम केला आदिकी विधि ३, अभिगण विहं अर्थात् मर्द्दन तेल मालिस विधि, ४, उवट्टण विहं अर्थात् उवट्टणा पीठी आदिकी विधि ५ मंजन विहं अर्थात् स्नान विधि ६ वत्थ विहं अर्थात् वस्त्रकी विधि ७, विलेपन विहं अर्थात् चन्दनादिका विलेपन विधि ८, पुप्फ विहं अर्थात् पुष्पकी विधि ९, आभरण विहं अर्थात् आभूषण गहणां जेवर आदि की विधि १०, धूप विहं अर्थात् धूप अगरादि खेवणें की विधि ११, पेज विहं अर्थात् धूप आदि पीवणें की विधि १२, भक्खन विहं अर्थात् खाणें की विधि १३, उद्दन विहं अर्थात् चांवल आदि धानकी विधि १४, सूप विहं अर्थात् दाल की विधि १५, विगय विहं अर्थात् घृत गुड आदि पट विगय की विधि १६, साग विहं अर्थात् साग तरकारी की विधि १७, मऊर विहं अर्थात् मधुर सेलडी आदि का फल मेवादि की विधि १८, जम्मण विहं अर्थात् जीमणे की विधि १९, पाणी विहं अर्थात् पानी उदक की विधि २०, मुखवास विहं अर्थात् लवंग सुपारी एलायची आदि की विधि २१, वाहण विहं अर्थात् गाडी बग्गी आदि सवारी की विधि २२,

सयण विहं अर्थात् पाट बाजोट कुरसी मेज विछावणा आदि की विधि २३, पन्नो विहं अर्थात् पगरखी आदि को विधि २४, सचित विहं अर्थात् सचित ते जीव सहित पृथिव्यादि की विधि २५, द्व्व विह अर्थात् द्रव्य तें अनेक प्रकार से खाणें पीणें को सर्व नाम की वस्तुवों की विधि २६, उपरोक्त छव्वीस बोलों को समता त्यके त्यागे उन्हें धन्य हैं, प्रमाण रखके मर्याद उपरान्त विधि सहित करण जोग करिके देशत' त्यागन करे वो श्रावक का सातमां व्रत है, तथा यह छव्वीस बोलों का त्याग न करे अथवा जितना जितना आधार रक्खा हो वो अव्रत आस्रव द्वार है जिससे पाप कर्म लगते हैं आप भोगें सो पाप दूसरे को भोगावे जिस में भी पाप है क्योंके वो दूसरा करण है और भोगते हुए को भला जानें वो तीसरा करण हैं उसमें भी पाप कर्मोपार्जन होते हैं, परन्तु मुर्ख मानव के दिलमें ए वात एकाएक जचना महा मुश्किल है वो लोग न्यायकी तरफ दृष्टि न देकर उलटे लड़ने लग जाते हैं इसका कारण सुगुरुओं को छोड़के कुगुरुओंका परिचय है, किन्तु न्यायाश्रयी और सम्यदृष्टि जीव तो अच्छी तरह से जानते हैं कि श्रावक के जिस कार्य में पहिले करण पाप हैं तो दूसरे और तीसरे करण में धम कदापि नही हो सकता है, श्रावक का खाना पीना पहरना ओढ़ना आदि सब कार्य अव्रत में हैं ऐसा पाठ खुलासा श्री उववाई तथा सुयगडांग सूत्र में है श्रावक को व्रत आश्रयी धर्मी और अव्रत आश्रयी अधर्मी श्री पन्नवणा भगवती सूत्र में कहा है इसही लिये श्रावक को धर्मी अधर्मी तथा व्रताव्रती कहा है, विवेकी जीवों को विचारणा चाहिये कि जो जो शब्द रूप गंध स्पर्श उपभोग परिभोग आगार रक्खा है जिन्हों की आशा वान्छा लाग रही है उनका संयोग वियोग करता है वो प्रथम करण से अव्रतास्रव है उससे पाप लगता है दूसरे को भोगता है जिससे द्वितीय करण और भोगने वाले की अनुमोदना करता है जिससे पाप लगता है। अर्थात् भोग उपभोग के तीनूं करण सावद्य जोग है इनका त्याग करने से श्रावक के व्रत संवर होता है।

॥ढालतेहिज॥

जघन्य मज्झम उत्कृष्टा जान। श्रावक गुण रतनां री खान॥ त्यांरो खाणूं पीणूं अव्रत मे जाणो। तिण ने रूडो रीत पिछाणो॥ २१॥ जघन्य श्रावकरे अव्रत घणेरी। उत्कृष्टा श्रावकरे अव्रत थोड़ेरी॥ पिण ते अव्रत आस्रव पापरो नालो। तिणसे पाप आवै दगचालो॥ २२॥ श्रावक तप करे आणि हुलास उपवास वेलादिक करे छमास॥ सावद्य जोग रूंध्यां संवर हुवै रूड़ो। तपसे कर्म करे चकचूरो॥ २३॥ तप पूरो हुवां पछे अव्रत आगार। खावो पीवो ते सावद्य जोग व्यापार॥ तिणसे कर्म लागे छे आय। ते पाप होसी जीवने दुःखदाय॥ २४॥ पारणूं करे ते पहिले करण जाणो। करावे ते दूजे करण पिछाणो॥ सरावण वालो छे तीजे करणो। यां तीनांरो बुद्धिवन्त करसी निरणो॥ २५॥ पहिले करण तो पाप बंधावे। तो दूजे करण धर्म किहां थी थावे॥ तीजे करण धर्म नहीं छे लिगार। यां तीनांरा सावद्य जोग व्यापार॥ २६॥ सावद्य जोगां सै लागै छे पाप। तिणसूं जिन आज्ञा न दे आप॥ जो श्रावक ने जिमायां धर्म होता। तो अरिहन्त भगवन्त आज्ञा देता॥ २७॥ कोई कहे श्रावक ने जिमायां धर्म। ते भूल

गया अज्ञानी भ्रम ॥ पोते पिण जीम्यां लागै पाप कर्म। तो औरां ने जिमायां किम होसी धर्म ॥ २८ ॥ कोई कहै लाडू खवायां धर्म। वो तप करै तिणसे म्हांरा कटसी कर्म ॥ तिणसे म्हे औरांने लाडू खवावां। लाडूवां साटै म्हे उपवास करावां ॥ २९ ॥ पाछै तो वो करसी सो उणने होय। पिण लाडू खवायां धर्म नहीं कोय ॥ लाडू खवायां तो एकान्ति पाप। श्रीजिन मुखसे भाख्यो छै आप ॥ ३० ॥ श्रावक ने लाडूड़ा खवायां धर्म जो होय। तो एहवो धर्म करै हरकोय ॥ बड़ा बड़ा श्रावक हुवा धनवंत। इम लाडू खवाइने धर्म करंत ॥ ३१ ॥ बड़ा बड़ा सेनापति ताहि। त्यारै हुंती घणी धर्मरी चाहि ॥ खवायां धर्म हुवै तो आघो नाहीं काढ़ता। लाडू खवाई काम सिरारे चाढता ॥ ३२ ॥ जो श्रावक ने लाडू खवायां धर्म। खवावण वाला रै कट जाय कर्म ॥ तो चक्रिवर्त वासुदेव बलदेव। यो तो धर्म करता स्वमेव ॥ ३३ ॥ लाडू खवायां होवै जो धर्म। श्रावक ने लाडू खुवायां कट जाय कर्म ॥ तो च्यारूंही जातिरा देव स्वमेव। एहवो धर्म करै तत खेव ॥ ३४ ॥ जो एहवा धर्म थी शिव सुख होय। तो देवता आघो न काढता कोय ॥ एहवो धर्म करी पूरता मन खांत। देव भवथी पाधरा

माच पोहचंत ॥ ३५ ॥ पिण लाडूडा खवायां तो धर्म छै नाहिं । खाणों खवावणों अव्रत मांहि । इण मांहि धर्म श्रद्धै ते भोला । त्यांरै मोह कर्म नां छैरे झकोला ॥ २६ ॥ लाडू खवायां धर्म नहीं छै भाई । यातो उघाड़ो दीसै चिकलाई योतो लोलपणों जिभ्यारो स्वाद । पिण भारी कर्मां मांडो ए वाद ॥ ३७ ॥ खाणूं खवावणूं त्यागै सोय । जब सातमूं व्रत श्रावक रे होय । जब रुकसी ते आवता कर्म । तेहिज ऊजलो संबर धर्म ॥ ३८ ॥ तीनूं हीं करण जुवा २ कीजे । त्याग अनें आगार ओलखीजे । अव्रत मे पाप जाणि छोडीजे । व्रत में धर्म जाणी व्रत लीजे ॥ ३९ ॥ मानव भवरो लाहोलीजे । दान सुपात्रने निश्चय दीजे धर्म नूं कारज वेगो कीजे । सतपुरुष सेयां वाञ्छित लीजे ॥ ४० ॥ इति ।

॥ भावार्थ ॥

जघन्य मध्यम और उत्कृष्ट ए तीन प्राकार के श्रावक कहे हैं वे श्रावक व्रतमयी रत्नों की खान है, जितने २ त्याग है वो व्रत अमूल्य रत्तन है तथा जो जो आगार रक्खा है और खाते पीते हैं वो सब अव्रत हैं वो रत्न नहीं हैं वो तो निर्मूल्य काच है अपणे पास रखणें से भी काच और निरधन पणाँ है, दूसरे को देने से भी काच और निरधन पणां ही है, जो व्रतमयी रत्न सो अपणें पास में भी रत्न है तथा जिससे सर्व कार्य सिद्ध होते हैं और दूसरे को व्रत कराणे से उसको भी अमूल्य रतन देना है जिससे उसके भी कार्य सिद्ध होते हैं अर्थात् जो

जो त्याग हैं वो धर्म है जो जघन्य श्रावक है उसके अव्रत वहोत हैं उत्कृष्ट श्रावक है उसके अव्रत थोड़ी है अव्रत है सो आस्त्रव द्वार है याने परनाला है जिसमें होके पापमयी पानी आता है उसको बंध करने से चारित्रमयी निज गुणोत्पन होता है, उपवास बेला तेला षट्मास आदि तप करने से खाना पीनादि सावद्य जोग रूकते है वो व्रत सवर है तथा भूख तृषादि समपरिमाणामों से सहन करता है जिससे अशुभ कर्म क्षय होता है सो निरजरा है तप पूरण हुए से जिस २ वस्तुवों का भोगोपभोग करने का आगार है वो भोगता है खाता है पीता है अनेक तरह के सावद्य जोग व्यापार करता है जिससे पाप कर्म लगते हैं वो जीवको दु:खदायी है, पारणा किया सो प्रथम करण दूसरे का पारणा कराया वो दूसरा करण है ऐसे ही अनुमोदना अर्थात् अच्छा जानना सो तीसरा करण है, इनका निर्णय बुद्धि-वान जन सहज में कर सकते हैं विचारणा चाहिये कि प्रथम करण में पाप है तो द्वितीय और तृतीय करण में धर्म कैसे होगा, तात्पर धारणा पारणा करणे वाला सावद्य जोग सेता है और उसकी जिन आज्ञा नहीं है अधर्म है तो धारणा या पारणा कराणे वाले को धर्म किस तरह होगा यदि खिलाने में धर्म है तो खाने मे भी धर्म है जो खाने मे धर्म नहीं है तो फिर खिलाने में भी धर्म नही है क्योंकि अधर्म कराने से धर्म कैसे होगा, इस लिये ही श्रावकको खाना खिलाना अनुमोदना इन तीनूं करणों की श्रीजिनेश्वर की तथा साधू मुनिराजों की आज्ञा नहीं हैं यदि आज्ञा होती तो अब साधू मुनिराज श्रावक के खाना खिलाना और अनुमोदने की आज्ञा क्यों नहीं देते परन्तु शुद्ध निग्रन्थ साधू तो आज्ञा नहीं दे सकते हैं और इस सावद्य कार्य को मन वचन काया करिके अच्छा भी नहीं जानते हैं, जो कोई श्रावक को जिमाने में धर्म जानते हैं वो अज्ञान हैं उनके मोह कर्म की छाक वहोत है इसलिये अनादि कालसे खाना और खिलाने को अच्छा समझ रहे हैं, समदृष्टि मनुष्य के तो खाना और खिलाने का त्याग करणे से

सातमां व्रत होता है, इसलिये सतगुरुवों का कहना है व्रत अव्रतको यथार्थ उलखना करिके अव्रत को छोड व्रत अंगीकार करो अव्रत में अधर्म और व्रत में धर्म समझो ए मनुष्य भव पाने का लाह ल्यो कुगुरुवों को छांडकरि सुगुरुवों को सेवो और सुपात्र दान दो धर्म कार्य जल्द करो जिससे जीवका भला होगा।

॥ इति सप्तम् व्रत भावार्थ ॥

अथ पंद्रह कर्मादान

दोहा--उपभोग परि भोगनूं। सातमूं व्रत प्रधान।
तिण मांही उपदेशिया। पंद्रह कर्मादान ॥ १ ॥

॥ ढाल चाल तेहिज ॥

ईंट लोहाला सोनार ठठारा। भडभूंज्या कुम्भ कार लोहारा। ए कर्म करीने पेट भरीजे। तेह अंगालिक कर्म कहीजे ॥ १ ॥ बेचें साग भात कंदमूल। फल बीजादिक धानने तंदूल। बेचें फूलादिक सर्व बनराई। ते वण कर्म कहीजेरे भाई ॥ २ ॥ बेचें गाडादिक रथ कराई। चोकी पाट पलंग बणाई। किंवाड थंभादिक ते बेचावे। ए तीजो साडी कर्म कहावे ॥ ३ ॥ हाट हवेली भाडे थापे। रोकड नाणूं व्याजें आपे। गाडादिक भाडे दे जेह। भाडी कर्म कहिजे तेह ॥ ४ ॥ बेचें नालेरादिक फोडी। वलि आखरोट सोपारी तोडी। पत्थर फोड दले पीसे धान पांचमूं फोडी कर्मादान ॥ ५ ॥ कस्तूरी केवडा गज

दन्ता । मोती अगर पाप अनन्ता । चर्म हाड सींग जो हार । छट्ठो कर्मादान ए धार ॥ ६ ॥ सातमूं भेद मैण सल आल । बेचै लाख गुली हरिताल । कसूंबादिक रांगण पास । दोष घणो कह्यो जिन तास ॥ ७ ॥ मधु मांस मांखण ने दारू । भाखी विगय कही जिन च्यारू दूध दही घृत तेल गुड़ जाण । आठमूं ए रस बाणिज्य पिछाण ॥ ८ ॥ बेचैं ऊंट गधा बैल गाय । घोड़ा हाथी भैंस मंगाय । ऊन रूई रेशम थान बणाय । केश बाणिज्य ए नवमं थाय ॥ ९ ॥ सींगी मोरोने आफू सार । लीलो थूथो सोमल खार । हरबंसी नर बंसी विणजै । ए दशमूं विष बाणिज्य कहिजै ॥ १० ॥ तिल सरस्यूं प्रमुख पिलावे । इषू रसनां घाण करावे । जन्त पीलण इग्यारमूं कर्म । करतां बधे घणो अधर्म ॥ ११ ॥ कान फड़ावे नाक विंधावे । पापी कसिया बैल करावै । बारमूं कर्मादान निलच्छन । व्रत धारी ने लागी लंछन ॥ १२ ॥ बालै गाम नगर करि लाय । अटव्यादिक में दव दे लगाय ॥ बालै सूरडाने दव आपै । तेरमूं कर्म इसी पर व्यापै ॥ १३ ॥ चवदमूं भांजै नदी द्रह तीर । खेतमांहि आणी घालै नीर ॥ सर द्रह तलाव कूवै सोषंत । एकर्म करी जीव नरक पडन्त ॥ १४ ॥ साधु बिना सघला पोषीजे । पन्नरमूं

असंजती पोष अहिजे ॥ रोजगारले त्यां ऊपर रहवे । खाणूं पीणूं असंजती ने देवे ॥ १५ ॥ ए पन्दरह कर्मादान विस्तार । मर्याद बांधि करे परिहार ॥ ए पन्दरह कह्या सावद्य जोग व्यापार । करे आजीवका चलावण हार ॥ १६ ॥

॥ इति सप्तम् व्रतम् ॥

॥ भावार्थ ॥

उपभोग परिभोग के त्याग करै सो सातमा व्रत कह्या जिसमें पंदरह कर्मादान कहे सो कहते हैं अंगालि कम्मे १ अर्थात् अंगालिक कर्म ईंट कोला कली चूना भट्टी वगैरह में बनाना तथा सोनारका काम ठठेरेका काम भड़भूंजा का काम लोहारका काम तथा कोयला आदि अग्नि द्वारा काम करना उसे अंगालिक कर्म कहते हैं। वणकम्मे २ अर्थात् वनस्पति हरी नीलोती साग पात फल फूल का काम करना तथा वेचना। साडिकम्मे ३ अर्थात् साटी कर्म काष्ट का गाडा रथ चौकी तखते पर्यंक कपाट स्तम्भ आदि लकड़ी की अनेक वस्तुओं को बना बनाके वेचना। भाडी कम्मे ४ अर्थात् भाड़ाकर्म दुकान मकान जमीन गाडा गाडी प्रमुख को भाड़े देना तथा रोकड़ रुपयादि को व्याजू देना। फोडी कम्मे ५ अर्थात् तोड़ने फोड़ने का काम नारेल सोपारी आखरोट पत्थर आदि को तोड़ तोड़के वेचना तथा अनाज को दलना पीसना आदि। दंत वणिज्जे ६ अर्थात् दन्तादि का व्योपार—कस्तूरी केवड़ा गज दन्त मोती चमड़ा हाड़ आदि का व्यापार। लक्ख वाणिज्जे ७ अर्थात् लाख आल मोम लगुली हरिताल आदिका व्यापार। रसवाणिज्जे ८ अर्थात् घृत गुड़ तैल दूध दही तथा मदिरा मांस माखण सैत आदिका व्यापार। केश वाणिज्जे ९ अर्थात् केशोंके निमित्त ऊंट गधा गाय बैल घोडा हाथी आदि का व्यापार। विष वाणिज्जे १० अर्थात् विषका व्या-

पार-सींगी मोरा अमल आक पोस्तडोडी लीलाथूता सोमलखार हरवंसी नरवंसी आदि विषका वाणिज्य। जंत पिलणियां कम्मे ११ अर्थात् जंत्र घाणी कल मशीन आदि में तिल सरसूं प्रमुख को पीलना पिलाना तथा सांठा आदि का घाण कढवाना। निलच्छन कम्मे १२ अर्थात् कान फड़ाना नाक विंधाना तथा बलद प्रमुख को बादी करना। दवग्ग दावणिया कम्मे १३ अर्थात् ग्राम नगर अटवी आदि में अग्नि लगाना सर दह तलाव सोपणियां कम्मे १४ अर्थात् सरद्रह तलाव नदी प्रमुख को बूरना सोषंत करना या नाला मोरी को खोलनादि। असईजण पोष-णियां कम्मे १५ अर्थात् असती जन ते असंजती को पोषणे का काम साधु विना सब को पोषना तथा असंजती जीवों को पोषने के निमित्त रोजगार लेके रहना। उपरोक्त पन्द्रह कर्मादान कहे सो सर्व कर्म बंधन के कारण हैं यह श्रावक को छोड़ने योग्य हैं परन्तु आदरणे योग्य नहीं है गृहस्थ से न छोडे जाय तो इनकी मर्याद करिके उपरान्तके त्याग करै सो व्रत है आगार रक्खा सो अव्रत है जिससे पाप कर्म लगते हैं।

॥ इति सप्तम् व्रत भावार्थम् ॥

॥ अथ अष्टम् अनर्थ दंड परिहार व्रत ॥

॥ दोहा ॥

सातमूं व्रत पूरो थयो। हिव आठमानूं विस्तार
अर्थ अनर्थ ओलखवा भणी। तेहनूं सुणो विचार ॥१॥
सातव्रत आदरतां थकां। बाकी अव्रत रही छे ताय ॥
तिणसे निरन्तर जीवरै। पाप लागी छे आय ॥ २ ॥
तिण अव्रतरा दोय भेद छे। तिणमे एक अनर्थ दण्ड जाण ॥ दूजो अव्रत अर्थ दण्ड तणो। त्यासूं पाप लागे छे आण ॥३॥ अर्थ ते मतलब आपरै। सावद्य

करै विविध प्रकार ॥ अनर्थ ते मतलब विना । पाप करतां डरै न लिगार ॥४॥ पाप करै अर्थ अनर्थ कारणें । त्यांने रूडो रीत पिछाण ॥ अर्थ दंड छोडणुं दोहिलो । पिण अनर्थरा करै पचखाण ॥५॥ अनर्थ डंड तणां भेद अतिघणा । ते पुरा कह्या न जाय ॥ थोडासा प्रगट करूं । ते सुणिजो चित्त लयाय ॥६॥

॥ भावार्थ ॥

अब आठमां व्रतमें अनर्थ दण्डके परिहार करणे की विधि बताते हैं पूर्वोक्त सातव्रत आदरने जो अव्रत रही उसमें जीवके निरन्तर पाप लगते हैं जिसमें एक तो अर्थ दूसरा अनर्थ, अर्थ तो अपने मतलबके लिये और अनर्थ बिना मतलब सावद्य जोग वर्तना, ग्रहस्थसे यदि अपने मतलबके लिये पाप करनेका त्याग न हो सके तो विना मतलब पाप करनेका त्याग तो अवश्य करना चाहिये जिसमें अनर्थ दंडकी अव्रत मिटै, अनर्थ पाप अनेक तरह से होता है परन्तु यहा अलपसा वर्णन करिके कहते हैं ।

॥ ढाल चाल तेहिज ॥

पहिलो भेद कह्यो अपध्यान । तिणथी बांधै अनर्थ खान ॥ बीजो भेद प्रमादज आखै । घृतादि ठाम उघाड़ा राखै ॥ १ ॥ शस्त्र जोड करै बिस्तार । पाप उपदेश देवे विविध प्रकार ॥ ए अनर्थरा करै पचखान । सूधी पालै जिनवर आण ॥ २ ॥ अनर्थ दण्ड किम कहिजे । अर्थ दण्ड सेती उलखीजे ॥

तेहना भेद विविध प्रकार। संक्षेप मात्र करूं विस्तार॥ ३॥ माठा ध्यानरो दोय प्रकार। जे जगमे ध्यावे नरनार॥ आर्त रौद्र ध्यान ध्यावै लोग॥ पामैं विवध हर्ष ने सोग॥४॥ शब्दा-दिक इन्द्रियां नां भोग। तेहनूं वंछे संयोग वियोग॥ रोगादिक लागे अणगमता। भोग भोगवतां लागे गमता॥५॥ इणविधि जीव रचै ने विरचै। आप अर्थ कुटुम्ब ने परिचै॥ ठाकुर चाकर सगा स्नेही। बोहराने धुरया आदि देई॥६॥ जिण सुखिये सुख वेदै आप। तिण दुःखये पामैं सोग संताप॥ ते पिण टालै समता आण। अनर्थ ध्यावारा पचखाण॥७॥ रौद्र ध्यान हिन्सा जी ध्यावै। झूंठ चोरी बंदीखान दिरावै॥ अर्थ करै पिण धूजै तन्न। अनर्थ ध्यान तजै एक मन्न॥८॥ घृतादिक पिण विणज करतां। धूमादिक कारज अण सरतां। इण विधि अर्थ उघाडा राखे रहाई। तिण रा जतन करै चितल्याई॥९॥ प्रमादनै वश आलस आण। उघाड़ा राखण रा पच-खाण। घरटी ऊखल मूसल राखै। म्हारै सरै नहीं इण पाखै॥ १०॥ अनर्थ राखण रा पचखाण। एहवो व्रत करै मन जाण। अर्थे पिण राखन्ता शंकाय अनर्थ पिण नहीं राखै रहाय॥ ११॥ भाई भतीजा

चाकर पेख। त्यांने दे पापरा उपदेश। खेती वाणिज्य सोदा करो भाई। युं बैठो खासो किणगे कमाई ॥ १२ ॥ बुद्धिवन्त नर ज्ञान से देखे। कहितां लागै पाप विसेख। तो अनर्थ कुण घरमे घाले॥ तिण थी कर्मज मैला झाले॥ १३ ॥ जश कीर्ति मान बड़ाई काजै। वलि शरमा शरमी लोकांरी लाजै। वलि घर उदारणारे तांई। हिन्सादि करै ते अर्थ दण्ड मांही ॥ १४ ॥ जिण कर्तव्य कियां करै लोक भण्ड। ते कर्त्तव्य छै अनर्थ दण्ड। छ कंडी राखी ते अर्थ दण्ड मांही। त्यांरे काजै हिन्सादि करै छै ताहि ॥१५ ॥

॥ भावार्थ ॥

आत्मा दो प्रकार से दण्ड पाती है, एक तो अर्थ दूसरा अनर्थ करि के पाप लगता है जिस अनर्थ दण्ड के च्यार भेद हैं—अपध्यान १ हंस-पयाणं २ प्रमाद ३ पाप कर्मका उपदेश ४ ए च्यार प्रकार से जीव दण्डितं होता है, अपने मतलब से करै सो अर्थ दण्ड है और विना मतलब करै वो अनर्थ दण्ड है, अब उपरोक्त च्यारूं भेदों का संक्षेप से वर्णन करते हैं—अपध्यान के दो भेद एक तो आर्तध्यान दूसरा रौद्रध्यान, शब्दादिक पंच इन्द्रियों की तेवीस विषयकी इच्छा करना प्रिय वस्तुवों के संयोग की वान्छा करना और अप्रिय वस्तुवों का वियोग वंछना, निरोग्यता सुख साता से खुशी और सरोग्यता असाता से नाराज होवा सो आर्त्तध्यान है, परजीव की हिन्सा वंछना झूंठ बोलना दूसरेको दुःख देना कैद करनादि वाछे सो रौद्रध्यान है, यह प्रथम भेद कह्या। हिन्सा में प्रवर्त्तना शस्त्र को जोड़ना तीखा करना यह दूसरा भेद है, प्रमाद वश होके घृत के तेल आदिके बरतनों को उघाड़ा रखना जिससे

अनेक जीवों की हिन्सा होय तथा चक्की ऊखल मूसल जन्त्र आदिको देखे विना चलाना सो तीसरा भेद है। और पाप कर्म करने का उपदेश जैसे भाई भतीजा आदि दूसरे को कहना बेठें बैठे क्या करते हो खेती करो कूवा तालाव खोदो वाणिज्य व्यापार करो आदि अनेक तरह से पाप का उपदेश देना ये चौथा भेद जानना। उपरोक्त ये च्यारूं प्रकार से अपने अर्थ करै सो अर्थ दण्ड और विना अर्थ करै सो अनर्थ दण्ड है, अपणी बड़ाई सोभाके निमित्त तथा अभिमान के वश या शरमां शरमी लोकों की लाज से स्वार्थ वश होके उपरोक्त च्यारूं के करने से पाप लगता है परन्तु वो तो अर्थ दण्ड है, विना मतलब वा जिस कर्त्तव्य करने से लौकिक में निन्दा हो सो अनर्थ दण्ड है, इस लिए श्रावक को अनर्थ दण्ड करने का त्याग करना चाहिये तथा अर्थ दण्ड काभी मर्याद उपरात परिहार करना वाजब है, श्रावक अर्थ दण्ड का या अनर्थ दण्ड का त्याग किया सो व्रत है आगार रक्खा सो अव्रत है।

॥ ढाल तेहिज ॥

सुयगडा अंग अध्ययन अठारमां मझार। अनर्थ रा आठ कह्याछै आगार। आरम्भ न्यातील।रै काम। हिन्सा-दिक करै छै ताम ॥ १६ ॥ आघार ते घर हाटादिक काम। परिवारने दास दासी नाम। मंत्री नाग भूत यक्ष देव। त्यांरे निमित हिन्सादि करै स्वमेव ॥ १७॥ यहलोकने परलोक। जीवणूं मर्णूं ने काम भोग। यांरे अर्थ वान्छा किया पाप लागै। अनर्थ किया आठमूं व्रत भागै ॥ १८ ॥ असंयती जीवां रो जीवणूं चावै। असंयती

जीया मे हर्षित थावै। अर्थं बंच्छ्यां तो अर्थं पाप लागै। अनर्थ बंच्छ्यां आठमूं व्रत भागै॥ १९॥ असंयतीरो मरणूं चावै। अथवा त्यांने मारै मरावै। अर्थं मार्यां मरायां पाप लागै। अनर्थ मार्यां मरायां व्रत भागै॥ २०॥ ग्रहस्थि ने काम भोग भोगायवो चावै। अथवा त्यांने काम भोग भोगावै। अर्थं भोगायांथी पाप लागै। अनर्थं भोगावियां व्रत भागै ॥ २१॥ ग्रहस्थि ने उपभोग परिभोग भोगावै। तिण निश्चय पाप कर्म बंधावै अर्थं भोगायां तो अर्थं पाप लागै। अनर्थ भोगायां आठमूं व्रत भागै॥ २२॥ ग्रहस्थिरो काम करै अंश मात। तिणरै निश्चय पाप लागै साचात। अर्थं क्रियां तो अर्थं पाप लागै। अनर्थं क्रिया आठमूं व्रत भागै॥ २३॥ कहि कहि नें कितनूं इक कहुं। अर्थ अनर्थ दण्ड छै बेहु। तिण मे अर्थरी अव्रत राखी छै जांण। अनर्थ दण्ड तणां पचखाण॥ २४॥ याने रूडी रीत पिछाणी लीजे। करण जोग घाली व्रत कीजे। यामें रूडी सैरी तिण मांहि धर्म। कुटो सैरी तेहिज अधर्म॥ २५॥ आठमां व्रतरो वहोत विचार। यो अल्प मात्र कियो विस्तार। हिव नवमूं व्रत कहुं छूं ताय। सांभलज्यो भवियण चितल्याय ॥ २६॥ इति।

॥ भावार्थ ॥

सुयगड़ा अङ्ग सूत्र में अनर्थ दण्ड के आठ प्रकार के आगार श्रावक के कहा है—आयहिउवा १ अर्थात् अपणी आत्मा के हेतु, नाए.उवा २ अर्थात् न्यातीलों के हेतु, आघारे हेउवा ३ अर्थात् अपणों घरके हेतु, परिवारे हेउवा ४ अर्थात् परिवार पुत्र पौत्रादि तथा दास दासी के हेतु, मित्तहेउवा ५ अर्थात् मन्त्री के हेतु, नाग हेउवा ६ अर्थात् नाग देवता के हेतु, भूए हेउवा ७ अर्थात् भूत के हेतु, जख्ख हेउवा ८ अर्थात् यक्ष के हेतु, ये आठ प्रकार के आगार उपरांत श्रावक के अनर्थ दण्ड के त्याग हैं सो आठमां व्रत है, व्रत है सो ही धर्म है, आगार रख्या सो अव्रत है अपणी कचाई है, किन्तु अपणा आत्मा के निमित्त यावत् यक्ष निमित्त जो जो हिन्सादि करता हैं उस में धर्म नही है, इहलोक परलोक जिवितव्य मरण काम भोग इन पाचूं की वन्छनां अपणें मतलव के लिए करने से पाप लगता है और विना मतलव किये आठमां व्रत का भङ्ग होता है, ऐसे ही असंयती जंग्वों का जीवणा मरना अपणें अर्थ के लिये वांछने से पाप कर्म का वन्ध होता है और विना अर्थ वाछने से अष्टम व्रत खण्ड होता है, गृहस्थि को काम भोग भोगने की इच्छा अपणें स्वार्थ के लिए करे या भोगावे तो पाप, विना स्वार्थ गृहस्थि को काम भोग भोगावै तो आठमा व्रत का भङ्ग, तात्पर गृहस्थि का अंश मात्र काम करना कराना अनुमोदना इन तीनूं करणों में पाप है श्रावक करता कराता है :सो धर्म नही है सासारिक व्यवहार है। धर्म तो वोही है कि जितने २ त्याग हैं। स्वामी भीखनजी कहते है कि अव कहि कहके कितना कहूं अर्थ और अनर्थ इन दो प्रकारों से पाप लागता है इस लिए श्रावक के अनर्थ पाप करने का त्याग आठमा व्रत में है, इस आठमा व्रत को अच्छी तरह समझ के यथाशक्ति करण योग युक्ति त्याग करना चाहिए जिसमें अपना व्रत भंग न हो जो सेरी रुकी है सो धर्म है नहीं रुकी वो अधर्म है ॥ इति ॥

———

॥ अथ नवमां व्रत ॥

॥ दोहा ॥

पांच अणूँ व्रत पालतां । गुण व्रत देश कहाय । शिखा व्रत च्यारूं चोकडी । कहै उपमा ल्याय ॥ १ ॥ जिम देवल कलशी चढै । मुकुट मस्तक अंत । इम समदृष्टि जीवड़ा, शिखा व्रत पालंत ॥ २ ॥ व्रत आठूं पहिली कह्या, जाव जीव लग जाण । शिखा व्रत च्यारूं तणां विविध पणें पचखाण ॥ ३ ॥ सामायक मुहूर्त एक नौं, जो करै चित ल्याय । देशावगासी व्रतना, जेम करै तिम थाय ॥ ४ ॥ पोसो हुवै दिन रातरो, ध्यावै निरमल ध्यान । बारमूं व्रत शुद्ध साधुने, प्रतिलाभ्यां थी जान ॥ ५ ॥

॥ भावार्थ ॥

पांच अणू व्रत अर्थात् महाव्रतों से छोटे, तीन गुण व्रत याने पंच अणूं व्रतों को गुण दायक ए आठ व्रत तो कहे अब इन व्रतों के शिखा समान च्यार शिखा व्रत कहते हैं, जैसे मन्दिर के कलशा और मस्तक के मुकुट है वैसे ही आठूं व्रतों के ये च्यार व्रत है, पहले व्रत से आठमां व्रत तक के त्याग तो जावज्जीव पर्य्यंत होते है किञ्चित् काल के नहीं होते और इन च्यारूं व्रतों में प्रथम व्रत तो एक महूरत का हैं, दूसरा जितना काल के करें उतनां हीं काल का होता है, तीसरा दिवस रात्रि प्रमाण होता है, और चौथा शिखा व्रत शुद्ध साधू मुनिराजो को निर्दोष आहार पानी आदि चवदह प्रकार का दान देने से होता है, जिस में प्रथम शिखा व्रत कहते हैं।

॥ ढाल ॥

(मम करो काया माया कारमी ॥ एदेशी ॥)

सामायिक समता पणे। सावद्य जोग पचखाणजी। काल थकी महूरत एकनी। दुविहं तिविहेणं जाण जी॥ शिखाजी व्रत आराधिए॥ १॥ उत्कृष्टै भांगे करी। तीन करण तीन जोगजी॥ ग्रहवासतणी वार्ता तणो। न करै हर्ष ने सोगजी॥ शि॥ २॥ उपगरण सामायक करता राखिया॥ तिण उपरान्त किया पचखाणजी॥ राख्याते अव्रत परिभोगरी। तिणरो पाप निरन्तर जाणजी॥ शि०॥ ३॥ जे उपगरण सामायो मे राखिया। त्यांरो पिण करै प्रमाणजी॥ बाकी तीन करण तीन जोगसूं। पांचूंही आस्रवना पचखाणजी॥ शि॥४॥ ते उपग्रण पहरै ओडै वावरै। बिछावणादिक करै बारंबार जी। ते शरीर री साता कारणे। ते तो सावद्य योग व्यापार जी॥ शि०॥५॥ वलि गहणां आभरण कने रह्या॥ ते पिण् अव्रतमे जाणजी॥ तिणरो पाप निरन्तर जीवरै। सामायिक मे पिण लागैछै आण जी॥ शि०॥ ६॥ ते गहणां आभ्रणरा जतन करै। त्यांसे राजी हुवै तिणवार जी आघा पाछा समारै तिण अवसरै। सावद्य 'जोग व्यापारजी ॥ शि०॥ ७॥ उपग्रण गहणां कने

राखिया । ते तो नही आवै समाईरै कामजो ॥ काम तो आवै परिभोगमें । सुखसाता शोभादिक तामजो ॥ शि० ॥ ८ ॥ सामाई री दीधी जिन आगन्या । ते समाई छे संवर धर्म जी ॥ उपग्रण गहणां परिभोगव्यां। तिणसे तो लागे छे पापकर्म जी ॥ शि० ॥ ६ ॥ समाई मे श्रावक री आतमां । अधिकरण कही जिन रायजी ॥ भगवतीरे शतक सातमे । पहिला उद्देशा रे मांयजो ॥ शि० ॥ १० ॥ अधिकरण ते शस्त्र छ:कायनो । तिणरो साथरो करे अंशमात जी ॥ तिणरी सार संभार जतन करै । ते सावद्य जोग साक्षतजी ॥ शि० ॥ ११ ॥ कपड़ो ओडै पहरै बावरै । वलि वैयावच करै तायजो ॥ तिण अधि- करण ने सातरो कियो । तिणरी आज्ञा नही दे जिन रायजी ॥ शि० ॥ १२ ॥ अंश मात्र शरीर रो कारज करै । ते तो सावद्य जोग छे तायजी । तिणसु पाप लागेछे जीवरै । तिणरी आज्ञा नहीं देवै जिन- रायजी ॥ शि० ॥ १३ ॥ हालवो चालवो शरीर रो । सुख साता काज करै जाण जी ॥ ते सावद्य जोग श्रीजिन कह्या । तिणसूं पापकर्म लागै छे आण जी ॥ शि० ॥ १४ ॥ जिन कर्त्तव्य कियां जिन आज्ञा नही । ते सावद्य जोग साक्षात जी ॥ जिण कर्तव्य

कियां छे जिन आज्ञा। ते निरवद्य योग्य विख्यात जी ॥ शि० ॥ १५ ॥ उपग्रण गहणा शरीर ना। जतन करै समाई मझारजी ॥ त्याने जिन आज्ञा नहीं सर्वथा। ते सावद्य जोग तणा व्यापार जी ॥ शि० ॥ १६ ॥ कानै राख्या त्यांरा जतन करै। यो राख्यो समाईमे आगार जी ॥ समाई करतां जे नही राखिया। त्यांरा जतन नही करै लिगार जी ॥ शि० ॥ १७ ॥ श्रावक रा उपग्रण अव्रत मझै। कह्या उववाई ने सुयगड़ा अङ्गजी ॥ त्यांने सेवै सेवावै ते सावद्य जोग छे। तिणरी आज्ञा नही दे जिनरङ्ग जी ॥ शि० ॥ १८ ॥

॥ भावार्थ ॥

सामायिक अर्थात् याने समभाव रखना समता रखना उसको सामाई कहते हैं एक महूरत तक सावद्य जोगके त्याग करें जघन्य दो करण तीन जोगमें उत्कृष्ट तीन करण तीन जोगसे जानना, सामाइक में ग्रहस्थाश्रमकी वातें निन्दा विकथादि नही करना और जो कपड़ा आदि उपग्रण सामाई मे रक्खे हैं वो अव्रत है आगार उपरान्त सावद्य जोगके त्याग किये हैं सो सामाइक है जिसमें श्रावकके सवर होता है व की जो जो उपग्रण तथा गहणां रक्खा है सो सावद्य जोग है जिसमें पाप कर्म निरन्तर लगता है क्यों के जो कपडा तथा गहणा आदि आगार रक्खा है सो अव्रत हैं उपग्रणोंकी सार संभार करता है बिछावणादि वार वार करता है सो शरीरकी साता के लिये हैं उसमें सामाइक पुष्ट नही होती इसलिये सावद्य जोग व्यापार है, गहणा कपड़ादि जो रक्खा है वो सामाइकके काम नही आते हैं वोतो परिभोग

के काम आते हैं अथवा अपणी शोभा के निमित्त पहरते ओढ़ते हैं, सामइक की श्रीजिनेश्वरदेवों की आज्ञा है किन्तु उपग्रण कर्ने रक्खा उसकी आज्ञा नहीं है इसलिये उन्हें परिभोगव्यां पापकर्म लगता है, श्रीभगवती सूत्रके सातमा शतक पहला उद्देशामें सामाइक मे श्रावक की आतमा अधिकरण कही है और अधिकरण है सो छःकाय जावोंका शस्त्र है तो शस्त्रकी सार संभार करेसो निरवद्य जोग कैसे हो सकते हैं वो तो सावद्य जोगही है इसलिए जिन आज्ञा नहीं है, तात्पर जिस कर्त्तव्य में जिन आज्ञा है निरवद्य जोग है और जिस कर्त्तव्य में जिन आज्ञा नहीं है सो सावद्य जोग है।

कोई कहै सामाइक कीधी तेहने। सावद्य जोग पचखाणजी ॥ तिणरै पापरो आगार किहांथी रह्यो। कोई एहवी पूछा करै आणजी ॥ शि० ॥ १६ ॥ तेहने जवाब इम दीजिए। सर्व सावद्यरा नहीं पचखाणजी ॥ सर्व सावद्यरो त्याग साधां तणे। तेहनो करो पिछाणजी ॥ शि० ॥ २० ॥ छः भागा समाई मे पचखिया। तिणरै तीन भांगारो आगार जी ॥ तिणरै पाप लागैछै निरन्तरै। एहवा सावद्य जोग व्यापार जी ॥ शि० ॥ २१ ॥ तिणरै पुत्रादिक हुआं हर्ष हुवै। मूवां गयां होवै सोगजी ॥ इत्यादि आगार सामयिक मझै। एहवा सामयिक मे सावद्य योगजी ॥ शि० ॥ २२ ॥ गहणा कपड़ा राख्या तेहना जतन करै समाई रे मांयजी ॥ ते पिण सावद्य योग छे। तिणरो आज्ञा न देवै जिनरायजी ॥ शि० ॥

२३ ॥ शरीर कपड़ादिक तेहना । जतन करै सामायिक मांयजी । लाय चोरादिकरा भय थकी । एकान्त स्थानक जयणा से जाय जी ॥ शि० ॥ २४ ॥ ते पिण सावद्य योग छे । आगार सेंयो समाईरै मांहिजी ॥ सामायिकम समता राखणी । चित न चलावणु ताहिजी ॥ शि० ॥ २५ ॥ लाय सर्पादिक करा भयथकी । जयणासूं निसर जाय भागजी ॥ पाखती मनुष्य बैठा हुवै । त्यांने तो नहीं ले जावै बाहरजी ॥शि०॥ २६ ॥ आपरो तो आगार राखियो । औरां रो नहीं छे आगारजी । औरां नैं त्याग्या समाई मझे । त्यांने किण विधि ले जावै बाहरजी ॥शि०॥ ॥ २७ ॥ लाय चोरादिक रा भय थकी । राख्या ते द्रव्य ले जाय जी ॥ पाखती कपड़ादिक हुवै घणा । त्याने तो बाहर न ले जावै तायजी ॥ शि० ॥ २८ ॥ राख्या ते द्रव्य ले जावतां । समाई रो भङ्ग न थाय जी ॥ त्याग्या छे त्याने ले जावतां । समाई रो व्रत भाग जायजी ॥ शि० ॥ २९ ॥ तिणसूं सर्व सावद्य जोगरा । समाईमें नहीं पचखाणजी ॥ आगार उपरान्त सावद्य जोगरा । पचखाण किया छे पिछाणजी ॥ शि० ३० ॥ तिणसूं त्याग किया तिके । ते सावद्य जोगरा पचखाणजी ॥ त्याग नहीं सर्व सावद्य जोगरा ।

ते तो मारग साधु तणो जाणजो ॥ शि० ३१ ॥

॥ भावार्थ ॥

सामायिक में सावद्य जोग के त्याग हैं सो सर्वतं नहीं है देशतः है, तब कोई कहै समायिक पचखते वक्त सावद्य जोग के त्याग करते हैं उस वक्त कौनसा पाप करण का आगार है एसा कहै उन्हे जवाब देना चाहिए कि साधके तो 'सवं सावज्झ जोगं पचख्खामि" ऐसा पाठ है और श्रावक के सामायिक में "सावज्झं जोगं पचख्खामि" ऐसा पाठ कहा है तो खुलासा मालूम होगया कि श्रावक के सामायिक में सर्व सावद्य जोग के त्याग नहीं है तथा छः भांगासे सामाइक करनेसे तीन भागे आगार रहा सो सावद्य है उनका पाप अव्रत का निरन्तर जीवके सामाइक में लागता है अर्थात् अनुमोदनेका मन वचन काया आगार है, पुत्रादि होनेकी खबर सुनके हर्ष और मरनेकी वा खोये गये की सुनके सोग आता है और जो गहना कपडा सामाइक में पहनाहुआ है वो परिभोग है उसे भोगता है सो अव्रत सेता है तथा उनकी सार संभार करता है वोभी सावद्यही जोग है, शरीरका यतन करता है लाय चोर आदिका भयसे जयणायुत एक स्थानसे दूसरे स्थान जाता है सो ग्रहस्थके जाने आनेकी जिन आज्ञा नहीं है इत्यादि अनेक कार्य जो जो जिन आज्ञा बाहरका कार्य सामाइक में करता कराता है सो सव सावद्य जोग है जिसमें पाप कर्म लगता है, लाय चोर सर्पादिकके भयसे सामायिक में एक जगह से दूसरी जगह में जाता है जिसमें सामाइक का तो भंग नहीं होता क्योंके यह आगार रक्खा हुआ है परन्तु सावद्य जोग है सो तो पाप लगता है, पास में और दूसरे बैठे हुए हैं उनको बाहर लेजाना आगार नहीं है इसलिए उनको बाहर नहीं लेजा सक्ता, जो जो कपडादि उपग्रण आगार रक्खा है उन्हेंही लेजाता है पास में अपने कपड़े आदि अनेक वस्तु पडी है लेकिन वो आगार नहीं इसलिए उन्हें नहीं लेता है, जो आगार रक्खा है उनहीं की सार

संभार करना है इसवास्ते श्रावक के सर्वतः सावद्य जोगोंके त्याग सामायिक में नही है।

॥ ढाल तेहिज ॥

उपग्रण राख्या सामाई मझे। तेतो पहिले करण लिया जाणजी ॥ ते ओरां ने भोगवासो किण विधे। ओरांरातो किया पचखाणजी ॥ शि ॥ ३२॥ द्रव्य थकी लिण उपरान्तरा । सगलारा किया पचखाणजी ॥ खेत्र थी सर्व क्षेत्र मझै। काल थी महूरत एक जाणजी ॥ शि ॥ ३३ ॥ भाव थकी राग द्वेष रहित छे। जब संवर निरजरा गुण थायजी ॥ इणरीते समाई ओलखी करे। जब सामाइक हुवै तायजी ॥ शि ॥ ३४ ॥ अवर सघला ने त्याग दिया। त्यांसू करे संभोगजी ॥ तिणसूं भागे समाई व्रत तेहनूं। इणरा वर्‍यां छे सावद्य जोगजी ॥ शि ॥ ३५ ॥ कोइ सामाई मे सामाई तणूं। कारज करणूं राख्यो छे आगारजी ॥ तिणरो कार्य कियां समाई भागे नही। तिणरो पिण करै विचारजी ॥ शि ॥ ३६ ॥ समाई मे मांडो मांहि कारज करे। तेतो सूत्र मे नही छे तायजी ॥ ते निश्चय थापणी आवे नही। ज्ञानी वदे ते सत्य वायजी ॥ शि ॥ ३७ ॥ कोई कहे समाई में राखी पूंजणी।

राखीते दयारै कामजी ॥ तिणरो अन्नाव सूणू विवरा सुद्ध । चित्त राखी एकांत ठामजी ॥ शि ॥ ३८ ॥ शरीरादि पूंजे समाई मभे । मात्रादि परठै पूंजजी ॥ एहवा कार्यरी जिन आज्ञा नही । तिणमें छकै कहै ते अबूझजी ॥ शि ॥ ३९ ॥ शरीर पूंजे परठै मात्रो । ए शरीरादिकराछैकाजजी ॥ जो धर्म तणु कारज हुवे । तो आज्ञा देवै जिन राजजो ॥ शि ४० ॥ जो पूंजणुं परठणुं करै नहीं । कायस्थिर राखे एक ठामजी ॥ हस्तादिक विना हलावियां । रहणो नही आवैछै तामजी ॥ शि ॥ ४१ ॥ वले अ-बाधा बडी नीतरी खमणी न आवे छै तामजी । तिणसूं पूंजे छै जायगा जोयने, ते समाई तणूं नही कामजी ॥ शि ॥ ४२ ॥ माखी माछर कीडी आदि दे । ते तो लागी छै शरीररै आयजी । ते खमणी न आवे तेहथी । तिणसूं पूंज परठा करै तायजी ॥ शि ॥ ४३ ॥ जो काया स्थिर राखै एक आशयें । तिणरे पूंजणीरो कांईकामजी ॥ परिषह खमणी नही आवै तेहसे । पूंजणी राखी छै तामजी ॥ शि ॥ ४४ ॥ जो इतनी कह्यां समझ पडै नही । तो राखणी जिन प्रतीतजी ॥ जिन आज्ञा बाहर धर्म श्रद्धने । नहीं करणी एहवी अनीतजी ॥ शि ॥ ४५ ॥ शरीर

उपग्रगारा जाबता । क्रियां सावद्य जोग व्यापारजी ॥ जे शरीरसूं निरबद्य कर्तव्य करै तिणने जिन आज्ञा दे श्रीकारजी शि ॥४६॥ इति ॥

॥ भावार्थ ॥

सामाइक में जो उपग्रण रखा है सो प्रथम करण परिभोगने को रखा है वो दूसरे को कैसे भोगावै दूसरेको भोगानेका तो त्याग है इस लिए सामायिक पचखने समय कहता है द्रव्य थकी नो जो कर्ने रखा सो द्रव्य उपरान्त त्याग क्षेत्र थकी सर्व क्षेत्रो में यह त्याग है अर्थात् किसी जगह भी आगार नहीं, काल थको एक महूरत लग, भावथी रागद्वेष रहित है तब संवर निरजरा मयी गुण निपजता है, इस तरह सामाथिक को पहचान के सामायिक करणें से सामायिक होती है, त्यागे हुएसे संभोग करने से सामायिक व्रत भंग होता है इसवास्ते जो कार्य आगार नही रखा है उन्हें नहीं करना चाहिए, कितनेक सामाइक में सामाइक वालेका कार्य करना आगार रखके कार्य करते हैं तो उनकी सामायिक नहीं भागती है परन्तु उसका भी प्रमाण करना अवश्य है, सामायिक में दूसरे सामायिक वाले का काय करना आगार रखे सो सूत्रों में नही कहा है इसमें इस बोलकी स्थाप नहीं की जाती इसमें निश्चय ज्ञानी कहै सो सत्य है, कोई कहै दया पालनेके निमित्त समाई में पूंजनीरखते हैं सो पूजनी रखने में धर्म है ऐसी कहै जिसका जबाव यह है कि पूंजणो रखते हैं सो अव्रत में है अपना शरीर स्थिर नही रह सका चञ्चलता के कारण हाथ पग हलाता है तथा एक जगहसे दूसरी जगह अंधेरे में जाना आता है वा मख्खी मच्छर आदि शरीर पै बैठते हैं तो उनको जयणासे पूंजनां कीडी कुंथुवादि जीवों की अनुकम्पा लाके उन्है नही मारना यह जो दया भाव है सो निरबद्य है किन्तु पूंजणो रखी सो निरबद्यजोग नहीं है अव्रतास्त्रव है सावद्य योग जिन आज्ञा बाहर है, मक्खी मच्छर आदि

शरीर के चटके देवे यो परिषह खमना परन्तु खमें नही आते तब पूंजणी से उन्हें दूर करता है यहतो प्रत्यक्ष अपनी कचाई है जो अपनी काया एक आसन स्थिर रखें तो पूंजणी की क्या जरूरत है इस लिये पूंजणी रखता है सो शरीरके काम आती है लेकिन सामायिक के काम नहीं आती इसलिए सावद्य जोग है स्वामी श्रीभीखनजी कहते हैं कि इतनी कहें भी समझ नहीं पडे तो श्रीजिनेश्वरोंकी प्रतीत रखना चाहिए समझना चाहिए कि जिस कार्यकी जिन आज्ञा है सो कार्य करते कराते अनुमोदते धर्म है ओर जिस कार्य की जिन आज्ञा नहीं है उसे करते कराते अनुमोदते धर्म नहीं है ॥ इति ॥

॥ अथ दशमू देशावगासी व्रतम् ॥

॥ दोहा ॥

दशमूं देशावगासी व्रत छै। तिणरा भेद अनेक ॥ थोड़ासा प्रगट कहूं। ते सुणजो आण बिवेक ॥१॥

॥ ढाल मम करो काया माया कारमी ॥

॥ दोहा ॥

देशावगासी व्रतनां। भांगा हुवे विविध दोयजी ॥ पहलो छै छट्टा नोपरे। दूजो सातमां ज्यूं होयजी ॥ सिखाजी व्रत आराधिये ॥ १ ॥ दिन प्रते प्रभात थी। छहुं दिशिरो कियो प्रमाण जी ॥ मर्यादा कीधी

तिण बारली। पांचूं हीं आस्रवनां पचखाणजी ॥ सि ॥ २ ॥ जे भूमिका राखी छै मोकली। तिण मांहि द्रव्यादिकनो व्यापारजी ॥ मर्यादा शक्ति सारू करै भोगादिक करै परिहारजी ॥ सि ॥ ३ ॥ कालथी दिवसने रातनूं। भावथी विवध प्रकारजी ॥ करण जोग घालै तेतला। जेतला करै परिहारजी ॥ सि ॥ ४ ॥ वलि जघन्य नवकारसी आदिदे। उतकृष्टो घाले काल कोयजी ॥ मर्यादा सुं त्यागे सावज्झ भणी। जिम करै तिमि होयजी ॥ सि ॥ ॥ ५ ॥ कोई करै छै त्याग हिंसा तणु। तिण में कालरो करै प्रमाणजी ॥ ते त्याग पूरा हुवां तेहने। आगे तो नहिं पचखाणजी ॥ सि ॥ ६ ॥ हिंसा झूंठ चोरी मैथुन नूं। वलि पांचलूं परिग्रह जाणजी ॥ एह पांचूं ही आस्रव द्वारनुं। काल घालिनें करै पचखाणजी ॥ सि ॥ ७ ॥ प्रमाण करै छब्बीस बोलनूं। पंदरा कर्मादान तणूं प्रमाणजी ॥ वलि सचितादि चवदह नियमनूं। यांरा नित्य नित्य करै पचखाणजी ॥ सि ॥ ॥ ८ ॥ नवकारसी पोहरसी पुरमुढ। येकाशणों आंबलादिक तासजी ॥ उपवास बेलादिक तप करै। उत्कृष्टो करै छमासजी ॥ सि ॥ ९ ॥ तपतणूं कष्ट हुवे तिको। ते

करणो निरजरा तणो जाणजो ॥ खावा पीवाणो व्रत हुओ तिका। ते दशमूं व्रत हुवे आणजो ॥ सि ॥ १० ॥ जे जे सावद्य त्यागे तेहमें। कालरो करै प्रमाणजो ॥ तेह दशमूं व्रत नीपजै। इणमें जावज्जीवरा नहीं पचखाणजो ॥ सि ॥ ११ ॥

॥ भावार्थ ॥

अब दशमां देशावकासी व्रत कहते हैं—अर्थात् कालका प्रमाण करिके त्याग करै वो दशमां व्रत है यह दो भांगोंसे होता है प्रथमां भांगे तो छट्ठाव्रत सम, और द्वितीया भागे सातमां व्रत सम है, जिसका भेद विवध प्रकार से जानना जिसमें इहां संक्षेपमात्रसे वर्णन करते हैं द्रव्यतः दिवश प्रते प्रभात से छहुदिशोका प्रमाण करके मर्यादा उपरांत पांच आस्रवद्वार सेने सेवानेका पचखाण करना, जितनी भूमि रखी उसमें भी यथाशक्ति द्रव्यादिक की मर्यादा उपरान्त विषय भोगादि का त्याग, कालथकी दिवस रात्रि प्रमाण, रागद्वेष रहित उपयोग सहित अनेक प्रकार अर्थात् इच्छा प्रमाण करण योग से, और गुणथकी संवर निरजरा ; पुनः जघन्य नवकारसी अर्थात् एक महूरत तक और उत्कृष्ट जितना काल तक करै उतनाही काल तक सावद्य जोगोंके त्याग और हिन्सादि पंच आस्रवद्वार के त्याग जैसे जैसे करै उसही तरह से दशमाव्रत होता है यह प्रथम भांगा कह्या; दूसरे उलणिया विहं आदि छवीस बोल, इंगालिक कर्म आदि पंदरह कर्मादान, और सचितादि चवदह नियम की मर्यादा उपरान्त जितने कालतक के त्याग करैं सो दशमाव्रत है, नवकारसी पहोरसी पुरमुढ अर्थात् डेढ पोहरसी, एकाशणा उपवास बेला तेला आदि छमासी तप श्रावक करै सो दशमां व्रत है, तप करते कष्ट सहन करैं जिसमें निरजरा होती है और सावद्य जोगोंके त्यागने से श्रावकके संवर होता है सो दशमां व्रत संवर

है, तात्पर्य इसमें जावज्जीवके पचखाण नहीं है, कालकी मर्याद रखके जो जो त्याग किये सो व्रत हैं आगार रक्खा उसे सेता सेवाता और अनुमोदता है सो अव्रत हैं जिससे पाप कर्मोपार्जन होता है।

॥ अथ इग्यारमां व्रत ॥

॥ दोहा ॥

श्रावकरो व्रत ग्यारमूं। पोषध कह्यो भगवान॥ सिखा व्रत रलियामणों। हिवे सुणूं सुरत दे कान ॥ १ ॥

॥ ढाल देशी तेहिज ॥

हिवे पोषध व्रत रलियामणूं। पचखे चिहुं विधि आहारजी॥ अवम्भ मणी सुव्रण तजे। माला वणग विलेवण परिहारजी॥ सिखाजी व्रत आराधिए ॥ १ ॥ शस्त्र मूशलादिक आदि दे सावज्झ जोग तणा पचखाणजी॥ कालथी दिवसने रातनूं। एक पोसा तणूं प्रमाणजी ॥ सि ॥ २ ॥ जघन्य दोय करण तीन जोगसूं। करै सावज्झ जोग पचखाणजी॥ कोई उत्कृष्ट भांगे करै। तीन करण तीन जोगसे जांणजी ॥ सि ॥ ३ ॥ द्रव्यथी कनैं तिण उपरांतरा

किया सर्व द्रवांरा पचखाणजी ॥ खेत्रथी सर्व खेतां मझे । कालथी दिवसने रात्रिरा जाणजी ॥ सि ॥४॥ भावथी रागद्वेष रहित करे । बलि चोखे चित्त उपयोग सहितजी ॥ जब कर्म रुके छे आवता । बलि निरजरा हुवे रूडी रीतजी ॥ सि ॥ ५ ॥ उपग्रण पोसामे राखिया । तिण उपरान्त किया पचखाणजी ॥ राख्या ते अव्रत परिभोगरी । तिणरो पाप निरन्तर लागे छे आणजी ॥ सि ॥ ६ ॥ पोसाने सामाइक व्रतनां । सरिषां छे पचखाणजी ॥ सामाइक तो महूरत एकनी । पोषो दिवस रातरो जाणजी ॥ सि ॥ ७ ॥ पोषाने सामाइक व्रतमें । यां दोयांमे सरिषो छे आगारजी ॥ ते कह्या छे सघलाही अव्रत महो ते जोय करो निस्तारजी ॥ सि ॥ ८ ॥ जब कोई कहै पोषध व्रतमे । मणी सुव्रणादि पचखाणजी ॥ तिणसूं मणी सुव्रणादि कनें राखियां पोषो भाग गयो जाणजी ॥ सि ॥ ९ ॥ पोसा मांहि कनें राखीया । मणी सुव्रणादिक जाणजी ॥ तिण उपरान्त राखणरा पचखाण छे ॥ तसुं उत्तर यह पिछाणजी ॥ सि ॥ १० ॥ उमुक कहितां मूंकी दिया । त्यां मणी सुव्रणरा पचखाणजी ॥ कनें रह्या त्यांरी अव्रत रही । भगवती सूं करिजो पिछाणजी ॥ सि ॥ ११ ॥ जो

मणी सुत्रणरा जावक पचखाण हुवे। तो उ-
मुकरो पाठ कहता नांहिजी ॥ ओतो निर्णय उघाडो
दीसी गयो। विचार देखो मन मांहिजी ॥ सि ॥ १२ ॥
श्रेणिकने कृष्णजीरी राणियां। इत्यादिक राणियां अनेक
जी ॥ त्यां पोषा किया दिसे गहणां थका। समजो
आण विवेक जी ॥ सि ॥ १३ ॥ त्यांरी चूड़ामे हीरा
पन्ना जड़्या। वली दांतांमें जाणिजे मेखजी ॥ और
गहणां त्यांरे पहरणे। तां उतारया न दीसि छे एक
जी ॥ सि० ॥ १४ ॥ भारी भारी जुहार चूड्या जड्या।
वलि भारी भारी गहणां हाथ गला मांहिजी ॥ ते सघ-
लाही किम उतारसी। येतो मिलतो न दीसे छे न्याय
जी ॥ सि ॥ १५ ॥ त्यां कीधी समाई संध्याकालरी।
समाई कीधी रात प्रभातजी ॥ ते खिण २ में किम
उतारसी। या पिण मिलती न दीसे बात जी ॥ सि
॥ १६ ॥ सामाईमें गहणां नहिं राखणा। तो चूड़ां
नहीं राखणो तायजी ॥ गहणांनें चूड़ां तो एकही
जछे। दोनूं ही आभूषण म्हांय जी ॥ १७ ॥
सामाईने पोसा तणो। दोयां री विधि जाणिजो एक
जी ॥ रीत दोयांरी बरोबरी। समझो आणि विवेक
जी ॥ सि ॥ १८ ॥

॥ भावार्थ ॥

अब इग्यारमां पोषध अर्थात् धर्म पुष्टी रूप व्रत कहते हैं जिसमें इस माफिक त्याग होते हैं।

१ असाण (आहार) पाण (पाणी) खादिम (मेवादिक) स्वादिम (पान सुपारी लवंगादि) के त्याग।

२ अवम्भ अर्थात् अब्रह्मचर्य ते मैथुन के त्याग।

३ उमक मणीं सुव्रण अर्थात् रत्नादिक वा सुवर्णादिक वोसराये हुए के त्याग।

४ माला अर्थात् पुष्पमाला फूल आदि के त्याग।

५ वणग अर्थात् गुलाल अबीर रङ्ग आदि के त्याग।

६ विलेपन अर्थात् केशर चन्दन आदि का विलेपन करने का त्याग

७ सथ मूशलादि सावज्झ जोग अर्थात् शस्त्र मूशल आदि सावद्य जोग वर्तने का त्याग।

उपरोक्त सात प्रकार के त्याग किये जाते हैं सो खेत्र थी सर्व खेत्रों में, कालथी अहोरात्री प्रमाण, दोय करण तीन जोगों से वा तीन करण तीन जोगों से, भावथी राग द्वेष रहित गुणथी संवर निरजरा, इस प्रकार अपने पास में ज्यो वस्त्र वा गहणा आदि द्रव्य पोसा पचखते वक्त रक्खा हैं उन द्रव्यों उपरांत सावद्य जोग सेना सेवाना का त्याग होता है, जो उगरण कने रक्खे वो अव्रत में है जिससे परिभोग की अव्रत पोसा में निरंतर लगती है, पोसा और सामाईक के आगार एकसा है आगार उपरांत त्यांग किये सो सामाईक का नवमां व्रत एक महूरत का है और पोसा इग्यारमां व्रत रात्रि दिन का है, जव कोई ऐसा कहे कि पोसा अङ्गीकार करता है तव सुव्रणादि तथा मणीरतनादि का पचखाण करता है इसलिये पोसा में गहना नहीं रखना चाहिये जिसका जवाव यह है कि पोषध व्रत मे उमक मणी सुव्रण के त्याग है अर्थात् मूंके हुए मणी सुव्रण रखणे के त्याग हैं अपने पास में गहनो पहरा हुआ है वो तो आगार है इस वास्ते त्याग भंग नही होता, आगले

जमाने मे भी कृष्ण जी और श्रेणिक राजा की राणियों ने पोषह किये हैं उनकी चूडियों मे तथा आभूषणों में अनेक बहु मूल्य रतन जड़े हुए थे परन्तु चूडियां उतार कर पोषध किया ऐसा अधिकार कहीं भी सूत्रों में आया नही तथा सामाईक व्रत करते वक्त भी पहने हुए आभूषणो का आगार है सो अव्रत आस्रव द्वार है परन्तु त्यागों का भङ्ग नही होता यदि आभूषण रखणे से सामइक और पोषध व्रत का भङ्ग होय तो फिर किञ्चित मात्र भी सुवर्ण अथवा रतन जडित आभूषण नही रखना चाहिये स्त्री जाति के सामाइक और पोषध में चूडियां तो अवश्य ही रहती है, किसी स्त्रीने संध्या समय वा अर्द्ध रात्री समय सामाइक करी तो वेर वेर में चूडियां कैसे खोलेगी चूडियां खोल के सामाइक करै ये न्याय तो मिलता नहीं इसलिये स्पष्ट ही मालूम हो गया कि मणी सुवर्णादिका सर्वथा प्रकार त्याग नही है और जो सामाइक की विधि है वोही पोषध की विधि है।

॥ ढाल तेहिज

यह लोकरै अर्थ करै नहीं। न करै खावा पीवारै हेतजी ॥ लोभ लालच हेतु करै नही। परलोक हेत न करै तेथजी ॥ सि ॥ १९ ॥ संवर निरजरा हेतै करै। और बंछा नहिं कांयजी ॥ शुध परिणामां पोसो करै। ते भावथकी शुद्ध थायजी ॥ सि ॥ २० ॥ कोई लाडूआं साटै पोसो करै। कोई परिग्रहो लेवा करै तामजी ॥ कोई और द्रव्य लेवा पोसो करै। ते कहवा नें पोसो छै नामजी ॥ सि० ॥ २१ ॥ ते तो अरथी छै एकान्त पेट रो। ते मजूरिया तणी छै पातजी ॥

त्यांरा जीवरी कारज सरै नहीं । उलटी घाली गला मांहि रांतजी ॥ सि ॥ २२ ॥ लाडूआं साटै पोसा करावसी । अथवा धन देई तामजी ।। ते कहि-वानें पोसो कराविया । पिण संवर निरजरा नूं नहीं कामजी ।। सि० ॥ २३ ॥ कर्म काटण करैं मजूरिया । त्यांरा घट मांहि घोर अज्ञानजी ।। लाडू खवाय पोसा करावणूं । ये तो कठे ही न कह्यो भगवानजी ॥ सि० ॥ २४ ॥ करम काटण करै मजूरिया । त्यांरा घट मांहि घोर अंधारजी ॥ पइसा देईने पोसा करावणां । ते नहिं चाल्या सूत्र मभारजी ॥ सि० ॥ २५ ॥ मजूरिया करै खेती निदाणवा । मजूरिया करै घर करावा कामजी ॥ कड़ब काटण करै मजूरिया । कर्म काटण नहिं चाल्या तामजी ॥ सि० ॥ २६ ॥ खेत खड़वा नें चालया मजूरिया । वलि भार लेजावण कामजी ।। धान खांडण करै मजूरिया । कर्म काटण नें नहिं चालया तामजी ॥ सि० ॥ २७ ॥ विरक्त होय काम भोगथी । त्यांने त्याग्या छै शुद्ध प्रणामजी ।। मुक्तिरै हेतु पोसो करै । ते असल पोसो कह्यो स्वामजी ॥ सि ॥ २८ ॥ इण विधि पोसो किया थकां । सोभसी आतम कार्यजी ॥ कर्म रुकसी ने वलि

टूटसी। इम भाषियो श्री जिनरायजी ॥ सि ॥ २९ ॥
इति ॥

॥ भावार्थ ॥

पोषध यह लोक के लिये परलोक के लिये अर्थात् परलोक में सुखों की बांछा निमित्त और खाने पीने के लिये तथा किसी प्रकार का लाभ लालच के निमित्त नहीं करना चाहिये, एकान्त संवर निरजरा के निमित्त पोषध व्रत करने से भाव पोसा होता है, यदि किसी ने लाडू खाने के या पारिग्रह लेने के निमित्त पोषध किया तो वो सिर्फ नाम मात्र पोसा है, लाडू खाने के निमित्त पोसा किया सो तो पेटार्थी है उन्हें मजदूरों की पंक्ति में जानना उनका कार्य सिद्ध नहीं होता है उन्हों के तो अशुभ कर्म का बंध होता है, इस ही तरह किसी ने लाडू खवा के या धन देके पोसा कराया तो वो नाम मात्र पोसा कराया जानना ऐसे पोसा कराने से संवर निरजरा कदापि नहीं होता है और दूसरों का माल लाडू आदि मिष्टान खाके जो मजदूर पोसा करते हैं उनके हृदय में घोर अज्ञान है क्योंके उन्हों ने तो सिर्फ खाने के निमित्त पोसा किया है वो लोग यह नहीं जानते कि पोसा क्या है और कैसे होता है, कर्म काटणे के निमित्त मजदूरों से पोसा कराना ऐसा कही भी भगवान ने नही कहा है पैसा देके मजदूरों से पोसा कराना और पैसा लेके पोसा करना ऐसा अधिकार किसी भी सूत्र में नहीं है परन्तु भोले लोक कुगुरुओंके उपदेश से जिमा के या पैसा देके पोसा कराते हैं वो अपनी मान बड़ाई और जशो कीर्त्ति के कामी हैं, खिलाने और धन देने से धर्म कदापि नही होता है यदि ऐसे पोसा हो तो चौथे आरे में तो धनाढ्य श्रावक बहोत थे किन्तु किसी ने भी इस तरह मजदूरों से पोसा कराया नहीं, और जो श्रावक है वो तो इस तरह पोसा करता नहीं, कर्म काटणे के मजदूर तो कहीं सुने नहीं, अलवत्ता खेती करने को निश्राण करणे को बोझ भार उठाणे को फ़ज्ब

काटणे अदि कार्य करणे को तो मजदूर हैं परन्तु कर्म काटणे के मजदूर तो नहीं होते यतो प्रत्यक्ष दिखलाई है, इस तरह पोसा नहीं होता है, होता है सिर्फ वैराग्य भाव लाके काम भोगों से विरक्त होनेसे और यथार्थ श्रद्धावन्त होने से तब ही आतम कार्य की सिद्धि होती है, श्रावक के पोसा करने से आवते कर्म रुकते हैं और अशुभ कर्म क्षय होके जीव निरमल होता है उसही का नाम पोसा होता है उसही का नाम पोसा है बाकी लोभ लालच के निमित्त पोसा करने कराने से धर्म कदापि नहीं होता है, तात्पर्य पौषध लेते वक्त जो जो सावद्य जोगों के त्याग किया है वो इग्यारमां व्रत है सो ही श्रावक धर्म है और जो जो आगार रक्खा है वो अव्रत आस्रव है अव्रत सेने सेवाने और अनुमोदने में एकान्त पाप है ॥ इति ॥

अथद्वादशम् अतिथि संविभाग व्रतम्

दोहा ।

अतिथि संविभाग चौथो शिखा । ते बारमूं व्रत रसाल ॥ श्रमण निर्ग्रंथ अणगार ने । दान देवै दृग चाल ॥१॥ ते फासू अचितने सूझतो । कल्पे ते द्रव्य अनेक ॥ कल्पेते खेत्र काल मे दान दे आणि विवेक ॥२॥ जो उ दान दे मुक्ति ने कारणे । और वंछा नहिं कांय ॥ जब निपजै व्रत बारमूं । इम भाख्यो जिन-राय ॥ ३ ॥ इग्यारा व्रत वश आपरै । प्रति लाभ्यां से थाय ॥ ४ ॥ लाखां कोडां खरचिया । जीव अनन्तो वार ॥ पिण दान सुपात्र दोहिलो । ते जीव तणों

आधार ॥ ५ ॥ ए व्रत निपावा कारणे । उद्यम करै नितनेम ॥ भावे साधांरी भावना । हाथें दान देवा सूं पेम ॥ ६ ॥ आलस छोडणूं किण विधे । किण विध देणूं दान ॥ उद्यम करणों किण विधे । ते सुणों सूरत दे कान ॥ ७ ॥

॥ भावार्थ ॥

चौथा शिखाव्रत क्या है और कैसे होता है सो कहते है। इस का नाम अतिथि संविभाग है अर्थात् अतिथि को संविभाग देना परन्तु वो अतिथि कैसे होना चाहिये कि जिन्होंको देनेसे वारमा व्रत निष्पन्न हो सो कहते हैं, "समण निग्रंथ अणगार ने दान देवे दगचाल अर्थात् श्रमण तप संयम मे श्रम करैं, ग्रंथ कहिये परिग्रह ते धन धान्यादि नहि रखने वाले, और अणगार कहिये घर रहित ऐसे साधू महात्मावों को प्रासूक अचित निरदोष आहार पानी काम भोगों की अभिलाषा रहित एकान्त मुक्ति की आशासे देनेसे श्रावक के वारमां व्रत निपजता है। इग्यारा व्रत निपजाना तो अपनी हाथ की वात है जी चाहे जब निपजा सकता है परन्तु वारमाव्रत तो शुद्ध साधू मुनिराज का संयोग मिलने से और आहार पानी आदिकी शुद्ध जोगवाई होने से होता है, लाखों क्रोडों का खरच और संसारिक दान तो यह जीव अनन्ती वार किया है परन्तु सुपात्र दान देना महा दुर्लभ है सुपात्र दान से ही वारमाव्रत होता हैं इसलिये श्रावकको इस व्रत निपजाने का उद्यम करना अत्यावश्यक है हमेशा मुनिराजों की भावना दिलमें रखना और शुद्ध योगवाई मिलने से स्वहस्त द्वारा दान देना श्रावकों का कर्त्तव्य है ; आलश्य तजके किस प्रकार दान देणा और इसका उधम कैसे करना सो कहते हैं।

ढाल जीवमोह अनुकम्पा न आणिये

॥ एदेशी ॥

बारमूं व्रत छे श्रावक तणूं। तिणरो सांभल जो विस्तारजी॥ समण निग्रन्थ अणगारनें। देवो चिहूं विध शुद्ध आहारजी॥ इम व्रत निपजावे बारमूं॥ १॥ वले वस्त्र पात्र ने काम्बलो। पाय पूछणूं देवे एमजी॥ पीठ फलग सेझा नें सांथारो। देवे ओषध भेषज जेमजी॥ इम॥ २॥ इत्यादिक वस्तु कल्पै तिका। साधां नें दोधां हर्षित होयजी॥ जाणें धन दीहाड़ो धन घड़ी। बारमूं व्रत नीपनूं सोयजी॥ इम॥ ३॥ करे चिन्तवनां साधां तणी। परम देखे शुद्ध आहारजी॥ वलि भांणे वेठ भावे भावनां। व्रत धारीरो यो आचारजी॥ इम॥ ४॥ साधु आय ऊभा देखे आंगणें। विकसे सघली रोम-रायजी॥ असणादिक देवे भावसूं। घणुं मन रलियायत थाय जी॥ इम॥ ५॥ काचा पाणी सूं थाली धोवे नहीं। वले सचित न राखे पासजी॥ संघटे नहिं बैसे सचितरे। व्रत निपजावणरो हुल्लासजी॥ इम॥ ६॥ कांई काम पड़े आय सचितरो। जब पिण समता राखे विख्यातजी॥ दिश अवलोक्यां

विण साधुरी । नहिं घाले सचित में हाथ जो ॥ इम ॥ ७ ॥ कल्पै ते वस्तु पड़ी असूझती । कदे सहजें सूझती होय जी ॥ तो खप करि राखे सूझती । सचित ऊपर न मेलै कोयजी ॥ इम ॥ ८ ॥ जे जे द्रव्य जाणे छे सूझता । कल्पै ते साधूनें जाणजी ॥ तिणरी भावे निरन्तर भावना । एहवा श्रावक चतुर सुजाणजी ॥ इम ॥ ९ ॥ चित्त वित्त पात्र तीनूं तणुं । कदे आय मिलै संजोगजी ॥ जब अडलक दान दे हाथ सूं । पछे न करै पिछतावो सोगजी ॥ इम ॥ १० ॥ जे जे व्रत धारी श्रावक हुवै । ते जीमतां न जडै किमाड़ जी ॥ उववाई नें सुयगड़ा अङ्ग में । त्यांरा चाल्या उघाड़ा द्वारजी ॥ इम ॥ ११ ॥ सहिभैं उघाड़ा हुवै बारणा । जब राखे उघाड़ा तांमजी ॥ नहिं जड़ै उघाड़ा बारणा । साधां नें दान देवा कामजी ॥ इम ॥ १२ ॥ और भेष उघाड़ मांहि धसै । साधू न आवै खोल किंवार जी । तिण सूं व्रत धारी श्रावक हुवै । ते तो राखे उघाड़ा द्वारजी इम ॥ १३ ॥ सहजे आया छै घर आपणे । नीपनूं देखि शुद्ध आहारजी ॥ जब काल जाणैं गौचरी तणुं । तो वो बाट जोवै तिण वारजी ॥ इम ॥१४॥

॥ भावार्थ ॥

बारवांव्रत श्रावक का है वो कसे निपजता है सो कहते हैं —

श्रमण निग्रन्थ श्रणगार को असाण १ पाण २ खादिम३ स्वादिम ४ वस्त्र ५ पात्र ६ काम्बला ७ पंद पूंछणा ८ पीढ ९ फलग १० सेज्भा ११ संथारो १२ औषध १३ भेषज १४ इत्यादिक कल्पती वस्तु अर्थात् जो साधू को लेने जोग दोषरहित हो सो देने से बारमां व्रत निपजता है, उपरोक्त प्रासूक वस्तुवों को देके श्रावक अत्यन्त हर्षाय मान होय, विचारे कि आज का दिन और घड़ी धन्य है ऐसे सत्पुरुषों की योगवाई मिलने से मेरे बारमा व्रत हुआ, तथा जब अपने घरमें सूभता असनादि देखें तब अथवा जीमते वक्त साधू मुनिराज की भावना भावे आहार पानी आदि जो जो वस्तु साधुवों को कल्पती है उन्हें सूभनी देखे तब विचार करे कि इस वक्त यदि मुनिराजों का योग मिले तो स्वहस्त सें दान दूं तब मनका मनोरथ फलै, जीमने को बैठे तो एक दम मुख में नघालै साधुओं की राह देखे, जीमते समय सचित पानी से थाली न धोवै सचितका संघट्टा न रखे कदा उसही वक्त साधू पधार जाय तो हर्ष सहित व्रत निपजावे, साधुवों को वस्तु कल्पे सो असूभनी पड़ी होय तो वो साधुवों के लिये सूभती न करैं यदि स्वतःहो सूभती हो तब उसे सूभती रखें और उन वस्तुवों को साधू को वहराने की भावना निरंतर रखें योग मिलने से अढलक दान अर्थात जितनी वावना साधू को हो वो हर्ष सहित भरपूर देवैं, और व्रतधारी श्रावक हो वो जीमते समय द्वार के कपाट न जडें उववाई सूत्र में श्रावकों के उघाडे द्वार कहे हैं क्योंकि द्वार बंध होय तो द्वार खोलके साधू अन्दर नहीं आते हैं दूसरे भेष वाले तो द्वार खोल के अन्दर भी आहार लेनेको आ जाते हैं परन्तु साधू मुनिराज तो कपाट खोलते जडते नहीं इसलिये श्रावकों के उघाड़े द्वार कहे हैं यदि जडे हुए किवाड हो तो उन्हें साधुवों के निमित्त न खोलें अपने कार्य के निमित्त खुले तब उन्हें न जुडें और साधू मुनिराजों की भावना रखें ये व्रतधारी का आचार है।

॥ ढाल तेहिज ॥

ज्यांरे हूंसघणी छै मांहिली। पोते स्वहाथ देवा दानजी ॥ त्यांरा हृदय मे साधू बसरह्या। ते किण विध सूंके ध्यानजी ॥ इम ॥ १५ ॥ अशणादिक थाली में लोधांपछै। तुरत घाले नहिं मुख म्हांयजी ॥ दिशि अवलोके भावे भावना। जाणे साधु पधारै आयजी ॥ इम ॥१६॥ इण विधि भावना भावतां थकां। मिलै सतगुरूनों जोग वाईजी, तो उ दान दे उलट परिणामसूं। चूकै नहिं अवसर पाईजी ॥ इम॥१७॥ शक्तिसारु दान दे साधुने। पिण न करै कूड़ी मनवारजी। ठालो बादल ज्यूं गाजै नहीं। सांचै मन बोलै शुद्ध विचारजी ॥ इम ॥ १८ ॥ अडलक दान देई साधुने। पोमावै नहिं औरां पासजी ॥ गिरवो गम्भीर रहै सदा त्यांने वीर वखाण्यां तासजी ॥ इम ॥ १९ ॥ अडलक दान देणुं पातरै। नहिं जिण तिणने आसानजी ॥ दान देवारो ध्यान रहै सदा। एहवा विरलाछै बुद्धिवानजी ॥ इम ॥ २० ॥ आछी वस्तु गोप राखै नहीं। न आणें लोलपणों ने लोभजी ॥ गमती वस्तु देवै साधु ने। पिण कूड़ी न साधै सोभजी ॥ इम ॥ २१ ॥ आप खावें ते अबूतमें गिणें।

तिणसूं बंधता जाणे पाप कर्म जी॥ दान सुपात्र ने दिया। जाणे संवर निरजरा धर्मजी॥ इम ॥ २२ ॥ सुपात्र दान देवै तिण अवसरै। लेखो न करै मन म्हांयजी॥ लेखो कियांसूं तो लोभ उपजै। अडलक दान दियो नहिं जायजी॥ इम ॥ २३ ॥ लाडू घोवणादिक बहिरायतां। राखै एक धारा परिणामजी॥ व्रतधारी आघो काडै नहिं। छड़ी जोगवाई पामजी॥ इम ॥ २४ ॥ कदा बहरियां बिन पाछा फिरै। कांई आय पड्यां अन्तरायजी॥ जब पछतावो किया पुन्य बन्धे। बलि कर्म निर्जरा थायजी॥ इम॥ २५ ॥ पिछतावो कियां ही पुन्य बन्धे। तो बहिरायां हुवे लाभ अनन्तजी॥ उत्कृष्टो तीर्थंकर पद लहै। इम भाष गया भगवन्तजी॥ इम ॥ २६ ॥ सूझती वस्तु न करै असूझती। तेतो दान देवारै कामजी॥ असूझती न करै सूझती॥ बहिरावणरा आणि परिणामजी॥ इम॥ २७ ॥ जाणिने न देवै असूझतो। कारड़ो पिण बणियां कामजी॥ निर्दोष दीधी वस्तु हाथसूं। पाछी लेवारी नहिं हामजी॥ इम ॥ २८ ॥

॥ भावार्थ ॥

जिन्होंकि मुनिराज को स्वहस्तद्वारा दान देनेकी हूंस अर्थात् हर्षाभिलाषा है उन्हों के हृदय में हमेशा साधू वस रहे हैं वोह ध्यान उनके

